3 राजधानी
आरोपियों को दी जाए फांसीः केजरीवाल

6 अभिमत
नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

11 विदेश
चीन में थीम पार्क में आग लगने से 13 लोगों की मौत

12 विविध
रणधीर कपूर ने खोले स्मृतियों के झरोखे

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 327
नई दिल्ली, शनिवार, 3 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

आईपीएल में 194 मैच खेलने वाले पहले क्रिकेटर बने धोनी

स्पोर्ट्स-10

हाथरस गैंगरेप कांड पर योगी सरकार का बड़ा एक्शन

एसपी सहित पांच पुलिस वाले सस्पेंड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- वादी और प्रतिवादी सहित घटना से जुड़े सभी पुलिस अधिकारियों का नार्को टेस्ट भी कराने के आदेश
- शामली के एसपी विनीत जयसवाल को हाथरस का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया

हाथरस गैंगरेप कांड में उठे देश व्यापी तूफान और विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की देर रात दोषी अफसरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पूरे मामले की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने हाथरस के एसपी विक्रांत वीर समेत पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जाने के निर्देश दिये हैं। इस बीच रायबरेली के अपर पुलिस अधीक्षक रहे नित्यानंद राय को शामली का पुलिस अधीक्षक बनाया गया।

एसपी के अलावा जिन अन्य को निलंबित किया गया है उनमें तत्कालीन क्षेत्राधिकारी राम शब्द, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक जगवीर सिंह एवं हेड मोहर्रिर महेश पाल हैं। इसके साथ ही सीएम योगी ने मामले के वादी और प्रतिवादी सहित घटना से जुड़े सभी पुलिस अधिकारियों का नार्को पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराने के आदेश दिये हैं। शामली के एसपी विनीत जयसवाल को हाथरस का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। गैंगरेप केस में पीड़िता की मौत के बाद जबरन उसका दाह संस्कार कर देने की घटना से पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। घटना को लेकर पिछले तीन दिन से देश भर में विरोध प्रदर्शन हो रहा था। मुख्यमंत्री ने पहले ही इस मामले में एसआईटी का गठन करके एक हफ्ते में पूरी रिपोर्ट मांगी है। इस टीम में एक दलित और एक महिला अधिकारी को भी शामिल किया गया है। लेकिन इस टीम की रिपोर्ट आने से पहले ही प्राथमिक जांच के आधार पर सीएम योगी ने एसपी, डीएसपी और इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही जांच में शामिल पुलिसवालों और कुछ अन्य का नार्को टेस्ट भी कराया जाएगा।

विदित हो कि गैंगरेप केस में पीड़िता की मौत के बाद जबरन उसका दाह संस्कार कर देने की घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। घटना को लेकर पिछले तीन दिन से देश भर में विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने पहले ही इस मामले में एसआईटी का गठन करके एक हफ्ते में पूरी रिपोर्ट मांगी है। इस टीम में एक दलित और एक महिला अधिकारी को भी शामिल किया गया है लेकिन इस टीम की अंतिम रिपोर्ट आने से पहले ही प्राथमिक जांच के आधार पर सीएम योगी ने दोषियों के खिलाफकार्रवाई का सिलसिला शुरू कर दिया है। अगले कुछ दिनों में अन्य लोगों के खिलाफकार्रवाई होने की संभावना है। विदित हो कि 14 सितंबर को हाथरस जिले में गांव चंदपा की दलित युवती अपनी मां के साथ खेत पर गई थी तभी सासनी निवासी एक युवक ने उस पर जानलेवा हमला किया था। युवती ने सीओ सादाबाद को दिए बयान में तीन और युवक के नाम बताए थे, जिसके बाद पुलिस ने केस में गैंग रेप की धारा बढ़ा दी थी। इस मामले में पुलिस चारों आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

हालांकि पुलिस और प्रशासन पर पूरे प्रकरण में कई आरोप लग रहे हैं। दलित युवती के साथ हुई हैवानियत के बाद वह कई दिनों तक बेहोश रही। तबीयत बिगड़ने पर उसे दिल्ली के एक अस्पताल में लाया गया जहां इलाज के दौरान ही युवती की मंगलवार को मौत हो गई थी। पुलिस की मौजूदगी में युवती का शव लेकर परिजन हाथरस अपने गांव पहुंचे। आरोप है कि गांव में प्रशासन ने परिजनों को सूचित किए बगैर ही पुलिस की पहरेदारी में पीड़िता का अंतिम संस्कार कर दिया। इसको लेकर पुलिस और प्रशासन सवालों के घेरे में है।

माताओ-बहनों को नुकसान पहुंचाने वालों का समूल नाश होगाः मुख्यमंत्री

लखनऊ। महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध और हाथरस कांड में पुलिस और प्रशासन के रवैये पर उठ रहे सवालों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होने कहा कि माताओं-बहनों के सम्मान-स्वाभिमान को क्षति पहुंचाने का विचार मात्र रखने वालों का समूल नाश सुनिश्चित है। इन्हें ऐसा दंड दिया जाएगा जो उदाहरण प्रस्तुत करेगा। सीएम योगी ने ट्वीट किया कि प्रदेश में माताओं-बहनों के सम्मान-स्वाभिमान को क्षति पहुंचाने का विचार मात्र रखने वालों का समूल नाश सुनिश्चित है। इन्हें ऐसा दंड मिलेगा जो भविष्य में उदाहरण प्रस्तुत करेगा। आपकी उत्तर प्रदेश सरकार प्रत्येक माता-बहन की सुरक्षा व विकास हेतु संकल्पबद्ध है।

किला बना हाथरस, परिंदा भी नहीं मार सकता पर

- तृणमूल नेताओं से पुलिस वालों की धक्का मुक्की, मीडिया को पास फटकने की इजाजत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पुलिस ने शुक्रवार को हाथरस में पूरी तरह से किलेबंदी कर दी। गैंगरेप पीड़िता के परिवार से मिलने पहुंचे तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को रोक दिया गया तथा उससे धक्का-मुक्की की गई। गांव में घुसने से रोकने के लिए मीडियाकर्मियों के साथ भी बदसलूकी की गई। बताया जाता है कि पीड़िता के चचेरे भाई ने कुछ मीडिया कर्मियों को बताया कि उसके चाचा की पुलिसकर्मियों ने पिटाई की तथा उनसे मीडिया से बातचीत न करने को कहा गया। इत्तफाक से जिलाधिकारी को परिवार के सदस्यों को धमकी देते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है।

अधिकारियों के कथित निर्देश पर परिवार के सभी सदस्यों के फोन स्विच ऑफ कर दिए गए हैं। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को हाथरस जाने से रोक दिया गया था। यहीं व्यवहार तृणणूल के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन और उनके पार्टी की दो महिला सांसदों के साथ किया गया। तीनों नेता हाथरस पहुंचने में सफल हो गए लेकिन उन्हें गांव में घुसने की अनुमति नहीं दी गई। पुलिस बल प्रयोग कर उन्हें गांव में घुसने से रोक दिया और इस धक्कामुक्की में ओ ब्रायन जमीन पर गिर गए।

तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने हाथरस में कथित सामूहिक बलात्कार पीड़िता के परिवार के सदस्यों से मिलने से उसके नेताओं को रोक दिया। पार्टी ने एक बयान जारी करके कहा कि पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के प्रतिनिधि मंडल को पीड़िता के घर से करीब 1.5 किलोमीटर दूरी पर रोक दिया। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने तृणमूल के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को हाथरस में प्रवेश करने से रोक दिया। प्रतिनिधिमंडल दिल्ली से करीब 200 किलोमीटर की यात्रा कर वहां पहुंचा था। तृणमूल के सांसद शोक संतप्त परिवार के प्रति एकजुटता और सहानुभूति व्यक्त करने के लिए हाथरस के गांव जा रहे थे। हाथरस के एसडीएम (सदर), प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि एसआईटी टीम गांव (शेष पेज 9)

जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन केजरीवाल भी हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यूपी के हाथरस कथित गैंग रेप का गुस्सा अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक पहुंच गया है। इंसाफ की मांग को लेकर वामपंथी दल, भीम आर्मी और छात्र संगठनों के सदस्य जंतर मंतर में प्रदर्शन योगी सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सीएम अरविंद केजरीवाल भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से देषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की। साथ ही यह भी कहा सजा इतनी कठोर होने चाहिए कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी बेटी के साथ ऐसी हिम्मत नहीं कर सके। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर भी शामिल थी।

बाल्मिकि मंदिर में प्रियंका की प्रार्थना, राहुल का ट्वीट वार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा हाथरस के सामूहिक बलात्कार मामले की पीड़िता के लिए यहां शुक्रवार को वाल्मीकि मंदिर में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुईं और कहा कि इस लड़की को न्याय दिलाने के लिए सभी आवाज उठाएं। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सच छिपाने के लिए उत्तर प्रदेश का प्रशासन 'दरिंदगी' पर उतर आया है। उन्होंने ट्वीट (शेष पेज 9)

उमा भारती की योगी से अपीलः विपक्ष को पीड़िता के परिजनों से मिलने दें

नई दिल्ली(भाषा)। भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने शुक्रवार को कहा कि हाथरस की घटना में उत्तर प्रदेश पुलिस की संदिग्ध कार्वाई के कारण भाजपा, राज्य सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने योगी से अनुरोध किया कि मीडियाकर्मियों तथा नेताओं को पीड़िता के परिवार से मिलने दिया जाए। कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद उमा भारती को ऋषिकेश के एम्स में भर्ती करवाया गया (शेष पेज 9)

बाजार

सेंसेक्स	38,697	
निफ्टी	11,416	
सोना	51,389	/10g
चांदी	61,423	/kg

क्विक न्यूज

राम मंदिर के लिए धन संग्रह पर दिल्ली में संतों की बैठक होगी

प्रयागराज। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को यहां बताया कि अयोध्या मे भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए धन कहां से आए, इस संबंध मे विचार के लिए दिल्ली मे 10-11 नवंबर को संतो की बैठक बुलाई गई है। यहां विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय मे संवाददाताओ को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि एक संत का कहना है कि 11 करोड़ परिवारो से संपर्क स्थापित किया जाए। आगामी बैठक मे इस विचार पर चर्चा की जाएगी। उन्होने कहा कि देश के हजारो साधु संतो की राम मंदिर आंदोलन मे भागीदारी रही है। सभी संत पांच अगस्त को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मे नही आ सको जिन्हे नही बुलाया गया, वे नाराज है। दिल्ली की बैठक मे 300 प्रमुख संतो को बुलाने का विचार है। वहां उनकी नाराजगी दूर हो जाएगी। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि अयोध्या मे राम मंदिर का निर्माण तीन वर्ष मे पूरा होने की उम्मीद है। मंदिर का निर्माण तीन एकड़ मे किया जाएगा और मंदिर के चारो ओर जो परकोटा बनेगा, वह लगभग पांच एकड़ जमीन को कवर करेगा।

केपीसीएल ऊर्जा संयंत्र में आग लगने से 15 झुलसे

बेंगलुरु। एलहांका मे स्थित कर्नाटक ऊर्जा निगम लिमिटेड (केपीसीएल) की ऊर्जा उत्पादन इकाई मे शुक्रवार की सुबह तेल फैल जाने के कारण लगी आग मे करीब 15 लोग झुलस गए जिनमे दो की हालत गंभीर है। यह जानकारी केपीसीएल ने दी। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि सभी 15 लोगो को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। केपीसीएल ने कहा, आग मे दो कर्मचारी ज्यादा झुलस गए है जबकि शेष कर्मचारी मामूली रूप से जख्मी हुए है...किसी के हताहत होने की सूचना नही है। केपीसीएल के मुताबिक भारत हेवी इलेक्ट्रिक्ल्स लिमिटेड को परियोजना के निर्माण और पायलट परीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है जो अब पूरा होने के करीब है। कंपनी ने कहा कि वलीनिक्ल परीक्षण पूरा होने पर परियोजना को आगे संचालन और देखरेख के लिए निगम को सौपा जाना था। केपीसीएल ने कहा कि दो अक्टूबर को परीक्षण के दौरान बियरिंग मे तेल फैल जाने के कारण आग लग गई। आग पर काबू पा लिया गया और स्थिति को नियंत्रित किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जैसा कि बताया जा रहा था यह विस्फोट नही था बल्कि आग लगने की घटना थी जो ऊर्जा संयंत्र मे तेल के लीकेज के कारण हुई। संयंत्र के अंदर दमकलकर्मियो ने आग पर काबू पाया।

कोविड-19 ने एक लाख से अधिक लोगों को निगला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश में कोरोना वायरस से मौतों का आंकड़ा शुक्रवार को 1 लाख को पार कर गया। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 81,484 नए मामले सामने आने के बाद शुक्रवार को देश में संक्रमितों की कुल संख्या 64 लाख से अधिक हो गई।

वहीं, 53 लाख से अधिक लोग संक्रमण से स्वस्थ हो चुके हैं जिससे मरीजों के ठीक होने की दर 83.70 प्रतिशत हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोविड-19 के अभी तक 63,94,068 मामले सामने आए है। वहीं, पिछले 24 घंटे में 1,095 लोगों की मौत हो गई। आंकड़ों के अनुसार अभी तक कुल 53,52,078 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। वहीं, देश में अभी 9,42,217 मरीजों का कोरोना वायरस का इलाज जारी है, जो कुल मामलों का 14.74 प्रतिशत है। कोरोना वायरस से मृत्यु दर 1.56 प्रतिशत है।

भारत में कोविड-19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख के पार, 23 अगस्त को 30 लाख के पार, पांच सितम्बर को 40 लाख के पार, 16 सितंबर को 50 लाख के पार और 28 सितंबर को 60 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में एक अक्टूबर तक कुल 7,67,17,728 नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 10,97,947 नमूनों की जांच बृहस्पतिवार को की गई। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 1,095 लोगों की मौत हुई, उनमें से सबसे अधिक 394 लोग महाराष्ट्र के थे।

इसके अलावा कर्नाटक के 130, उत्तर प्रदेश के 80, तमिलनाडु के 66, पश्चिम बंगाल के 59, पंजाब के 45, आंध्र प्रदेश के 41, दिल्ली के 40 और छत्तीसगढ़ तथा केरल के 29-29 लोग थे।

ट्रम्प-मेलानिया भी कोरोना वायरस से संक्रमित

वाशिंगटन(भाषा)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रम्प के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। ट्रम्प ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प ने ट्वीट किया, आज रात, मेलानिया और मेरे कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। हम तत्काल पृथक-वास और उपचार की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। हम इसका एकसाथ सामना करेंगे।

ट्रम्प के डॉक्टर सीन कॉनली ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम उन्हें उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई। कॉनली ने कहा, राष्ट्रपति और प्रथम महिला दोनों अभी स्वस्थ हैं और इलाज के दौरान उन्होंने व्हाइट हाउस में अपने घर में रहने का ही फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं और व्हाइट हाउस का चिकित्सकीय दल उन पर नजर बनाए है।

मैं हमारे देश के चिकित्सा पेशेवरों और संस्थानों द्वारा प्रदान किए गए समर्थन की सराहना करता हूं। डॉक्टर ने कहा, आश्वस्त रहें, मुझे उम्मीद है कि उपचार के दौरान राष्ट्रपति बिना किसी व्यवधान के अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते रहेंगे। मैं आपको इस संबंध में जानकारी देता रहूंगा। इससे कुछ ही घंटे पहले ट्रम्प ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर बताया था कि उनकी करीबी सहयोगी होम हिक्स के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, और इसके बाद उन्होंने (ट्रम्प ने) खुद को पृथक कर लिया है।

राष्ट्रपति ने तब बताया था कि उन्होंने और प्रथम महिला मेलानिया ने भी कोविड-19 की जांच कराई है और उसकी रिपोर्ट का उन्हें इंतजार है। ट्रम्प ने तब ट्वीट किया था, होप हिक्स, जो बड़ी मेहनत से काम कर रही थीं, उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने (शेष पेज 9)

करण जौहर के वीडियो पर जांच की आंच, रडार पर बड़े सितारे

पायनियर समाचार सेवा। मुम्बई

सुशांत की फाइल फोटो

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग केस में अब कई बड़े सितारे फंसते नजर आ रहे हैं। एनसीबी करण जौहर के घर पिछले साल हुई पार्टी की उस वायरल वीडियो की जांच कर सकती है जिसमें दीपिका पादुकोण, रणवीर कपूर, शाहिद कपूर जैसे स्टार अभिनेता दिखाई दे रहे हैं।

आरोप है कि इस पार्टी में ड्रग का सेवन किया गया था। खास यह कि एनसीबी वीडियो में दिख रहे सभी लोगों को पूछताछ के लिए समन भेज सकती है। वीडियो की फॉरेंसिक जांच कराए जाने की भी संभावना है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) में चल रही सुगबुगाहट से यह साफ है कि फिल्म निर्माता करण जौहर के उपर से भी अभी खतरा टला नहीं है, क्योंकि एनसीबी सूत्रों का स्पष्ट कहना है कि करण जौहर के घर हुई पार्टी के वीडियो में नजर आ रहे बॉलीवुड सितारों को जल्द ही जांच के दायरे में लाया जा सकता है।

इस वीडियो में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, मलाइका अरोड़ा, अभिनेता विकी कौशल, शाहिद कपूर, रणबीर कपूर, अर्जुन कपूर, जोया अख्तर, वरुण धवन और कई अन्य अस्त-व्यस्त हालत में बैठे दिखाई दे रहे थे। ड्रग मामले में (शेष पेज 9)

महागठबंधन में सीटों को लेकर कांग्रेस-राजद में बन गई बात

बिहार विस चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है, लेकिन हाथरस की घटना के विरोध-प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की व्यस्तता के कारण अभी इसकी घोषणा नहीं की गई है। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि शनिवार दोपहर को पटना में औपचारिक रूप से महागठबंधन के सहयोगियों का ऐलान हो सकता है।

महागठबंधन के दो प्रमुख दलों राजद और कांग्रेस के एक-दूसरे पर हमला बोलने के एक दिन बाद राहुल गांधी से तेजस्वी यादव की टेलीफोन पर हुई बातचीत से सीटों का मामला सुलझ गया। सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में रांची जेल में बंद राजद के संस्थापक लालू प्रसाद यादव ने अपने बेटे तेजस्वी से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से बात करने को कहा था। उन्होंने बेटे को यह भी सलाह दी थी कि वह 70 सीटें मांग रही कांग्रेस को 65 से 68 सीटें दे दें।

सूत्रों ने कहा कि बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से राजद ने 134 से 136 सीटों पर चुनाव लड़ने की सहमति दी है। कांग्रेस को 65 से 68 सीटें मिलेंगी। इसके अलावा 17 से 19 सीटें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी), दो अन्य वामपंथी दलों-सीपीआई और सीपीएम को 5-5 तथा 10 से 12 सीटें विकासशील इंसान पार्टी और दो सीटें झाझुमो को मिलेंगी। आगामी 28 अक्टूबर से षुरू होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए एक अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया षुरू हो गई है। इसके बावजूद सीटों पर समझौता नहीं होने को लेकर राजद और कांग्रेस के नेताओं ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए थे। राज्य में तीन चरणों में मतदान होगा। पहला चरण 28 अक्टूबर, दूसरा चरण 3 नवंबर और तीसरा चरण 7 नवंबर को संपन्न होगा। चुनाव नतीजे 10 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

राजद के एक वरिश्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस की तुलना में राजद दोगुनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और हमारे अन्य सभी सहयोगी दलों को भी उपयुक्त (शेष पेज 9)

भाजपा के लिए टेढ़ी खीर बना लोजपा को साधना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- मांग के अनुसार बात नहीं बनी तो अकेले चुनाव लड़ सकती है पासवान की पार्टी

बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए भले नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन सीट बंटवारे पर एनडीए की खींचतान खत्म नहीं हुई है। भाजपा के लिए सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) को साधना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

आगामी रविवार तक मामला सुलझने की संभावना है। मांग के अनुसार बात नहीं बनी तो लोजपा अकेले ही चुनाव में ताल ठोक सकती है। सूत्रों के अनुसार, सहयोगी को मनाने की जी तोड़ कोषिष में जुटी भाजपा 23 से 27 सीट दे रही है जबकि लोजपा 42 सीटों से कम पर राजी नहीं है। वर्श 2015 के चुनाव में लोजपा इतनी ही सीटों पर चुनाव लड़ी थी। उस समय जदयू एनडीए में षामिल नहीं थी। लोजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रविवार को पार्टी बैठक बुलाई है। इसमें एनडीए के साथ रहने या अलग राह चुनने पर फैसला लिया जाएगा। इसी बैठक में लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान जेडीयू के खिलाफ 143 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर सकते हैं। लोजपा के अकेले लड़ने की (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

सुविधाओं की दी गई जानकारी

बीघापुर,उन्नाव। पंजाब नेशनल बैंक की बीघापुर शाखा द्वारा आत्मनिर्भर ग्राम संपर्क अभियान के तहत घाटमपुर कला में शुक्रवार को किसानों, ग्रामीणों के साथ बैठक कर बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाओं जानकारी दी। मंडल प्रमुख लखनऊ पश्चिम ए एच किंडर ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड से लेकर जीवन को सुरक्षित करने वाली योजनाओं का संचालन भी बैंक द्वारा किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण जनमानस योजनाओं का लाभ उठा सकता है। कार्यक्रम का संचालन शाखा प्रबंधक जीशान हुसैन ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमरेश दीक्षित, पंकज बाजपेई ,आचार्य शीतला पांडे,उदय, रौनक अवस्थी, धुंनर लाल आदि रहे।

विधायक के ड्राइवर की पत्नी से अभद्रता, रूपए छीने

चकलवंशी,उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोतीनगर निवासी सूरज पुत्र लक्ष्मन मोहान विधायक की कार चलाता है। गुरूवार की रात को सूरज अपनी पत्नी नीलू को लेकर पाटेपुरचौरासी थाना क्षेत्र के ऊगू अपनी बुआ के यहां जा रहा था। साथ में दूसरी बाइक पर उसका साला अरुण व साली सीमा तीन वर्ष के बच्चे के साथ जा रहे थे। सूरज ने बताया कि बौनामऊ गांव के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों ने मेरी दोनों बाइकों के बीच से अपनी बाइक लगा कर अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर आगे देख लेने की धमकी दी। बौनामऊ से करीब आठ किमी दूर भदनी के गांव के पास आठ दस लोगों ने सड़क पर बांस लगा कर हम लोगों को रोका और मारपीट की। इसी बीच किसी ने पत्नी के गले से मंगल सुत्र, सोने की चेन व पर्स से 15000 रुपये छीन कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि दो को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की जा रही है।

चार साल पहले लगे थे खंभे, आज तक नहीं पहुंची बिजली

बिछिया,उन्नाव। क्षेत्र के गांव में चार साल पहले खंभे लगे थे मगर बिजली आज तक गांव में नही पहुंची। ग्रामीण आजादी के 70 सालों बाद भी बिजली की सुविधा से महरूम हैं। बिजली न होने से इस गांवों में शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है। लोग अपने घरों में दुबक जाते हैं। ब्लाक क्षेत्र के मीरपुर अडार गांव जहां चार साल पहले बिजली के खंभे तो जरूर लगे, लेकिन बिजली अभी तक नहीं पहुंच पाई है। पिछले चार सालों से इस गांव के लोग बिजली के खंभों पर तार लगने का इंतजार कर रहे हैं। आसपास के इलाके में इस गांव को बिना बिजली वाले, खंभो वाला गांव के नाम से जाना जाता है। गांव में बिजली की सुविधा का ना होना केंद्र और राज्य सरकार के खोखले दावों की पोल खोल रही है।

गांधियन फिलोसफी देश ही नहीं विश्व में मान्यः कमिश्नर

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- सादगी महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती
- शहर से लेकर गांव तक व्यापक साफ-सफाई का चला अभियान

अपने संविधान के प्रति उत्तरदायी होकर अपनी बेसिक ड्यूटी करें और पास आये व्यक्ति के कार्य को ईमानदारी व निरूस्वार्थ भाव से समय पर करते हुए अपने सद्भाव का परिचय दे। गांधी जयंती के अवसर पर जिला आकांक्षा समिति के तत्वावधान में हस्तशिल्पियों को राशन किट का वितरण किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का 151वीं जयंती वर्ष जनपद में हर्षोल्लास एवं सादगी से मनाया गया। जगह-जगह स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं माटी के लाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया।

कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने मंडलीय सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं माटी के लाल लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया तथा अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लोगों को गांधी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने कहा कि गांधी जी व शास्त्री जी एक महान लीडर ही नहीं अपितु स्टेटमेंन है।

जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने राइफ्ल क्लब सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी माल्यार्पण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने गांधी को एक अच्छा वकील बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने परिवार को पीछे रख कर देश को आगे रखा और देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया। समाज और देश के लिए जो काम आये वही व्यक्ति ऊपर उठता है यही विशेषता शास्त्री जी में भी थी जिसके लिये सारा देश उनका ऋणी है। लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री रहते हुए अपने जीवन काल में कभी सरकारी संसाधनों को निजी कार्यों के लिए इस्तेमाल नहीं किया। लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण, दूरदर्शी एवं निडर व्यक्तित्व आज भी पूरे देश को प्रेरणा देता है। आज भी और किसी देश में ऐसे आदर्शों के प्रतिमान नहीं मिलते जिनके आदर्शों और कर्मों का अनुसरण कर सद्मार्ग पर चला जा सके।

स्वीपिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर महापौर मृदुला ने किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

2 अक्टूबर राष्ट्रपति महात्मा गांधी के जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के स्वच्छता अभियान के लिए महापौर मृदुला जायसवाल ने डोर टू डोर कुड़ा गाड़ी व आधुनिक मशीन से सफाई के लिए स्वीपिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वरुणापर जोन के शुक्रवार को सारनाथ के रंगोली गार्डन में नगर निगम वाराणसी और वाराणसी वेस्ट वेस्ट सॉरल्यूशन प्राण् लि के सँयुक्त तत्वाधान में आज डोर टू डोर कुड़ा वाहन,आधुनिक यंत्र द्वारा शौचालय की सफाई द्वारा प्रबंधन परियोजना का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की शुभारंभ महापौर मृदुला जायसवाल, मण्डलायुक्त दीपक अग्रवाल, नगर आयुक्त गौरांग राठी,पीके द्विदी,वेस्ट सॉल्यूशन कम्पनी के सीईओ राजेन्द्र सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करें कर दीप प्रज्वलित कर दोनो महापुरुषों को नमन किया।इसके बाद महापौर को वेस्ट सॉरल्यूशन कम्पनी के सीईओ राजेंद्र सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गयाए मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल को पीके द्विदी ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया साथ ही नगर आयुक्त गौरांग राठी को स्वस्थ अधिकारी ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस उपरांत महापौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सब को मिलकर स्वच्छता के जिम्मेदारी को निभाना होगा सिर्फ आधुनिक मशीन आ जाने से शहर स्वच्छ नही हो सकता इसके लिए हम सभी लोगो को अपने अंदर शहर के स्वच्छता के प्रति बदलाव लाने की जरूरत है।

वही मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में काशीवासियों से आह्वान किया कि हम लोग हाथ से हाथ मिलाकर इस आंदोलन को एक जनांदोलन के रूप में जुड़कर स्वच्छता में अपना योगदान दे। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र से आज एक बहुत बड़ी क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। हम लोग कई सालों से वाराणसी को एक स्वच्छ शहर बनाने का कार्य कर रहे हैं कई काम हुआ भी है और अभी कई मंजिलें तय करनी बाकी है स्वच्छता की जो रैंकिंग होती है उसमें हम लोगों ने कई उतारण् चढ़ाव देखे हैं पिछले साल 2019 20 की जो रैंकिंग आई उसमें हम लोगों ने कुछ प्रगति तो की है लेकिन जो मापदंड प्रधानमंत्री जी ने तय किए थे शायद उस में अभी हम लोग पूरी तरह सेखरा नहीं उतर पाए हैं उस दिशा में प्रयास हो रहा है लेकिन एक कंपनी आ जाने से और केवल मशीनें लग जाने से हम लोग वाराणसी के स्वच्छ शहर के सपने हैं पूरा नहीं कर पाएंगे काशीवासियों उसे हम लोग हाथ से हाथ मिला कर इस आंदोलन को एक जन आंदोलन के रूप में जुड़कर कर स्वच्छता के इस दिशा में कार्य करें तो हमें पूरा विश्वास है कि काशी अगले साल वाले रैंकिंग में हम टॉप टेन में वाराणसी का नाम जरूर आएगा। इसके बाद आधुनिक स्वीपिंग वाहन व कुड़ा वाहनों को नारियल फोड़ कर पूजन कार्य कर इस अभियान की शुभारंभ किया। इसके बाद महापौर द्वारा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महापौर मृदुला जायसवाल, मण्डलायुक्त दीपक अग्रवाल, नगर आयुक्त गौरांगी रांठी, पीके द्विवेदी, वेस्ट साल्यूशन के सीईओ राजेन्द्र सिंह और नगर निगम के पदाधिकारियों सँग सफाईकर्मी मौजूद रहे।

बीएचयू कुलपति ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनके जीवन व मूल्यों को याद किया गया। सर्वप्रथम विश्विद्यालय स्थित गांधी चबूतरा पर कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। गांधी चबूतरा पर प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई। कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने मालवीय भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात कुलपति जी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल छात्रावास में पौधारोपण किया। रेक्टर प्रो. वीके शुक्ला व कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी समेत संस्थानों के निदेशकों, संकाय प्रमुखों व विभागाध्यक्षों व विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। कुलपति महोदय ने छात्रावास में विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

गांधी जयंती पर कमिश्नर और डीएम ने किया ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धान्तों और विचारों को जीवन में करें आत्मसातः कमिश्नर

गांधी जयंती के अवसर पर मण्डलायुक्त आर रमेश कुमार आयुक्त कार्यालय परिसर तथा जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस दौरान महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि हम सभी बापू के सिद्धांतों एवं विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें। कहा कि बापू ने सत्य एवं अहिंसा के बल पर देश को आजादी दिलायी। उन्होंने कहा कि बापू में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी। उनका व्यक्तित्व उनके आदर्श एवं सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। सादा जीवन उच्च विचार उनका सिद्धांत रहा है। समाज के हर व्यक्ति के विकास के लिए उनका प्रयास रहा।

उन्होंने कहा कि गांधी की सोच थी कि विकास नीचे से होना चाहिए। मण्डलायुक्त ने कहा कि हम सभी गांधी के सिद्धांतों एवं विचारों का अनुसरण करते हुए अपने दायित्वों कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज के गरीब असहाय एवं निर्बल लोगों की मदद करें तथा देश को मजबूत बनाने तथा विकास की ऊचाईयों तक ले जाने में अपना योगदान प्रदान करें। कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें। कहा कि गॉधी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। हम सभी लोग उनके स्वच्छता विषयक विचारों से प्रेरणा लेते हुए अपने घर एवं आस पड़ोस में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें तथा दूसरे लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। अपर आयुक्त भगवान शरण ने कहा कि गांधी जी वसुधैव कुटुम्बकम पर विश्वास रखते थे। उनका सिद्धांत था कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। सबकी आत्मा एक है। धर्म जाति क्षेत्रवाद की भावना से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को मजबूत बनाने में सभी लोग अपना योगदान प्रदान करें। गांधी जी का यही विचार था। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों द्वारा गांधी जी के जीवन दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए गए।

शहीद अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि रुप के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए स्वच्छता के प्रभारियों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि महात्मा गांधी के लिए सबसे बड़ा धर्म मानवता था। उन्होंने शोषित वंचितों के लिए पूरा जीवन अर्पित किया और संपूर्ण विश्व से अंग्रेजी सरकार का शासन उखाड़ फेंकने का कार्य किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के मार्ग पर चलकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य हम सभी को करना है। कार्यक्रम में राजेश केसरवानी अभिलाष केसरवानी हर्षित केसरवानी सुजीत कुमार करन कुमार लाला राकेश सुमित केसरवानी कुमेल अब्बास आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री को भाजपाइयों ने किया याद

प्रयागराज। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर शुक्रवार को यमुनापार जिला के भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती की अगुवाई में पूरे यमुनापार के साथ साथ नारीबारी मे जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी के आवास पर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दोनों विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं विचारों से हम सब कार्यकर्ताओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज इन्ही के पदचिन्हों पर चलकर पीएम मोदी देश को स्वच्छता की ओर ले जाने का संकल्प लिए है। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ग्राम प्रधान नारीबारी संतोष शुक्ला किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गिरीश कुमार चतुर्वेदी संदीप कुमार शास्त्री दिव्यांशु चतुर्वेदी आदि कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित कर महापुरुषों के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए।

पीएनबी ने किया ग्रहक संपर्क अभियान का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार अपराहहन पंजाब नेशनल बैंक मण्ड कार्यालय की ओर से ग्राहक संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। बैंक अधिकारियों के मुताबिक यह अभियान 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देकर अंचल प्रमुख राजेन्द्र कुमार वरिशष्ठ तथा मंडल प्रमुख एचएस कँवर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख राजेन्द्र कुमार वशिष्ठ ने ग्रमीण जनों को स्वीकृत कृषि एवं गैर कृषि ऋण पत्र प्रदान किया। मण्डल प्रमुख एचएस कंवर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्राम संपर्क अभियान के तहत वाराणसी मंण्डल कार्यालय के अंतर्गत शाखा सभी किसान भाईयों के लिए आसान शर्तो पर कृषि कार्ड, डेयरी, मछली पालन के लिए ऋण सुविधा ब्याज अनुदान के साथ, कृषि एवं गैर कृषि कार्यो के लिए दी जाएगी। इसमें आत्मनिर्भर भारत अभियान की विभिन्न योजनओं के अंतर्गत, महिला समूहों को ऋण सुविधा, किसानों और उद्यमियों के लिए विशेष रियायतें सुविधायें व लघु उद्योगों के लिए आसान किश्तों पर ऋण की सुविधायें भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत डिजीटल बैंकिग को बढ़ावा देने के लिए डेबिट कार्ड, मोबाईल नंबर का पंजीकरण और आधार पे मर्चेंट की सुविधाएं एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना आदि की सुविधायें भी उपलब्ध रहेंगी।

विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान की ओर से नाटक ख्वाजासरा का हुआ मंचन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

नगर का प्रतिष्ठित नाट्य दल विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान लाकडाउन के अंतराल के बाद अनलॉक की पाबंदियों को ध्यान में रखते हुए आधे घंटे के एकल अभिनय ख्वाजासरा के साथ दर्शकों के मोबाइल और कंप्यूटर स्क्रीन पर फेसबुक लाइव शो के माध्यम से लोगों के बीच आया। उन्होंने कार्यक्रम का आयोजन कर ढेरों लाइक लिए। नाटक ख्वाजासरा का आलेख एवं निर्देशन था अजय मुखर्जी का। मंच पर प्रमुख भूमिका में सुधांशु गोस्वामी तथा अन्य कलाकार अपूर्वा गुप्ता एवं रोहित यादव थे। नाटक ख्वाजासरा एक किन्नर की आप बीती है। जिसे वो मंच पर एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से बयाँ करता है कि कैसे उसे कदम कदम पर सामाजिक अवहेलना से रूबरू होना पड़ा और अपनों से बिछड़ कर किन्नरों के परिवार का अंग बनना पड़ाप् एक किन्नर होने की वेदना बखूबी चित्रित हुई इस डिजिटल प्रस्तुति में।

प्रारंभिक उद्घोषणा अभिलाष नारायण मंच परे सहयोग संगीत शुभम वर्मा, विडियोग्राफी एवं तकनीकी सहायता रजत कुशवाहा प्रकाश परिकल्पना सुजॉय घोषाल मंच सज्जा आशीष यादव सौरभ शुक्ला अक्षत, अग्रवाल अंकित कश्यप एवं दल के सभी कलाकार वेषभूषा ममता श्रीवास्तव, रूपसज्जा संजय चौधरी तथा प्रस्तुतकर्ता आलोक रस्तोगी थे।

धूमधाम से मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

- डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में, एसपी ने पुलिस लाइन में स्मृति पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

उन्नाव। जिले में बड़े ही धूमधाम से जगह-जगह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने गांधी जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। लाल बहादुर शास्त्री को कर्मठ व उदारवादी व्यक्तित्व का धनी बताते हुए नमन किया। डीएम रवीन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वही पुलिस लाइन में एसपी आनन्द कुलकर्णी, एसपी कार्यालय में एएसपी विनोद कुमार पांडेय, सर्किल के एक थाने में सीओ व अन्य जगह सभी थाना प्रभारियो ने गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर, नवाबगंज के वर्तमान ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह नें विधानसभा 162 बांगरमऊ में क्षेत्र के भ्रमण के दौरान फ्तेहपुरचौरासी क्षेत्र के जाजामऊ एहतमाली के प्रधान कैलाश निषाद के आवास पहुंच कर महात्मा गांधी व शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करनें के साथ ही हाथरस की घटना पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। नगर पंचायत मौरावां में अध्यक्ष प्रतिनिधि नवनीत शुक्ल ने राष्ट्रपिता गांधी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बीघापुर स्थित कमलापति इंटर कॉलेज बीघापुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय अध्यक्ष एसी बाजपेई ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक है।

मंहगाई बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर सपा नेताओं ने दिया

उन्नाव। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती पर सपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने पत्रालाल पार्क में स्थित गांधी प्रतिमा पर देश प्रदेश में बढ़ी मंहगाई भ्रष्टाचार तथा बलात्कार की घटनाओं के बिरोध में दो घंटे का मौन ब्रत रखा और प्रदेश सरकार से इस्तीफे की मांग की है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद के सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पत्रालाल पार्क में मौन थरना दिया। धरना समापन के बाद जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा मंहगाई बेरोजगारी चरम पर है, कानून ब्यवस्था ध्वस्त है। हर ओर लूट खसोट मची है। बेटियों की इज्जत के साथ खुल कर खिलवाड़ हो रहा है तथा प्रदेश सरकार ने सत्ता में रहने का हक खो दिया है धरनें में मनीषा दीपक, महामंत्री सुरेश पाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशान्त कटियार, ज्ञानेन्द्रसिह, बीरेंद्र शुक्ला, शुजाउर्रहमान, मनोज गुप्ता, श्रीनरायण पाल, रायबहादुर यादव, ओमप्रकाश रावत, रमेश रावत, देवेन्द्र सिंह, जीतेन्द्र यादव, शरीफ खान, राजेश मिश्रा, कमलेश रावत, मुन्ना अलवी, अर्जुन दिवाकर, मालती रावत, आदिल खान, मंजीत यादव, सोनी सिंह परिहार, योगेन्द्र यादव, शीबू आदि मौजूद रहे।

क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम व एनएसयूआई से मनाया गांधी व शास्त्री की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

- गांधीजी ने सत्य व अहिंसा के रास्ते पर चलकर ही आजादी प्राप्त कीः कैलाश मिश्र

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में गांधी जयंती पर के अवसर पर कुलपति प्रो. टीएन सिंह ने गांधी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर एक सत्याग्रह सभा की गई।

गांधी जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम वाराणसी सिगरा के प्रतिष्ठान पर संस्था के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा द्वारा झंडारोहण किया गया इस शुभ अवसर पर महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को आत्मसात किया गयाए क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम के अध्यक्ष एवं संचालक कैलाश मिश्र ने कहा कि गांधी के आदर्श निजी जीवन तक ही सीमित नहीं रहे। उन्होंने अपने आदर्शो को सर्वोपरि रखा। तब लोग कहा करते थे कि आजादी के लक्ष्य में सत्य और अहिंसा नहीं चलेगी। लेकिन गांधी ने दिखा दिया कि सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर भी आजादी और समाज निर्माण के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस बात को ध्यान रखते हुए गांधी आश्रम संस्था स्वच्छता कार्यक्रम को आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर रामप्रवेश सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, दिनेश चंद्र वर्मा, रामशंकर, नरेंद्र वर्मा, बालेश्वर सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनके जीवन व मूल्यों को याद किया गया। सर्वप्रथम विश्विद्यालय स्थित गांधी चबूतरा पर कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। रेक्टर प्रो. वीके शुक्ला, कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी, वित्त अधिकारी अभय कुमार ठाकुर, छात्र अधिष्ठाता, प्रो. एम.के. सिंह, विभिन्न संस्थानों के निदेशकों, संकाय प्रमुखों और विभागाध्यक्षों व विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। गांधी चबूतरा पर प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई।

कुलपति प्रो.राकेश भटनागर ने मालवीय भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात कुलपति जी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल छात्रावास में पौधारोपण किया। रेक्टर प्रो.वीके शुक्ला व कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी समेत संस्थानों के निदेशकों, संकाय प्रमुखों व विभागाध्यक्षों व विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। कुलपति महोदय ने छात्रावास में विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन जिला मुख्यालय पर छैन्प् जिलाध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय के नेतृत्व में शांति पूर्ण तरीके से धरना दिया गया और मांग की गई कि युवाओं को रोजगार, किसान विरोधी बिल और मनीष वाल्मिकी को न्याय दिलाने के लिए वही मौके पर सूचना पाकर पहुंचे कचहरी पुलिस चौकी इंचार्ज दीनदयाल पांडे ने धरना रथ छात्रों को समझाया यह स्थल धरना स्थल नहीं है यह मार्ग है आप लोग इसे छोड़ कर जहां धरना स्थल निर्धारित है वहां जाएं लेकिन छात्रों ने कहा कि हम कई बार आग्रह कर चुके हैं शास्त्री घाट पर भी हम धरने पर बैठे लेकिन हमारी बात नहीं सुनी गई मजबूरन आज हम लोगों को जिला मुख्यालय पर आकर धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है जिसमे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष देनप ऋषभ पाण्डेय, अमन सिंह, शाशक शेखर, विकास चौबे, रोहित सानू, गौतम शर्मा, प्रभु पटेल उपस्थित रहे।

लेखपाल ने मौका मुआयना किए बिना ही आख्या लगा भेज दी रिपोर्ट

- चकरोड की मांग को लेकर आधा दर्जन किसानों ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से की थी शिकायत

पाटन। जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों के निस्तारण के बजाय कागजी कोरम पूरा किया जा रहा है। निराकरण में न्याय की तो बात दूर संबधित अधिकारी मौके पर न जाकर एक स्थान पर बैठकर ही मनमाने तरीके से रिपोर्ट लगा रहे हैं। जिससे शिकायतकर्ता या तो थक हार कर चुप हो जाते हैं या बार बार शिकायत करने को विवष रहते है।

सरकार का मकसद है कि जन समस्याओं से जुडी शिकायते सीधे आनलाइन पोर्टल पर दर्ज हों, जिससे अधिकारी और शासन स्तर पर इसका आंकलन किया जा सके। लेकिन जिम्मेदारों के मनमाने रवैये को लेकर यह सुविधा भी अब फरियादियों के लिए मजाक बन गई है। इसकी एक बानगी तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम केदारखेडा में किसानों की चकरोड की समस्या में देखने को मिली। यहां किसान नरेश मिश्रा, जयपाल सिंह, रामभूषन, प्रेमशंकर, शुभम सैनी, राजाराम, कमलाशंकर आदि ने बताया कि हम किसानों के लगभग डेढ सौ बीघा खेत केदारखेडा ग्राम सभा में लोन नदी के किनारे है। लेकिन इन खेतों को जाने के लिए कोई आम रास्ता या चकरोड नही है। जिससे खेती करने में संकट उत्पन्न होता है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की थी। लेकिन संबंधित लेखपाल ने उक्त मामले में बिना शिकायतकर्ता किसानों से मुलाकात व मौका निरीक्षण किये ही मनमाने तरीके से रिपोर्ट लगाकर किसानों को ही बयान न देने का दोशी बनाकर रिपोर्ट प्रेषित कर दी। लेखापाल की रिपोर्ट के आधार पर उपजिलाधिकारी दयाशंकर पाठक ने भी हस्ताक्षर कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। लेखपाल की इस कारगुजारी से किसान जनसुनवाई पोर्टल पर भी न्याय मिलने की उम्मीद खो चुके हैं। वही इस संबंध में जब एसडीएम दयाशंकर पाठक से बात की गई तो उन्होंने लेखपाल पर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए लेखपाल की आख्या को सही ठहराया। उन्होंने किसानों को तहसील आकर मिलने की बात कही।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 3 अक्तूबर 2020

आरोपियों को दी जाए फांसी : केजरीवाल

सीएम का योगी सरकार पर बड़ा आरोप, बच्ची के साथ दरिंदगी- आरोपियों को बचाने की हो रही कोशिश

हाथरस कांड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हाथरस कथित गैंग रेप में जंतर मंतर पर सैकड़ों लोग विरोध प्रदर्शन के लिए जुटे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी इसमें शामिल हुए।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से विनती है कि जो दोषी हैं उन सभी को सख्त से सख्त सजा दी जाए। उनको जल्द से जल्द फांसी दिलवाई जाए। दोषियों को इतनी कठोर सजा मिलनी चाहिए कि भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत ना कर सके। दुख की घड़ी में सभी यहां इकट्ठे हुए हैं। ईश्वर से कामना है कि वह बेटी की आत्मा को शांति दें। मुख्यमंत्री बनने के बाद केजरीवाल पहली बार किसी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सीएम ने यह यह भी कहा एक सवाल उठ रहा है कि मामले के दोषियों को बचाने की कोशिश हो रही है। ऐसा नहीं होना चाहिए। इस मामले में किसी तरह की राजनीति भी नहीं होनी चाहिए।

अरविंद केजरीवाल ने हाथरस पीड़िता का हिंदू धार्मिक रीति रिवाजों के खिलाफ रात में उसका अंतिम संस्कार कराने पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि हादसा दर्दनाक है और ऊपर से यूपी सरकार का पीड़िता के परिवार के प्रति किया गया व्यवहार कहीं से भी उचित नहीं है। हम लोकतंत्र में रह रहे हैं और सत्ता में बैठे लोगों को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे इस देश के मालिक नहीं बल्कि सेवक हैं। इससे पहले उन्होंने पीड़िता की मौत को पूरे समाज, देश और सभी सरकारों के लिए शर्मनाक करार दिया और दोषियों को मौत की सजा देने की मांग की।

उत्तर प्रदेश सरकार की बर्खास्तगी और राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर मौन सत्याग्रह करते सपाई।

राष्ट्रपति शासन की मांग, सपा का मौन सत्याग्रह

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी दिल्ली प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर शुक्रवार को जंतर मंतर पर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर मौन सत्याग्रह किया। सत्याग्रह के बाद पार्टी ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन राष्ट्रपति और गृहमंत्री को दिया। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा वाल्मीकि मंदिर में हाथरस की बेटी के लिए प्रार्थना की। वहीं दूसरी तरफ प्रर्दशनकारियों के बड़ी तादाद जंतर मंतर भी पहुंची। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर भी शामिल थी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि पीड़िता के साथ न केवल आरोपियों ने दरिंदी की बल्कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने भी उससे भी गलत व्यवहार किया। योगी सरकार पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि हिंदुओं में रात के समय दाह संस्कार नहीं किया जाता है लेकिन इसके विपरीत उसका दाह संस्कार अंधेरे में किया गया। उसके परिवार को उसके अंतिम दर्शन तक नहीं करने दिया गया।

दूसरी ओर, हाथरस सामूहिक बलात्कार और हत्या के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के मद्देनजर शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो के कुछ स्टेशनों के प्रवेश और निकास दरवाजों को बंद रखा गया। सिविल सोसायटी के कार्यकर्ताओं, छात्रों, महिलाओं और विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य दलित युवती के लिए न्याय की मांग करने जंतर मंतर पर एकत्र हुए थे।

महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर राजघाट में उनकी समाधी पर पुष्प अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

दो तस्कर गिरफ्तार, 52 लाख रुपए का सोना जब्त

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 52 लाख रुपये के सोने के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने बुधवार को दुबई से यहां पहुंचने के बाद दोनों को तलाशी के लिए रोका गया। उनमें एक पुरूष और एक महिला शामिल है।

सीमाशुल्क विभाग के अनुसार अधिकारियों ने दोनों यात्रियों के पास से 51.8 लाख रुपये का 1.14 किलोग्राम सोना जब्त किया जिसे उन्होंने मलद्वार में छिपा रखा था। दोनों यात्री मदुरै के रहने वाले हैं और पिछली यात्राओं के दौरान उन्होंने 1.03 करोड़ के सोने एवं अन्य वस्तुओं की तस्करी की थी। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

लूटेरों ने ज्वेलर को मारी गोली, फरार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- बादलपुर क्षेत्र में दिनदहाड़े की वारदात

बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड पर शिवा ज्वेलर्स की दुकान में दिन दहाड़े लूट के प्रयास के चलते बाइक सवार बदमाशों ने ज्वेलर्स को गोली मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर बदमाश फरार हो गये। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक गाजियाबाद के कविनगर कोतवाली क्षेत्र के मानसरोवर कालोनी निवासी सनी वर्मा बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव छपरौला में शिवा ज्वेलर्स के नाम से जेवरात की दुकान है। बृहस्पतिवार को दिन दहाड़े दो बाइक पर सवार पांच बदमाश सनी वर्मा की दुकान पर पहुंचे। तीन बदमाश दुकान के अंदर घुस गये तथा दो बदमाश दुकान के बाहर खड़े रहे। बदमाशों ने सनी वर्मा से सोने की अंगूठी दिखाने को कहा। जब सनी उन्हें अंगूठी दिखाने लगे तभी बदमाशों ने लूटपाट शुरू कर दी। ज्वेलर्स बदमाशों को विरोध करते हुए भिड़ गया और शोर मचा दिया। इस दौरान बदमाशों ने सनी को गोली मार दी। गोली सनी के हाथ में लगी।

जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती ज्वैलर सनी वर्मा।

शोरगुल व फायरिंग की आवाज सुन आसपास के लोग भी आ गये। लूट में असफल बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गये। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सनी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बादलपुर कोतवली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज तलाश शुरू कर दी गयी है।

खादर क्षेत्रों में अवैध निर्माण पर लगेगी रोक

डीएम ने दिए आदेश-रजिस्ट्री में लिखनी होगी भवन की ऊंचाई और मंजिलों की संख्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर में अनियमित और अनियोजित रूप से चल रहे अवैध निर्माण को रोकने और हिंडन-यमुना नदी के खादर क्षेत्रों में चल रही अवैध निर्माण गतिविधियों पर पाबंदी लगाने के लिए जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने शुक्रवार को बड़ा आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक का आयोजन किया। इसमें मानव जनित आपदाओं को कम से कम करने के लिए कानून में मिले अधिकारों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किया गया है।

डीएम की ओर से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, पुलिस, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग और सभी प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार को यह आदेश भेजा गया है। इससे डूब क्षेत्रों में अवैध रूप से चल रही जमीनों की खरीद-फरोख्त भी रुक जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि गौतमबुद्धनगर के तमाम क्षेत्रों में भवनों का निर्माण, कॉलोनाइजेशन और प्लोटिंग चल रही है। कानून के तहत इसे नियंत्रित करने और कार्यवाही करने के लिए तीनों विकास प्राधिकरण को एडवाइजरी भेजी गई है। आपदा प्रबंधन अधिनियम की व्यवस्थाओं का उपयोग करके इन अवैध गतिविधियों पर पाबंदी लगाई जाएगी। सबसे ज्यादा अवैध निर्माण यमुना और हिंडन नदी के फ्लड जोन में किया जा रहा है। इससे मानव जनित आपदा को बढ़ावा मिल रहा है। आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा-30 और 34 के तहत नदियों के खादर क्षेत्रों में संपत्ति के क्रय-विक्रय और रजिस्ट्री पर सर्विलांस किया जा सकता है। जिसके लिए सभी रजिस्ट्रार को यह आदेश भेजा गया है। वहीं, जिलाधिकारी ने आदेश में कहा है कि तीनों विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्रों में अगर कोई रजिस्ट्री की जाती है तो उसमें कुछ बिंदुओं का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। मसलन, क्रेता को रजिस्ट्री में यह बताना होगा कि वह इस भूमि पर किस तरह का निर्माण करेगा। रजिस्ट्री में भवन की ऊंचाई और तलों की संख्या कितनी होगी, यह लिखना होगा।

औद्योगिक, वाणिज्यिक, संस्थागत, घर और फ्लैट की ऊंचाई 15 मीटर से अधिक नहीं हो सकती है। इसमें चार तल से ज्यादा निर्माण नहीं किया जा सकता है। अगर इससे ज्यादा निर्माण किया जाना है तो इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया बिल्डिंग रेगुलेशन-2010 के तहत तीनों विकास प्राधिकरण से भवन मानचित्र पास करवाना अनिवार्य होगा।

सैकड़ों को चूना लगाने वाली महिला ठग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- तमाम योजनाओ में पैसा लगवाकर देती थी झांसा

पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में सैकड़ों को चूना लगाने वाली महिला ठग को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गुजरात से धरा है। महिला अपने दोस्त प्रवीण कुमार सिंह के साथ मिलकर इलाके में जय मां लक्ष्मी कॉपरेटिव थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसायटी का संचालन करती थी। इनका एक कपड़े का स्टोर भी है। दोनों आरोपी लोगों को विभिन्न तरह की योजनाओं रुपए निवेश करा रकम ऐंठती थी। इस महिला को कोर्ट ने भगौड़ा भी घोषित कर रखा था।

आर्थिक अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त ओ पी शर्मा के अनुसार, जांच के दौरान पता चला कि जय मां लक्ष्मी कॉपरेटिव थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसायटी नाम से कोई भी सोसायटी आरबीआई में एनबीएफसी के रूप में पंजीकृत नहीं है और न ही प्रवीण कुमार सिंह और उसकी महिला मित्र ने आरबीआई में कोई पंजीकरण कराया है। दोनों सीधे साधे लोगों से किसी भी योजना के लिए पैसे लेने के लिए अधिकृत नहीं थे।

बावजूद इसके दोनों उनकी दुकाने पर आने वालों को ज्यादा ब्याज दर से आय, ऋण, फ्लैट बुकिंग और लकी ड्रा का लालच देकर विभिन्न योजनाओं में निवेश करने का झांसा देते थे। करीब दो सौ लोगों से इन्होंने दो करोड़ रुपये ऐंठ लिए थे। साल 2018 जून में इस मामले को लेकर मिली शिकायत पर आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया था।

केस दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों भूमिगत हो गए थे। पुलिस ने इन्हें पकड़ने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लिया। आखिरकार, आरोपी महिला के सुरत गुजरात में होने का पता चल गया।

मानसिक तनाव में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

नोएडा। थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाले 30 वर्षीय एक व्यक्ति ने बीती रात मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी अभिनेंद्र सिंह ने बताया कि हरौला गांव में रहने वाले गोपाल (30 वर्ष) ने बीती रात अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिंह ने बताया कि पुलिस युवक के आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

हत्या मामले में दो लोग धरे गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना बिसरख क्षेत्र की अजनारा ली गार्डन सोसाइटी में गत सात सितंबर की रात को एक प्रॉपर्टी डीलर और उसके साथी की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) हरीश चंदर ने बताया कि सात सितंबर की रात को थाना बिसरख क्षेत्र की अजनारा ली गार्डन सोसाइटी में प्रोपर्टी डीलर डाल चंद शर्मा तथा अरुण त्यागी नामक दो लोग अपने कुछ अन्य दोस्तों के साथ कार में बैठे थे। इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी।

चंदर ने बताया कि इस मामले में मृतक डालचंद के परिजनों ने हरियाणा स्थित उनके गांव के कुछ लोगों को नामजद करते हुए हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि डालचंद का उनके गांव के लोगों से सरपंच के पद को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी मामले में उनकी हत्या होने की बात सामने आई है।

अधिकारी ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने हत्या का षड्यंत्र रचने के मामले में दो लोगों रमेश तथा निरंजन को गिरफ्तार किया है।

संक्षिप्त समाचार

ग्राम प्रहरियों को साईकिल व टॉर्च भेंट करते एसएसपी कलानिधि नैथानी।

एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों को बांटी टॉर्च और साइकिल

गाजियाबाद। गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पुलिस कप्तान कलानिधि नैथानी ने ग्राम प्रहरियों को साइकिल और टॉर्च बांटी। साथ ही उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों और ग्राम प्रहरियों को महात्मा गांधी के आर्दशों पर चलने की शपथ दिलाई। हरसॉव स्थित पुलिस लाइन में शुक्रवार सुबह गांधी जयंती पर पुलिस कप्तान ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस का अंग माने जाने वाले ग्राम और शहर प्रहरियों को मजबूत करने के लिए साइकिल और टार्च बांटी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ये ग्राम प्रहरी हैं। इनका कानून व्यवस्था का पालन कराने, पहली सूचना थाने पर देने में, अपराधियों के विरूद्ध धरपकड़ और कानून व्यवस्था बनाए रखने में एक अहम भूमिका है। ग्राम प्रहरियों को सशक्त करना हमारी जिम्मेदारी है और सरकार की मंशा अनुसार इन सभी के लिए साइकिल और टॉर्च का प्रवाधान है।

गांधी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा।

शहर को धूल मुक्त करने का अभियान

गाजियाबाद। गांधी जयंती पर जहां गाजियाबाद नगर निगम ने शहर की सड़कों को धूलमुक्त करने के लिए आपरेशन रेत का थैला शुरू किया वहीं जीडीए समेत विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी गांधी जंयती पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मेयर आशा शर्मा व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने इस अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मेयर ने गांधी जयंती पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए शहर को गंदगी से आजादी दिलाने का प्रण लिया। उधर, जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रामधुन का सामूहिक गायन भी किया गया। जीडीए सचिव संतोष कुमार राय, ओएसडी संजय कुमार समेत तमाम अधिकारी उपस्थित थे।

लोनी हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। 10 सितंबर की रात लोनी थाना क्षेत्र के मौहल्ला प्रेमनगर में नादिर उर्फ सोनू की हत्या दिल्ली की मडोली जेल में बंद कुख्यात छेनू गैंग के गोलू ने करवाई थी। लोनी थाना पुलिस ने उक्त वारदात का खुलासा करते हुए दिल्ली व एनसीआर के दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त 32 बोर की दो पिस्टल व काफी संख्या में कारतूस बरामद किये हैं। यह जानकारी देते हुए एसपी देहात का प्रभार देख रहे एसपी ट्रैफिक रामानन्द कुशवाहा ने बताया कि वर्ष 2014 में नादिर उर्फ सोनू ने गोलू की पिटाई कर दी थी। जिसका बदला लेने के लिए गोलू पिछले काफी समय से लगा हुआ था।

यूपी गेट पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते भाकियू से जुड़े किसान।

किसानों ने क्रांति दिवस के रूप में मनाई बापू की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- सरकार की बुद्धि शुद्धि को किया हवन

गांधी जयंती पर भारतीय किसान यूनियन से जुड़े सैकड़ों किसान इकट्ठा होकर कौशांबी थाना क्षेत्र के यूपी गेट पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि सरकार की मत मारी गई है, सरकार को सदगति और सद्बुद्धि मिले इसके लिए किसानों ने हवन और यज्ञ भी किया।

बता दें कि सरकार की किसान विरोधी नीति और उनकी आवाज दबाने के प्रयास में किसान हर वर्ष बड़ी तादाद में इकट्ठा होकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हैं। पुलिस ने किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए दिल्ली यूपी बॉर्डर को छावनी में तब्दील कर दिया था।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में 2 अक्टूबर को हजारों की संख्या में इकट्ठा होकर किसान हरिद्वार से दिल्ली जा रहे थे। पुलिस ने किसानों को यूपी गेट पर रोकने की कोशिश की थी लेकिन, उत्तर प्रदेश में इकट्ठा हुए किसानों ने आगे बढ़ने का मन बना लिया था और किसानों ने वापस लौटने से इंकार कर दिया था। जिसके चलते गाजीपुर दिल्ली बॉर्डर पर हजारों की संख्या में किसान इकट्ठा हुए थे।

आंदोलनकारियों व किसानों को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले और लाठीचार्ज भी किया था। तभी से भारतीय किसान यूनियन ने तय कर लिया कि हर वर्ष इस तारीख को किसान क्रांति दिवस के रूप में मनाकर अपना विरोध दर्ज करेंगे। जिसके चलते शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा हुए किसानों ने यूपी गेट पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हवन, यज्ञ कर विरोध प्रदर्शन किया।

गांधी जयंती के मौके पर विशेष सफाई अभियान

नई दिल्ली। गांधी जयंती दक्षिणी दिल्ली नगर निगम अपने क्षेत्र में विशेष साफ सपाई अभियान चलाया। सभी निगम पार्षदों ने सफाई सैनिकों और आम लोगों के साथ इस अभियान में हिस्सा लिया। साथ ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूकता भी किया।

महापौर अनामिका ने स्वच्छता अभियान में भाग लेकर श्रमदान किया। सड़कों, गलियों से कचरा उठाया बल्कि झाड़ू लगाकर गंदगी साफ किया। उन्होंने कहा कि एसडीएमसी स्वच्छता कार्य में तेजी लाने को लगातार प्रयास कर रहा है।

कारोबार को बढ़ावा देने के लिए एक्सपोर्ट बाजार

पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के जुड़े छोटे और मझौले उद्यमी ले रहे भाग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश एक्सपोर्ट प्रमोश काउन्सिल द्वारा प्रायोजित एवं कैरोल इफ्रास्टरक्चर के तत्वावधान में आयोजित एक्सपोर्ट बाजार शुक्रवार से राजनगर एक्सटेंशन में शुरू हो गया। यह बाजार छोटे व मझोले उद्यमियों के उत्पादो को देश के अन्दर ही बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है।

तीन महीने तक चलने वाले इस प्रदर्शनी बाजार का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने एक खाने के स्टॉल से खरीदारी करके किया। इस मौके पर अतुल गर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश और केन्द्र सरकार का उददेश्य है देश आत्मनिर्भर बने और ज्यादा से ज्यादा व्यापार देश के अन्दर ही संचालित हो, जिससे देश का उद्यमी मजबूत और आत्मनिर्भर बन सके। इसी कड़ी में इस बाजार की शुरूआत की गई है।

उन्होने बताया कि यदि यह पायलेट प्रोजेक्ट गाजियाबाद में कामयाब हुआ तो प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी प्रकार के बाजार आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि एक्सपोर्ट बाजार में एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत चिन्हित जनपदों के हस्तशिल्प उत्पाद जैसे मुरादाबाद का पीतल, सहारनपुर का लकड़ी का फर्नीचर, आगरा का मार्बल, फिरोजाबाद की चूड़ियों सहित प्रदेश के बाहर के निर्यातकों द्वारा तैयार माल भी इस एक्सपोर्ट बाजार में बिक्री के लिए स्टॉल लगाए गये है। इसके अलावा दिल्ली के मशहूर बंगाली समोसे, बड़ौत की टितेहरी, बुलंदशहर का मटरा, मुरादाबाद की दाल, गुजरात का थंब ढोकला, महाराष्ट्र का रगड़ा, पंजाब का पालक पुलाव एवं चुरचूर नान आदि स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाये गये हैं।

प्रदूषण घटाने को साइकिल को बढ़ावा, बना अलग कॉरीडोर

एनडीएमसी अध्यक्ष धर्मेंद्र ने शुरू की साइकिल चेंज पायलट परियोजना, राइडर को किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी और प्रदूषण घटाने मे मकसद से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद से अलग कॉरीडोर बनाया है। परिषद ने साइकिल चालकों की सुरक्षा, सुविधा और अनुभव को बेहतर करने के लिए लगभग छह किलोमीटर लंबे गलियारे पर मनमोहक वॉल पेंटिंग्स उकेरा है। इस साइकिल ट्रैक पर ई-बाइक, स्कूटर और मोटर साइकिल जैसे वाहनों को चलाने की अनुमति नहीं होगी। महिलाओं और बच्चों समेत अन्य की सुरक्षा को सुनिश्चत करने के लिए ट्रैक के आसपास मार्शल तैनात रहेंगे।

एनडीएमसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र ने गांधी जयंती के अवसर पर पायलट प्रोजेक्ट साइकिल चैंज की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने साईकल राइड टूर को झंडी दिखा कर रवाना किया। यह साईकल यात्रा बीकानेर हाउस-इंडिया गेट से 6 किलोमीटर के निर्धारित पायलट कॉरिडोर पर साइकिल से चलकर लोधी गार्डन जाकर समाप्त हुई । यह साइकिल राइड टूर 10 अक्टूबर तक जारी रहेगा। सुबह 6 से 9 बजे और शाम 5 से 7 बजे तक हर दिन, बीकानेर हाउस (नजदीक इंडिया गेट) से हुमायूं रोड, अमृता शेरगिल मार्ग, लोधी गार्डन गेट नंबर 6, लोधी गार्डन गेट नंबर 11, एवेन्यू रोड-द्वद्व, लोधी कॉलोनी ब्लॉक-17, लोधी कॉलोनी साइकिल प्लाजा और जोरबाग मेट्रो स्टेशन तक जाएगा।

साइकिल राइड टूर को रवाना करने के बाद धर्मेंद्र ने कहा कि इस समय जब कोविड-19 की महामारी को देखते हुए शारीरिक और खेल गतिविधियों पर पाबंदी लगी है। ऐसे में पालिका परिषद ने स्थिति को सामान्य करने और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में साकिल कॉरिडोर का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। जिससे नई दिल्ली क्षेत्र में साइकिल की सवारी को स्वच्छ और सुरक्षित माहौल में अपनाया किया जा सके।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

जयंती पर याद किए गए बापू व शास्त्री

संवाददाता। अयोध्या

गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने माला पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने रामराज्य का सपना देखा था। जिसको आत्मसात करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के पथ पर चल रही है। गरीबों को योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत दिया गया है। नि:शुल्क आवासए शौचालय के साथ गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। आयुष्मान भारत योजना के जरीए गरीबों को पांच लाख के इलाज की व्यवस्था की गयी है। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि महात्मा गांधी की जयंती पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम सत्य व अहिंसा के पथ्थ पर चलते हुए राष्ट्र के कल्याण के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे। एक स्वच्छए समृद्ध व सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श उनके विचार हमें जीवन पथ पर सत्य को अपनाने की शिक्षा देते है। उन्होने हमें शांतिए अहिंसा व सद्भाव का मार्ग सिखाया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि आज पूरा देश आत्मनिर्भरता की राह पर चल रहा है। स्वदेशी को देश की जनता अपनाने पर जोर दे रही है। कुछ ऐसा ही सपना महात्मा गांधी ने देखा था। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ताए कमलेश श्रीवास्तवए विद्याकांत द्विवेदीए तिलकराम मौर्याए शैलेन्दर कोरीए अंशुमान मित्रा मौजूद रहे।

पूरे मण्डल में धूमधाम से मनायी गयी महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती

अयोध्या। पूरे मण्डल में महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अयोध्या मण्डल मुख्यालय पर मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मण्डलायुक्त ने कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र का अनावरण किया एवं उनको पुष्प मालाएं अर्पित की। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी की सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनके बताए गए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति का विकास करें एवं उनको मुख्यधारा में लाएं। उक्त अवसर पर हमें गांधी जी के विचारोंए सत्याग्रहए अहिंसा एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण की भावना को अपनाना चाहिए। गांधी जी का जीवनए सादा जीवन उच्च विचार का रहा है उन्होंने समाज के सभी वर्गों को लेकर वर्षों संघर्षों के बाद अपने देश को आजादी दिलाई तथा हमारा देश उनके बताए गए मार्ग जैसे साफ सफाई, छुआछूत मिटाने का अभियान, सभी के लिए स्वास्थ्य, महिला उत्थानए सभी की बराबरी आदि को अपनाकर आजादी के लगभग 71 सालों में व्यापक विकास किया है तथा आगे भी हमें इस राष्ट्र को आगे विकास करने में सरकारी कर्मचारियों को अपने अपने निर्धारित कार्यों को समयबद्धता के साथ करके देश एवं प्रदेश को विकास में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर सभी को मंडलायुक्त ने बधाई भी दिया। इसी प्रकार पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में डा0 संजीव गुप्ता, उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तथा मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार द्वारा विकास भवन में स्थित सभागार में गांधी जी एवं शास्त्री जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सभी को बधाई दी गई। इसी प्रकार नगर आयुक्त कार्यालय में गांधी एवं शास्त्री जी के जयंती पर कार्यक्रम हुआ तथा पूरे जनपद में गांधी जयंती पर कार्यक्रम मनाया गया। आयुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वजारोहण सहित अन्य सभी कार्यक्रम में अपर आयुक्त प्रशासन शिवपूजन, अपर आयुक्त न्यायिक रवि श्रीवास्तव, उप निदेशक, सूचना मुरलीधर सिंह सहित ओएसडी व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

हम सभी लोग गांधी व शास्त्री जी के जीवन मूल्यों को जानने का करें अध्यन : अनुज

अयोध्या। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने जिलाधिकारी आवास व कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर किया झण्डारोहणए तदोपरान्त जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के चित्र का अनावरण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रो पर माल्यार्पण कल उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री झा ने दोनो महापुरूषो के जीवन संघर्षो उनकी देश सेवा व उनके जीवन मूल्यो पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग गांधी व शास्त्री जी के जीवन मूल्यो को जानने व उनका अध्यन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों महापुरूषो के जीवन दर्शन से संवेदनशीलता को ग्रहण करे यदि आप संवेदनशील बनेंगे तो अपने आप ही इनके सारे गुणो का समावेश आप के अन्दर होगा और यदि हम संवंदनशील इंसान के रूप में सिस्टम से मिले हुए अपने दायित्यो एवं अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करेंगे तो निश्चित रूप से हम अपने जीवन के किसी न किसी कोने में गांधी एवं शास्त्री के जिन्दा रखेंगे यही हमारी अपने महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। उन्होंने कहा कि बाहरी आवरण को छोड़कर यदि थोड़ा सा भी गांधी और शास्त्री को दिलो में जिन्दा रखें तो अपनाए अपने परिवार और अपने देश का बहुत लाभ कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी पीडी गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गोरे लाल शुक्ला, अपर जिलाधिकारी नगर डा0 वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष कुमार सिंहए नगर मजिस्ट्रेट सत्य प्रकाश सिंहए एडीओ पंचायत सूर्यभान यादवए जिलाधिकारी के विशेष कार्याधिकारी राम अचलए सहायक लेखाकार शीतला वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए तथा दोनो महापुरूषो के आदर्शोए सिद्धान्तो व उनके सद्विचारों को याद किया गया तथा उसे अपने जीवन में आत्मसात करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

गांधी व शास्त्री की जयंती पर लगा श्रमदान शिविर

जानाबाजार, अयोध्या। गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर नेहरु युवा मंडल जाना बाजार के तत्वाधान में श्रमदान शिविर का आयोजन किया गया। युवाओं ने श्रमदान करके 73 दिन में आजाद हिंद फौज के लांस नायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सूर्य रामअचल वर्मा का स्मारक बनाने का कार्य शुरू किया। श्रमदान का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आनरीलेफ्टिनेंट रामसूरत पांडेय ने कहा युवाओं को देश समाज सेवा में बढ़चढ कर हिस्सा लेना चाहिए। देश के लिए शहीद हुए क्रांतिकारियों के विचारों को आत्मसात करते हुए देश समाज की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। थाना क्षेत्र हैदरगंज के ग्राम पंचायत जाना बाजार के बसंती का पूरा बाग स्थित आजाद हिंद फौज के लांस नायक की समाधि पर भव्य स्मारक का निर्माण श्रमदान करके शुरू किया गया। शिविर समारोह की अध्यक्षता कोदैला इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य रामजीवन वर्मा संचालन युवा मंडल जाना के अध्यक्ष रहे शेर बहादुर शेर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण करके किया गया। शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि हवलदार रहे भोला नाथ यादव ने कहा समाज में अच्छे काम के लिए युवा आगे आएं। सूबेदार बृजेंद्र तिवारी ने कहा आज लोगों में समाज सेवा की भावना नजर आ रही है सूबेदार गुरु प्रसाद पांडे शेर बहादुर वर्मा सन्यासी शिव प्रसाद मिश्रा प्रवक्ता सीताराम पूर्व जिप सदस्य रविंद्र भारती, मनीष तिवारी, अशोक कुमार पांडे ने भी युवाओं को संबोधित किया।

गांधी जयंती के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने मरीजों को बांटे फल

● पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा जिलाध्यक्ष पायनियर

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्म दिवस पर आत्म निर्भर भारत सप्ताह के अन्तिम दिन भारत की आजादी के लिए अहिंसात्मक रूप से बड़ा आंदोलन खड़ा कर हर भारतवासी के दिल में देश की आजादी की बीज बोने वाले जन नायक पूज्य महात्मा गांधी जी की जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा की अध्यक्षता और जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के संचालन में मनाया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को उनके बेड के पास जाकर फ्ल वितरित करने के उपरांत भाजपा जिला कार्यालय में महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी को अहिंसा के पुजारी के रूप में हम सब जानते हैं। महात्मा गांधी जी ने अहिंसात्मक रूप से आंदोलन करने की एक परम्परा की नीव रखी थी।जिसका अनुसरण कर भारतवासियों ने देश की आजादी के लिए बड़ी लड़ाई लड़ी और व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ था।ऐसे महापुरुष को आज के दिन नमन करते हुए मन भावविभोर हो गया। महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राणा रणधीर सिंह,मनोज मिश्र,विमलेंद्र प्रताप सिंह (मोनू), सुमन पांडेय,रफ्त एजाज,दशरथ यादव,जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री दीपक तिवारी,दिलीप पटेल (देव),राम बहाल वर्मा,इंद्रेश निषाद,जिला आईटी संयोजक मनीष मिश्र, भाजपा नेता मनोज गुप्त (गुड्डू),डाक्टर आनंद बहल, आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश मौर्य, कार्यालय सह प्रभारी अरविंद सिंह (डिंपू),युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पंकज वर्मा,सभासद अतुल वर्मा, प्रमुख रूप से शामिल रहे। अकबरपुर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने अपने कार्यालय में सुरेश गुप्ता, सुधांशु त्रिपाठी,राम आशीष मिश्र,गौरव उपाध्याय के साथ, टांडा नगर मण्डल में जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्त, नगर अध्यक्ष अनुराग जायसवाल,गौतम उपाध्याय,रिंकू गौड़ ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत सफ़ाई अभियान चलाया,विधान सभा क्षेत्र के सिलावट में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने सीताराम सिंह, पारस नाथ सिंह,गोकुल विश्वकर्मा,जगदीश मौर्य,सालिक राम धुरिया,चित्र पर पुष्प अर्पित किया।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि भाजपा के सभी मंडलों में महात्मा गांधी जी के चित्र पर मण्डल अध्यक्ष रवि सिंह चौहान,गौरव श्रीवास्तव, सदा राम वर्मा सहित सभी मंडलों में चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाया गया।

गांधी जयन्ती पर एनडीआरएफ टीम ने चलाया व्यापक पौधरोपण अभियान

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

अभियान में शामिल टीम के सदस्य पायनियर

वाराणसी से आई टीम ने इंस्पेक्टर पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में टांडा तहसील के त्रिलोकनाथ डिग्री कालेज में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें टीम के सदस्य शामिल हुए तथा विद्यालय के पीछे बगीचे की सफ़ाई की गई। स्मारक वाले हिस्से में वृक्षारोपण भी किया गया । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वछ और समृद्ध भारत बनाना रहा। वृक्ष लगाने से बहुत सारे फायदे हैं। हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा होता हैं । जीवन से मरण तक वृक्ष का अहम किरदार होता हैं, तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों मे इसे लगाने से मृदा क्षरण नहीं होता हैं । अत: पेड़ जरूर लगाये और इनके महत्व को समझे पर्यावरण को बचाने और जीवंत रखने के लिये वृक्षों का होना अत्यंत जरूरी हैं। इस कार्यक्रम में इंटर कालेज के प्रिंसिपल राम दास भी उपस्थित थे।

सरकार की नीतियों के विरोध में सपाइयों ने छेड़ा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर गांधी जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारीयो और कार्यकर्ताओं ने हाथरस में हैवानियत की शिकार बेटी का प्रशासन द्वारा परिजनों की गैरमौजूदगी में अंतिम संस्कार, किसान विरोधी बिलों के जरिये किसानों को खेत मालिक की जगह, खेत मजदूर बनाने की साजिश, विपक्ष/समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का सत्ता द्वारा दमन, प्रदेश में बद से बदतर होती कानून व्यवस्था, ऐतिहासिक बेरोजगारी के विरोध में शांतिपूर्ण ढंग से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए गांधी प्रतिमा पर मौन सत्याग्रह किया। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा राज में लोकतंत्र और संविधान दोनों का तिरस्कार हो रहा है। इस अवसर पर जियाउल इस्लाम, अखिलेश यादव, डॉ. मोहसिन खान, चंद्रबली यादव, अवधेश यादव, रजनीश यादव, विजय बहादुर यादव, यशपाल रावत, अमरेंद्र निषाद, मनुरोजन यादव, सिंहासन यादव, मुन्नीलाल यादव, मिर्जा कदीर बेग, जितेंद्र सिंह, अमित सिंह सैथवार, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, विश्वनाथ विश्वकर्मा, दूधनाथ मौर्य, शहाब अंसारी, हाजी शकील अंसारी, पंकज शाही, राघवेंद्र तिवारी राजू बिंदा देवी, सुशीला भारती, नमिता सिंह अख्तर जहां, उर्मिला देवी, कंचन श्रीवास्तव, सुमन पासवान, दुईजा देवी, कीर्ति निधि पांडेय, राहुल गुप्ता, संजय पहलवान, चर्चिल अधिकारी, नंदलाल कन्नौजिया, मुक्तिनाथ मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव, शिव शंकर गौड, अशोक चौधरी आदि उपस्थित रहें।

धारदार हथियार से युवक की नृशंस हत्या

अम्बेडकरनगर। चारपाई पर सो रहे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजन इस उम्मीद के साथ उसे जिला चिकित्सालय लेकर पंहुचे शायद उसकी सांसे चल रही हों लेकिन यहां पंहुचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सालय प्रशासन की सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। मृतक के परिजन के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। घटना सम्मनपुर थाना क्षेत्र के अमरौला गांव की है। जानकारी के अनुसार रामवृक्ष का 25 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र बीते गुरूवार की सुबह घर से महरूआ दोस्त के यहां जाने की बात कहकर निकला था। वह शाम को लगभग सात बजे घर वापस आया और रात लगभग 11 बजे किसी का फोन आया और वह बात करते - करते घर से निकल कर बाग की तरफ चला गया। उसके दादा ने उसे जाते हुए देखा था।

राष्ट्रीय मंत्री बनने पर सांसद हरीश द्विवेदी का भाजपाइयों ने किया जोरदार अभिनंदन

संवाददाता। अयोध्या

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री बनने के उपरान्त अपने संसदीय क्षेत्र जा रहे बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी का नगर निगम की सीमा सहादतगंज पर ढोल नगाड़ो के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने की। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री को 51 किलो की माला पहनाई गयी तथा पुष्प गुच्छ भी प्रदान किया गया। इस दौरान उन्होने महानगर जिलाध्यक्ष से संगनात्मक गतिबिधियों के विषय में जानकारी भी हासिल की। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी ने कहा कि सम्पर्कए संवाद व प्रवास के माध्यम से भाजपा हमेशा समाज से जुड़ी रहती है। सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने की लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। महापौर ऋषिकेष उपाध्याय ने कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर सामूहिक निर्णय के अनुसार भाजपा काम करती है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भावना के साथ हम समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कोरोना आपदा के दौरान गरीबों व जरुरतमंदों की सेवा में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपनी पूरी शक्ति के साथ कार्य किया। इसकी आज हर ओर तारीफ हो रही है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि कोरोना आपदा में भी देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। 51 किलो की माला पहनाने वालों में भाजपा नेता कर्मवीर सिंह, काशीराम रावत, विद्याकांत द्विवेदी, भानू प्रताप सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, एलडीबी चेयरमैन इन्द्रभान सिंह, कमलेश श्रीवास्तव, अशोका द्विवेदी, विजेता जायसवाल, पूजा रावत, वासुदेव मौर्या, दिवाकर सिंह, मनोज वर्मा, शैलेन्दर कोरी, प्रतीक श्रीवास्तव, तिलकराम मौर्या, परमानंद मिश्रा, डा राकेश मणि त्रिपाठी, अंशुमान मित्रा, रमेश पाण्डेयए रवि सोनकर, सचिन सरीन, आलोक द्विवेदी, नगर निगम के उपसभापति बुद्धिपाल प्रजापति मौजूद रहे। रौनाही टोल प्लाजा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू की उपस्थित में बडी संख्या में लोगो ने स्वागत किया। इस अवसर पर अरुण तिवारी, जिला पंचायत सदस्य मिंटू सिंह, कप्तान तिवारी, रामचन्द्र गोस्वामी, विष्णु निषाद मौजूद रहे।

बापू पर लगाई गई प्रदर्शनी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में गांधी जयन्ती के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के इन्वायरमेंट एण्ड हाउस कीपिंग मैनेजमेंट(ई.एन.एच.एम.) के तत्त्वावधान में ई.एन.एच.एम. के प्रमुख, प्रमुख यांत्रिक इंजीनियर अरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देशन में उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ ई.एन.एच.एम. की देख-रेख में गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता उपकरणों, सामग्रियों एवं कोरोना से बचाव के सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गयी। स्वच्छता तथा कोरोना महामारी से बचाव एवं रोकथाम पर पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड के सदस्यों एवं कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के आरम्भ में अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक एवं अन्य प्रमुख विभागाध्यक्षों ने स्वच्छता बैनर पर अपने विचार लिखे। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एल.सी.त्रिवेदी ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता पखवाड़ा के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गन्दे स्थानों की सफाई मैकेनाइज्ड रूप से कराना चाहिये। महाप्रबन्धक ने स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत किये गये कार्यों के लिये ई.एन.एच.एम. अनुभाग के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अपर महाप्रबन्धक अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि गांधी स्वयं सफाई करते थे। जबकि हम अपने घर के अन्दर की सफाई करते है और बाहर की सफाई पर ध्यान नहीं देते। हमें गांधी जी के स्वच्छता कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिये स्वयं स्वच्छता कार्यों में योगदान देना चाहिये। महात्मा गांधी का शब्द है स्वतन्त्रता से भी ज्यादा जरूरी स्वच्छता है। अपर महाप्रबन्धक श्री अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी के इन्हीं विचारों को चरितार्थ करने के लिये भारतीय रेल सतत् प्रयत्नशील है। इस स्वच्छता प्रदर्शनी में स्वच्छता पखवाड़ा-2020 के अन्तर्गत किये गये कार्यों के प्रदर्शनी लगायी गयी। उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/ ई.एन.एच.एम. ए.के. पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि हमें स्वच्छता की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता को बढ़ावा देना चाहिये। नुक्कड़ नाटक का संचालन अशोक महर्षि एवं श्री राधेश्याम ने किया।

हाथरस की घटना को लेकर सपा का मौन सत्याग्रह

संवाददाता। अयोध्या

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर मौन सत्याग्रह करने का, जिसमें निम्न मुद्दों पर कार्यकर्ता व नेता तख्तियाँ लेकर मौन सत्याग्रह कर रहे थे। हाथरस में हैवानियत का शिकार बेटी का प्रशासन द्वारा परिजनों की गैरमौजूदगी में अन्तिम संस्कार, किसान विरोधी बिलों के जरिये किसानों को खेत मालिक की जगह खेत मजदूर बनाने की साजिश, विपक्ष/समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का सत्ता द्वारा दमन, प्रदेश में बद से बदतर होती कानून व्यवस्था व ऐतिहासिक बेरोजगारी आदि मुद्दे शामिल रहे। जिला और महानगर समाजवादी पार्टी के संयुक्त आयोजन में गांधी पार्क में सत्याग्रह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद, पूर्व राज्यमंत्री आनंदसेन यादव, पूर्व राज्यमंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन, पूर्व विधायक अभय सिंह, महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, बाबूराम गौड़, ईश्वरलाल वर्मा, एजाज अहमद, अमृत राजपाल, मो0 हलीम पप्पू, चौ0 बलराम यादव, राघवेन्द्र प्रताप सिंह 'अनूप', शिवबरन यादव पप्पू, केके पटेल, पारसनाथ यादव, शम्भूनाथ सिंह दीपू, राकेश यादव, जगन्नाथ पाल, जयसिंह यादव, छोटेलाल यादव, दान बहादुर सिंह, इन्द्रपाल यादव, नरेश अग्रवाल, सरोज यादव, उमा यादव, संजय यादव, सुरेन्द्र यादव, ओपी पासवान, श्रीचन्द यादव, मंसूर प्रधान, रोली यादव, अंसार अहमद बब्बन प्रधान, अर्पणा जायसवाल, विद्याभूषण, जाकिर हुसैन पाशा, अनिल यादव, नन्हकन यादव, मो0 अपील बब्लू, मो0 सोहेल, चन्द्रभान यादव, वसी हैदर गुड्डू, जेपी यादव, अनिल यादव बब्लू, रिजवान हसनैन, राम बक्श यादव, मंसूर इलाही, आभाष कृष्ण कान्हा, अवधेश गोस्वामी, त्रिभुवन प्रजापति, डा0 निशात अख्तर, नविता मेहरोत्रा, निशा खान, इमरान खान, नौशाद राईन, औरंगजेब खान, सुरेश इंसान, फरीद कुरैशी, अर्जुन यादव सोमू, विशाल पाल टिंकू, जगतनारायण यादव, उमेश यादव, दीपक यादव राधे, तरजीत गौड़, प्रदीप चैबे, रक्षाराम यादव, शमशेर यादव, रामानन्द यादव, जगतनाथ यादव, डा0 घनश्याम यादव, निर्मल वर्मा, करन यादव मुन्नू, सौरभ सिंह यादव, पृथ्वीराज यादव, माजिद खान, असलम पठान, शहबाज लकी, शक्ति जायसवाल, वकार अहमद, इरशाद, राहुल यादव पिन्टू, रिक्की यादव, प्रभूनाथ जायसवाल, शिवांशु तिवारी, शादमान खान, मो0 शोएब, सन्टी तिवारी, अरूण निषाद, भानू यादव, संदीप यादव शनि, गुरूदेव वर्मा, उमेश यादव, देवमणि कनौजिया, प्यारे पहलवान, तुलसीराम, जाबिर, पावन यादव, नीरज तिवारी, संजय यादव, अमित कुमार, विपिन यादव, इश्तियाक खान, अमृतलाल वर्मा, विजय बहादुर वर्मा, रजनीश यादव, जितेन्द्र प्रजापति, रंजीत शर्मा, प्रेम यादव, आयुष श्रीवास्तव, अंकित यादव, मो0 आरिफ आदि लोग मौजूद रहे।

हाथरस की घटना और किसान बिल के विरोध में सपा ने छेड़ा सत्याग्रह

● प्रदेश सरकार पर लगाया अपराध व अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप

अम्बेडकरनगर। समाजवादी पार्टी द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के आहवान पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर के निकट जिलाध्यक्ष रामशकल यादव की अध्यक्षता में हाथरस की घटना, किसान बिल के विरोध में दो घंटे का मौनव्रत रखते हुए सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सपाई मौजूद रहे। पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा ने कहा कि सत्याग्रह के माध्यम से जिस तरह से महात्मां गांधी ने एक मजबूत लड़ाई लड़ते हुए देश को आजाद कराया था उसी तरह से हमारी पार्टी प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध से प्रदेश वासियों को मुक्ति दिलायेगी। हाथरस की घटना के बारे में उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। सत्ता के संरक्षण में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है। अपराधियों पर कार्यवाही करने के बजाय सरकार इन्हें बचाने में लगी है। पूरे प्रदेश में लूट-खसोट मची हुई है। इसके साथ-साथ केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये किसान बिल को वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान कार्यक्रम पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय, पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा, पूर्व मंत्री गोपीनाथ वर्मा, जिला महासचिव मुजीब अहमद, श्रीमती विद्यावती राजभर, डॉ0 अभिषेक सिंह, चौधरी उत्तम पटेल, अनीसुर रहमान, आनन्द वर्मा, संदीप यादव, भीम लाल कन्नौजिया, अनिल निषाद, अनिल मिश्रा, दीपू पाण्डेय, वीरेश पाण्डेय, रवि मांझी, जगदीश राजभर, प्रद्युम्न यादव, मलखान सिंह, जितेन्द्र निषाद, प्रशान्त राजभर, महेन्द्र यादव, अमरजीत, आलम अंसारी, सहित दर्जनों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जयंती पर किया गया ध्वजारोहण

गोरखपुर। कबूतरी देवी राजेश्वर त्रिपाठी स्मारक पी.जी. कालेज बालेन्द्रपुरी, डुमरी खास, में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं व एन. सी.सी. के कैडेटों तथा बी.एड. की छात्राओ द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती महाविद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल में कोविड 19 वैश्विक महामारी के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मनाया गया। उक्त अवसर पर कालेज के संस्थापक बालेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी एवं कालेज के उपाध्यक्ष राधे श्याम त्रिपाठी द्वारा संयुक्त रुप से ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्यवान कुमार यादव, डॉ. गीता शुक्ला, डॉ. राम प्रभाकर, डॉ. मोहम्मद मुस्तफ़, डॉ. राघवेन्द्र चौहान, डॉ. रामू गुप्ता, डॉ. शैलेश मल्ल, डॉ. बलजीत, डॉ. आर.के. विश्वकर्मा, शिल्पी श्रीवास्तव, अविनाश, राजेश्वर, वंदिता त्रिपाठी, रामनिवास, बाबूलाल आदि उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त-जिलाधिकारी ने डाला प्रकाश

गोरखपुर। महात्मा गांधी के जयन्ती वर्ष को गांधी जयंती समारोह के रूप में मनाया गया साथ ही लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस को भी मनाया गया। इस अवसर पर आयुक्त प्रांगण में मंडलायुक्त जयन्त नार्लिकर, कलेक्ट्रेट प्रांगण में प्रभारी जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के एक बड़े चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया। उसके बाद गांधी/शास्त्री के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला।

युवक की ट्रक के नीचे दबकर मौत

फतेहपुर (**बाराबंकी**)। अपने ट्रक में डीजल भरवाने के लिए बाइक से जा रहे युवक की असंतुलित होकर ट्रक के नीचे दब जाने से मौत हो गई । जानकारी के अनुसार थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के कस्बा सूरतगंज निवासी शिवम वर्मा (22 वर्षीय) पुत्र शक्तिमान वर्मा अपनी ट्रक में डीजल भरवाने के लिए पेट्रोल पंप पर जा रहे था कि ट्रक के आगे था और शिवम अपनी बाइक से पीछे चल रहा था तभी शिवम ने हनुमान मंदिर के पास ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया और मोटरसाइकिल का स्टैंड लगा होने के कारण शिवम अपना संतुलन खो बैठा और ट्रक के नीचे आ गया ट्रक के नीचे आने से युवक बुरी तरह से घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सूरतगंज सीएचसी में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने हालत नाजुक देते हुए ड्रामा सेंटर रेफर कर दिया ओर इलाज के दौरान मौत हो गई।

मारफीन बरामद, दो को जेल भेजा

सिद्धौर (बाराबंकी)। पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद चतुर्वेदी के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष कोठी शैलेश कुमार यादव के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामकेवल पुत्र स्व. विपत निवासी लदई का पुरवा मजरे दुन्दीपुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी व अम्बिका प्रसाद पुत्र स्व. सन्तराम निवासी लदई का पुरवा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को इब्राहिमाबाद मोड़ गंगागंज रोड ग्राम इब्राहिमाबाद थाना कोठी से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 60 ग्राम मारफीन बरामद किया गया।

नकली डीजल बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

बाराबंकी। जैदपुर सफ्दरगंज मार्ग पर स्थित एक फैक्ट्री में नकली डीजल बनाने का शुक्रवार को नायब तहसीलदार ने छापा मारकर उक्त फैक्ट्री से 24 ड्रम केमिकल व मिट्टी का तेल बरामद किया है। विदित हो कि गत दिनों ग्रामीणों ने एसडीएम सदर अभय कुमार पाण्डेय को सूचना दी थी कि जैदपुर सफ्दरगंज मार्ग पर प्रकाश पेट्रो फैक्ट्री मे कैमिकल व मिट्टी का तेल मिलाकर नकली डीजल बनाया जा रहा है। इसपर ग्रामीणों की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम ने मामले की जांच नायब तहसीलदार को सौपी थी। शुक्रवार को जब नायब तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ छापा मारा तो वहां भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से 24 ड्रम केमिकल व मिटटी का तेल बरामद हुआ जिसे पुलिस सील करके अपने कब्जे में ले लिया बताया जाता है उक्त अवैध कारोबार यहां लम्बे समय से हो रहा था लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नही जा रहा था नायब तहसीलदार ने बताया कि कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट एसडीएम को दी जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत

बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी का भाजपाइयों ने कई जगह स्वागत किया। श्री द्विवेदी राष्ट्रीय टीम में प्रदेश मंत्री बनने के बाद पहली बार शुक्रवार को लखनऊ से बस्ती जा रहे थे। फैज़ाबाद रोड स्थित भाजपा कार्यालय के सम्मुख जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में विधायक शरद अवस्थी, क्षेत्रीय मंत्री अजीत प्रताप सिंह, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, डा. हरिनाम सिंह, संजीव वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रामेश्वरी त्रिवेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, आशीष शर्मा, गुरदीप सिंह सिद्ध, रविकांत शुक्ला, चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने स्वागत किया।

हर्षोल्लास के साथ मनी गांधी जयंती

तिलोई (**अमेठी**)। ब्लाक क्षेत्र सिंहपुर एवम तिलोई के राजकीय इंटर कालेज इंहौना, संतपथिक इंटर कालेज महेश पुरएमां सरस्वती पब्लिक स्कूल शिवरतनगंज, जागृति इंटर कालेज कुकहा रामपुर, ज्ञानदायिनी उमा विद्यालय सेमरौता, रामजानकी बाजपेई, बालिका इंटर कालेज, चित्रांश पब्लिक स्कूल, सेमरौता पब्लिक स्कूल, राम कृष्ण पब्लिक स्कूल, डॉ प्रताप नारायण मिश्र इंटर कालेज राजफत्तेपुर, सूर्यपाल अग्निहोत्री इंटर कालेज सेमरौता, राजरानी अग्निहोत्री परास्नातक महाविद्यालय सेमरौता में गांधी शास्त्री जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय में शिक्षकों द्वारा गांधी जी एवम शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

जीव संरक्षण जागरूकता अभियान शुरू

अमेठी। प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के तहत गुरुवार को पर्यावरण कामावन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अमेठी के द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज अमेठी में वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जागरूकता अभियान शुरू किया गया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप प्रभागीय वनाधिकारी एके सिंह शामिल हुए। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक मनाए जाने वाले वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के तहत जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्थानीय अमेठी कस्बा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में ऑनलाइन वर्चुअल कांफ्रेंसिंग के द्वारा छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया । मुख्य अतिथि उप प्रभागीय वनाधिकारी एके सिंह ने ऑनलाइन वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े लोगों से वन्य जीवों की सुरक्षा व उसके महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है कि वन्य प्राणियों की सुरक्षा करे ।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वन्य जीव सिर्फ कागज पर न रह जाए इसके लिए हम सब लोगों को अपने आसपास जीव जंतुओं पक्षिओं जो की प्रकृति के अभिन्न अंग है को बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का संकल्प लें।

सांसद ने किया इंटरलाकिंग रोड का उद्घाटन

सिद्धौर (**बाराबंकी**)। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम ममरखापुर में डामर रोड से ग्राम देवता के स्थान तक निर्मित इंटरलाकिंग तथा ग्राम मंझपुरा मजरे टेडवा में मनोज वर्मा के घर से कन्हैया लाल रावत के घर तक निर्मित नाली का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे सभी बुनियादी सुविधा को दुरूस्त किया जा रहा है। जब से देश एवं राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। तब से विकास तेजी से हो रहा है तथा योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। अपने सम्बोधन में सांसद रावत ने कहा कि आज दो महापुरुषों की जयंती भी है राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं हमारे पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री को हम श्रधा सुमन अर्पित करते है। पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाने वाले महात्मा गांधी ने देश को गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति दिलाने में जी.जान लगा दिया।

देश व समाज को बदलना है तो खुद भी बदलें: डीएम

अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं

जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

संवाददाता। प्रतापगढ़

कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि देश और समाज को बदलने के लिये व्यक्ति को स्वयं को भी बदलना होगा। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस पर सब लोगों को इस बात की शपथ लेनी होगी कि वे स्वच्छता को अपनायेगें और हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेगें और अपने घर व आस-पास गन्दगी नहीं होने देगें।

दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते है उसका प्रमुख कारण यह है कि वहां के नागरिक न गन्दगी करते है न होने देते है, इस विचार के साथ सभी लोगों को गांव-गांव, गली-गली में स्वच्छ भारत मिशन के लिये लोगों को जागरूक करेगें। स्वच्छता के प्रति हमारा बढ़ाया गया एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

उन्होने कहा कि महात्मा गांधी जो कहते थे, वहीं करते थे इसलिये जनता उनसे जुड़ जाती थी जिससे वे जन आन्दोलन चला सके। महात्मा गांधी जी भेदभाव की परम्परा को नष्ट करने के लिये आजीवन संघर्ष करते रहे। उन्होने कहा कि हम चाहे जिस पद पर हो उस पर ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करें और जन मानस के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होने समाज के सभी वर्गो में आजादी की लव प्रचलित कीं। उन्होने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया व देश में ही नही विश्व प्रसिद्ध है और इससे हमारे देश का गौरव आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि हमें दूसरों की पीड़ा समझने की एवं उसे दूर करने की जरूरत है। शास्त्री जी जय जवान-जय किसान का नारा देकर भारत को ऊर्जावान बनाने एवं किसानों को सामान्य आत्म निर्भर बनाने पर जोर दिया। आज देश खाद्यान्न में आत्म निर्भर है, तेजी से सभी क्षेत्रों में विकसित हो रहा है लेकिन फिर भी हम अभी जीवन की गुणवत्ता के कई मामलों में पीछे है अत: इसे हम लोग दूर करने का संकल्प लें। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई कक्ष में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी।

गांधी की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्वावलम्बन और अहिंसा को भी आत्मसात करने की जरूरत: त्रिपाठी

संवाददाता। बाराबंकी

जब ग्राम स्वराज आएगा तभी देश स्वावलम्बी बनेगा। स्वावलम्बन का यह नारा गांधी जी ने दिया थी। उन्होंने समानता को ग्राम स्वराज का बुनियादी सिद्धान्त बताया था। इसलिए हमें अपने जीवन स्वदेशी के अलावा स्वावलम्बन और अहिंसा को भी आत्मसात करने की जरूरत है। तभी गांधी के रामराज्य की परिकल्पना की जा सकती है। यह बात गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151वीं जयन्ती पर गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी ने कही। इससे पूर्व गांधी भवन में उन्होंने झण्डारोहण किया। तदोपरान्त महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी की मूल धारणा एवं विचार आज भी महत्वपूर्ण है। गांधी जी ने समाज को कौमी एकता के बंधन में बांधने का काम किया। उनके विचारों की प्रसांगिकता कभी समाप्त नहीं होगी। जब देश में नफ्रत नही होगी और गैरबराबरी नहीं होगी तभी रामराज आएगा और यही असली समाजवाद होगा।सभा की अध्यक्षता कर रहे गांधी जयन्ती समारोह के अध्यक्ष मो0 उमेर किदवई ने कहा कि महात्मा गांधी ने समाज में मोहब्बत का पैगाम दिया था। उनके अहिंसाए स्वदेशी और सत्याग्रह के संदेश को साकार रूप देने का प्रयास गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट कर रही है। इस संस्था ने देश को आपसी सौहार्दए स्वदेशीए अखंडता और मानवता के सूत्र में बांधने की अनूठी पहल की है। प्रसपा नेता धनंजय शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को जिन्दा रखने की जरूरत है। जिसके लिए किसी वैभव या आभामंडन की आवश्यकता नहीं है। गांधी के विचार ही उनके व्यक्तित्व को परिभाषित करते है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभा का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूं नईम खान ने किया।

गांधी जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर दी गई श्रद्धांजलि

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। गांधी-शास्त्री जयंती पर नगरीय एवं ग्रामीणांचलों मे ध्वजारोहण तथा सोशल डिस्टेंसिग के बीच परिचर्चा संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। सार्वजनिक संस्थानों मे ध्वजारोहण के साथ महात्मा गांधी तथा शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जगह जगह रामधुन के आयोजन मे भी लोगों ने महात्मा गांधी के विचारो को नमन किया। सिविल न्यायालय मे सिविल जज विनीत यादव ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद गांधी शास्त्री दर्शन पर सभागार मे हुई परिचर्चा मे सिविल जज विनीत ने गांधी के विचारो को मानवीय मूल्यों को संरक्षित करने वाला शाश्वत विचार ठहराया। प्रारम्भ मे रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने गांधी शास्त्री के जीवनदर्शन पर विषय प्रवर्तन किया। अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन अधिवक्ता शहजाद अंसारी ने किया।

रक्तदान कर दूसरों के जीवन की रक्षा करें: डीएम

ललितपुर। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्त कोष, जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारीए ललितपुर अन्नावि दिनेशकुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरान्त कार्यक्रम में जनपद में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। मौके पर मनीष पटवारी द्वारा जिलाधिकारी महोदय की उपस्थिति में रक्तदान किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष आज के ही दिन सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जाता है। आज का राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर श्रक्तदान करके देखो, अच्छा लगता है की थीम पर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि आबादी के हिसाब से पूरे प्रदेश में जनपद ललितपुर में सर्वाधिक रक्तदान किया जाता है।

सरकारी सुविधाओं के लिए सभी को जागरुकता दिखानी होगी: सदर विधायक

संवाददाता। प्रतापगढ़

दिव्यांगों को सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभांवित किया जा रहा है। ऐसे में जिले के दिव्यांग बच्चों को बांटे गए उपकरण से उनके जीवन में नया संचार आएगा। उनको सरकार की ओर से मिल रही सुविधाओं का लाभ दिलाने के व लेने के लिए अभिभावकों को भी जागरुकता दिखानी होगी। उक्त बातें विकास भवन के प्रांगण में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर दिव्यांग जनों के हितार्थ कृत्रिम अंग सहायक उपकरण के वितरण के मौके पर सदर विधायक राजकुमार पाल ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों की सुविधाओं के लिए निरंतर योजनाओं को संचालित कर रही है। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि सरकार की नीति का लाभ सबको प्राप्त हो, इसके लिए प्रदेश सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है। दिव्यांगों को ट्राई साइकिल मिलने से उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए किसी की सहायता की जरूरत नहीं होगी। इस मौके पर दिव्यांग जनों के हितार्थ में दो दर्जन से अधिक दिव्यांगों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर पट्टी ब्लॉक सभागार में में भी दो दर्जन से अधिक दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण का वितरण किया गया।

उत्तर प्रदेश में बेटियों के साथ हो रहा अत्याचार: तिलक यादव

संवाददाता। ललितपुर

उत्तर प्रदेश में बेटियों के साथ हो रहे अत्याचार के मामलों में सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है। घटना के बाद राजनैतिक दलों को हाथरस जाने से रोका जा रहा है। लगातार विरोध के बाद भी किसानों को खेतिहर मजदूर बनाने वाले बिल पर विपक्ष की बात क्यों नहीं सुनी जा रही है ।

इन सबको लेकर घण्टाघर मैदान में सपाइयों ने दो घण्टे का मौन सत्याग्रह किया। सत्याग्रह उपरान्त सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव ने कहा कि प्रदेश की सत्ता पर जब से भाजपा सरकार के नेतृत्व में सरकार बनी है। तब से कानून व्यवस्था में लगातार गिरावट आयी है। एनकाउण्टर के नाम पर कई लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। अपराध मुक्त प्रदेश होने का दावा करने वाली सरकार में कानपुर का विकास दुबे काण्ड काफी चर्चाओं में रहा। जिसने लोगों का विश्वास खाकी से दूर करने का प्रयास किया। वहीं अब हाथरस में दलित युवती से सामूहिक दुष्कर्म के बाद दरिंदगी पूर्ण तरीके से पीड़िता की रीढ़ की हड्डी तोड़ने, जीभ काटने जैसे घिनौने अपराध को बहशियों द्वारा अंजाम दिया गया।

सरकार कानून व्यवस्था को सुद्रढ़ नहीं बना पाने के कारण अब अपनी नाकामियों को छिपाने का काम कर रही है। जिसका परिणाम है कि हाथरस जाने वाले सभी रास्तों पर भारी पुलिस बल तैनात है और यहां के सरकारी अफ्सर मीडिया से भी उलझते हुए लगातार झूठ बोलने में लगे हुये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है। मौके पर पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली सरकार ने कृषि अध्यादेश को कानून बनाकर खेतीहर किसान को खेतीहर मजदूर बनाने का काम कर दिया है। इससे प्राईवेट सेक्टर किसानों की उपज का मनमाना दाम तय करेंगी, जिससे किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार, जिला सचिव कृष्ण स्वरूप निरंजन, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सरिता यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी ने भी सभा को संबोधित किया।

हाथरस कांड को लेकर युवा कांग्रेसियों ने निकाला विरोध मार्च, पुलिस से झड़प

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**) हाथरस मे दुष्कर्म पीड़िता की मौत को लेकर शुक्रवार को युवा कांग्रेसियों ने नगर मे विरोध मार्च निकाला। युवा कांग्रेसियों का जत्था जिलाध्यक्ष सुधीर तिवारी की अगुवाई मे विरोध मार्च के लिए निकला। हाथों मे दुष्कर्म के दोषियों को फांसी की मांग तथा योगी सरकार इस्तीफा दो का स्लोगन लिए युवा इंकाई नारेबाजी करते इंदिरा चौक पहुंचे। युवा कांग्रेसियों के हुजूम को लेकर चौक पर यातायात अचानक ठहर गया।

इसके बाद युवा इंकाई पार्टी के झंडे बैनर के साथ चौक से आगे बढे तभी सीएचसी के समीप कोतवाल भारी फोर्स के साथ पहुंच गये। कोतवाल ने युवा कांग्रेसियों से प्रदर्शन रोकने को कहा। इस पर जिलाध्यक्ष सुधीर तथा अन्य युवा इंका नेता कोतवाल से नोंकझोक करने लगे। कोतवाल ने किसी तरह प्रदर्शनकारियो को समझाया बुझाया तब भी वह जुलूस की शक्ल मे विधायक के कैम्प कार्यालय तक वापस पहुंचाया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कैम्प कार्यालय पहुंचकर गांधी शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए हाथरस की बेटी को भी श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर सिंटू मिश्र, प्रीतेंद्र ओझा, सौरभ शास्त्री, रजत तिवारी, भूपेंद्र तिवारी, ओम पाण्डेय, अतुल मिश्र, चंदन, आकाश मिश्र, सोनू कनौजिया, आकाश मिश्र, रणविजय यादव, यादवेंद्र तिवारी, शिवम पाण्डेय, गोविंद मिश्र, हिमांशु तिवारी, अमित मिश्र, गोलू रजक, अंकेश पाण्डेय, अभिषेक कोरी, मंटू मिश्र, बच्चा तिवारी, राम पाण्डेय, अतुल द्विवेदी, अनुज द्विवेदी, सिद्धार्थ तिवारी, आशीष बाबा, ऋषभ तिवारी आदि रहे। वहीं गुरूवार की देर शाम कांग्रेसियो ने इंदिरा चौक पर कैण्डिल जलाकर हाथरस घटना की जांच की मांग की।

अभी भी रहस्य के घेरे में है सिपाही आशुतोष की मौत

लालगंज (प्रतापगढ़)

कोतवाली की बैरिक में गाजीपुर जिले के यहां तैनात रहे सिपाही आशुतोष यादव की एके सैतालिस से हुई मौत को लेकर आला अफ्सर भी जांच पड़ताल की प्रगति खंगालने लगे है। गुरूवार की देर शाम जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दिनेश द्विवेदी कोतवाली मुख्यालय आ धमके। एएसपी ने जांच अधिकारी सीओ जगमोहन से मृतक सिपाही के केस को लेकर अब तक की जांच की स्थिति की जानकारी हासिल की। एएसपी ने सीओ को भी इस घटना की जांच मे लापरवाही न बरते जाने को लेकर आगाह किया। एएसपी ने सीओ से दो टूक कहा कि जांच की दिशा मे भटकाव दिखा तो उनका भी हस्र निलंबित कोतवाल राकेश भारती की तरह ही हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक वही एएसपी ने सीओ को मृतक सिपाही के स्टाफ तथा वीट मे भी उसके करीबियो से भी पूछताछ कर तथ्य एकत्रित करने के निर्देश दिये। एएसपी ने घटना के बाबत निलंबित कोतवाल राकेश भारती को भी तलब किया।

भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियां समाप्त होनी चाहिए: गिरीश

संवाददाता। ललितपुर

विकास भवन परिसर में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि सरकार ने दिव्यांगजनों के विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं, जिससे दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी दिव्यांग अपने आपको किसी कार्य में अक्षम न समझेए हर व्यक्ति में कोई न कोई विशेषता होती है जो दूसरों में नहीं होती, जरुरत है तो बस अपनी क्षमता को पहचानने की। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिव्यांगजनों के विवाह के लिए दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना योजना संचालित की है जिसमें वर अकेले के दिव्यांग होने पर 15000, वधू अकेले के दिव्यांग होने पर 20000, एवं वर-वधू दोनों के दिव्यांग होने पर 35000 रुपये का अनुदान प्रदान किया जाता है। विवाह के समय वर की आयु 21 से 45 वर्ष के मध्य हो एवं वधू की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इसके साथ ही दुकान संचाचल योजना से दिव्यांगजनों को स्वरोजगार स्थापित करने के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। इसमें दुकान निर्माण हेतु 20000, तथा दुकान, खोखा, गुमटी, ठेला संचालन हेतु 10000 रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। इसी प्रकार दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत 500 प्रतिमाह एवं कुष्ठावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 2500 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि आज कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजना के तहत 21 पात्र लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल वितरित की जा रही है।

बढ़ते बलात्कार

पुलिस सुधारों की जरूरत

देश में महिला-विरोधी अत्याचारों में बढ़ोत्तरी एक सामाजिक यथार्थ बनती जा रही है। हम इस त्रासदी को बहुत बुरा मानते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। कुछ सीमा तक इसका कारण राज्य द्वारा अपराधियों को फौरन दंड न मिलना है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में दलित महिला के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद बलरामपुर में जिले में एक दलित लड़की के साथ यही हुआ जो घर वापस लौट रही थी। हालांकि, पुलिस ने फारेंसिक परीक्षण के आधार पर दावा किया है कि हाथरस मामले में बलात्कार नहीं हुआ था, पर पीड़िता को भयानक चोट पहुंचाई गई थी। वास्तव में किसी दलित लड़की के आगे बढ़ने पर उसे सामाजिक व्यवस्था के लिए ख्शतरा माना जाता है। पुलिस की कार्रवाई सही न होने के कारण कानून का शासन प्रभावित होता है तथा अपराधियों का हौसला बढ़ता है। पिछले वर्ष लोकसभा में एक गैर तारांकित सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने स्वीकार किया था कि दलितों व अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामले बढ़े हैं। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो-एनसीआरबी के अनुसार, 2019 में महिला विरोधी हिंसा के मामले बढ़े हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने समस्या से निपटने के लिए धारा 144 लगाई है तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस के पीड़ित परिवार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात कर उसे हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। लेकिन पुलिस सुधार की तमाम संस्तुतियां व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदेश व

जिला स्तर पर पुलिस शिकायत प्रकोष्ठों की स्थापना समुचित रूप से नहीं हुई है। सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस द्वारा जांच तथा कानून व्यवस्था कार्यों को अलग करने के सुझाव भी दिए थे ताकि पुलिस को पक्षपात के शिकंजे से बचाया जा सके। सर्वोच्च न्यायालय ने इस संबंध में 1979 की एक रिपोर्ट पर गौर किया था। ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने चेतावनी दी थी कि पुलिस पर राजनीतिक कार्यपालिका का अत्यधिक नियंत्रण उसे एक खतरनाक औजार में बदल सकता है। ऐसी स्थिति में कानूनी प्रक्रिया से छेड़छाड़ तथा तानाशाही व्यवस्था का विकास हो सकता है जो लोकतंत्र की नीव हिला देगी। दंड न्याय प्रणाली में पुलिस का अभिन्न स्थान है जिसकी सभी कार्रवाइयों को अंतत: न्यायिक अधिकारियों के समक्ष रखा जाता है। सीआरपीसी की धारा 311 में एक प्राविधान शामिल करने का सुझाव भी दिया गया था जिसके अनुसार अदालत को पुलिस अधिकारी या वरिष्ठ निगरानी अधिकारी को उपयुक्त जांच हेतु निर्देश देने का अधिकार हो। इसमें पीड़ित को सुरक्षा देने के प्राविधान भी शामिल किए जा सकते हैं। इस बात पर कोई सीमाबंधन नहीं होना चाहिए कि शिकायत कौन कर रहा है क्योंकि इसका अर्थ प्रभावित पक्ष पर अविश्वास करना होगा। इसके साथ ही पीड़ित को शपथपत्र देने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए। यह खासकर गरीब लोगों पर एक बोझ की तरह हो सकता है जिससे वे सहयोग के लिए आगे आने से हिचकते हैं। इसके साथ ही पुलिस को कुछ मामलों में संवेदनशीलता पर खास ध्यान देना चाहिए। उपयुक्त पुलिस सुधारों के साथ पुलिस समाज पर नियंत्रण के बजाय उसकी सेवा करने में सक्षम बन सकेगी।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

नई शिक्षा नीति का परीक्षण इस आधार पर होना चाहिए कि यह भारतीयों को उनकी जड़ों से कहां तक जोड़ती है और विचारों की स्वतंत्रता का रास्ता खोलती है।

जे एस राजपूत
(लेखक शिक्षा व सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं)

भारत नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 के क्रियान्वयन चरण में प्रवेश कर रहा है। इसका उद्देश्य 'एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था बनाना है जो भारतीय सोच के अनुकूल हो तथा इंडिया या भारत को बदल कर इसे एक समतापूर्ण, टिकाऊ व जीवन्त ज्ञानवान समाज बनाने के लिए सबको उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर भारत को वैश्विक महाशक्ति बना सके।' निश्चित रूप से यह बहुत बड़ा लक्ष्य है, पर 'समाज के अंतिम व्यक्ति' को शिक्षा के लाभ पहुंचाने के लिए बहुत जरूरी है। वह पीढ़ियों से मूलभूत मानवीय सुविधाओं, मानव गरिमा तथा राष्ट्रीय विकास की प्रक्रिया में अपने योगदान की प्रतीक्षा कर रहा है। चार साल के व्यापक व गहन राष्ट्रव्यापी विचार-विमर्श प्रक्रिया के बाद इसे अंतिम रूप दिया गया है। इस नीति के अंतर्गत ऐसे पाठ्यक्रम व शिक्षा विधि का विकास होगा जो आमूल परिवर्तन कर 'मूल कर्तव्यों व संवैधानिक मूल्यों के प्रति गहरा सम्मान पैदा करेगी, सबको देश से जोड़ेगी तथा बदलती दुनिया में उनकी भूमिका व दायित्वों के प्रति सचेतन रूप से जागरूक करेगी।' देश से जुड़ाव तथा जनता में उसके प्रति गर्व की भावना पर बहुत जोर दिया गया है। यह केवल विचार तक सीमित न होकर 'भावना, बुद्धि व कर्तव्य तथा ज्ञान, कौशल व प्रकृति तक फैला है जो मानवाधिकारों, टिकाऊ विकास तथा जीवन की सहायता करता है। इससे वैश्विक बेहतरी सुनिश्चित होकर सचमुच विश्व नागरिक बनेंगे।'

महात्मा गांधी ने 8 मई, 1937 को हरिजन में लिखा था, 'मनुष्य न केवल बौद्धिक प्राणी या पशु है, न केवल हृदय या आत्मा। इन तीनों के समुचित समन्वय से संपूर्ण व्यक्ति बनता है और यही शिक्षा का सच्चा अर्थशास्त्र है।' मूलत: बुनियादी शिक्षा से लेकर एनईपी 2020 तक जोर सीखने वाले को एक व्यक्तित्व में बदलने पर है जिसका चरित्र मजबूत हो। दूसरे शब्दों में शिक्षा 'मनुष्य बनाने वाली शिक्षा' होनी चाहिए। गांधीजी के अनुसार, 'शिक्षा से मेरा मतलब बच्चे और मनुष्य के शरीर, मन और आत्मा से सर्वोत्तम पैदा करना है।' अपने अनुभवों तथा शिक्षा संबंधी प्रयोगों के आधार पर गांधीजी ने बुनियादी तालीम का विचार 1937 के वर्धा सम्मेलन में पेश किया था। इसके पहले भी उन्होंने अपना समय व ऊर्जा भारत में स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा की कल्पना को स्वरूप देने के लिए किया था। वे चाहते थे कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में कला, हस्तकला, स्वास्थ्य और शिक्षा को समाहित किया जाए। उनके लिए नई तालीम सभी चार चीजों का बेहतर समन्वय थी। उनको भारत में इसके लिए समुचित परिवेश मिला जो मुख्यत: गांवों में व्याप्त था। उन्होंने लिखा, 'मेरा विश्वास है कि शरीर, मन ओर मनुष्य की भावना में समन्वय स्थापित किया जाए। यह पश्चिमी शिक्षा से अलग है जो मुख्यत: सैन्यवादी है जिसमें मस्तिष्क ओर शरीर की देखभाल कर शिक्षा में आत्मा पर ध्यान नहीं दिया जाता है। यह काम हस्तशिल्प के माध्यम से किया जा सकता है।' वे इसका प्रस्ताव इसलिए कर सके क्योंकि उनको भारतीय मन, आवश्यकताओं तथा महत्वाकांक्षाओं की समझ थी और अपने आश्रमों में शिक्षा से उनको व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ था।

20 अक्टूबर, 1931 को लंदन के चैथम हाउस स्थित रायल इंस्टीट्यूट आफ इंटरनेशनल अफेयर्स में एतिहासिक भाषण देते हुए गांधीजी ने अंग्रेजों के आने के बाद भारतीय शिक्षा में गिरावट का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था, 'मैं अपने आंकड़ों को चुनौती दिए जाने के भय के बिना कहूंगा कि आज भारत पचास या सौ साल पहले की तुलना में ज्यादा साक्षर है और यही बात बर्मा के बारे में सही है। भारत आए ब्रिटिश प्रशासकों ने चीजों को समझने के बजाय उन्हें उखाड़ना शुरू किया। उन्होंने मिट्टी खोद कर जड़ों की तलाश की तथा बिना जड़ों के सुंदर वृक्ष नष्ट हो गया।' सर फिलिप हर्टोग ने गांधी को चुनौती दी, लेकिन गांधीजी अपनी प्रतिबद्धताओं पर दृढ़ रहे। बाद में प्रख्यात चिंतक व शोधकर्ता धर्मपाल ने स्थापित किया कि गांधीजी तथ्यात्मक प्रमाणों के आधार पर सही थे जिनको उन्होंने बिंटिश अधिकारियों के रिकार्डों से निकाला था।

भारत में अंग्रेजों के जड़ें जमाने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण रणनीतिक हस्तक्षेप शिक्षा के माध्यम से था। उन्होंने सदियों पुरानी ज्ञान सृजन की परंपरा नष्ट कर आने वाली पीढ़ियों के लिए नया माडल लागू कर सुनिश्चित किया कि इसका प्रयोग न केवल व्यक्ति, बल्कि जनता के कल्याण के लिए हो। इस प्रक्रिया में साम्राज्यवादी 'भारतीयों को उनके इतिहास, संस्कृति और विरासत से अलग करने' में सफल हुए। उन्होंने सुंदर पेड़ की जड़ों पर प्रहार किया और वह सूख गया। यह नीति विदेशी शासकों की उम्मीद से अधिक सफल हुई क्योंकि पश्चिमी ज्ञान, संस्कृति, भाषा और उसकी कथित श्रेष्ठता के शिकार हो गए। अभी यह सोच समाप्त नहीं हुई है।

एनईपी 2020 का परीक्षण इस आधार पर होगा कि वह भारतीयों को भारत से किस सीमा तक जोड़ती है तथा युवा भारतीयों को न केवल डिग्रियां व प्रमाणपत्र देती है, बल्कि उनको वह ज्ञान, कौशल व व्यक्तित्व भी देती है जिससे वे आत्मविश्वास, गरिमा व खोज की भावना से आगे बढ़ सकें। क्रियान्वयन करने वालों को गांधीजी द्वारा 1 अगस्त, 1921 को यंग इंडिया में लिखे लंबे लेख में परिभाषित कमियों को याद रखना होगा। गांधीजी ने उस समय अत्याचारी सरकार से जुड़ी व्यवस्था की तीन कमियां बताई थीं, 'पहली, यह विदेशी संस्कृति पर आधारित है तथा लगभग पूरी तरह स्वदेशी संस्कृति को बाहर करती है। दूसरा, यह हृदय और हाथ की संस्कृति को अलग करती है तथा केवल दिमाग पर ध्यान देती है। तीसरा, विदेशी माध्यम से असली शिक्षा असंभव है।'

1968, 1986 व 1992 की राष्ट्रीय नीतियों ने पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र तथा आंकलन व परीक्षा व्यवस्था में सुधार किए, लेकिन ज्यादा नंबरों और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लालच ने इन प्रयासों को खारिज कर दिया। भारत की जनता व उसकी सोच के बारे में गांधीजी की समझदारी का कोई जोड़ नहीं था। वे कौशल प्राप्त करने, हाथों से काम करने, स्वास्थ्य, पोषण तथा चरित्र निर्माण को नैतिक, आदर्शात्मक, मानवीय व संवैधानिक मूल्यों से जोड़ना चाहते थे। यह एक बड़ी चुनौती है और एनईपी 2020 ने इसे स्वीकार किया है। इसके क्रियान्वयन में व्यावहारिक यथार्थ पर ध्यान देना होगा जिसका विस्तार बुनियादी शिक्षा से लेकर आज तक है। इससे गांधीजी की सर्वोदय नीति लागू हो सकती है जिसमें 'व्यक्ति की भलाई सबकी भलाई' से जुड़ी है। उन्होंने कहा था कि एक वकील का काम इस प्रकार नाई के काम के समान है क्योंकि दोनों को काम से आजीविका मिलती है। खेती करने वाले और दस्तकार का जीवन आदर्श है। एनईपी 2020 में समता, समानता, हाथों से काम तथा मूल्य संवर्धन पर स्कूली शिक्षा के समय से ही जोर दिया गया है। जब पाठ्यक्रम डिजाइन करने वाले, पाठयपुस्तकों के लेखक तथा पाठ सामग्री का विकास करने वाले बुनियादी तालीम के पीछे छिपे दर्शन तथा भारतीय जनता के लिए इसकी प्रासांगिकता को अच्छी तरह समझ लेंगे, तब वे ऐसी पीढ़ी तैयार करने में सफल होंगे जिसे अपने इतिहास, संस्कृति और विरासत पर गर्व होगा। यह इस नीति में पूरी तरह समाहित है जो 'ऐसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना करती है जिसकी जड़ें भारतीय सोच में हों और वह भारत को सीधे बदलने में योगदान कर सके।'

सर्वव्यापी शिक्षा सबके लिए उम्मीद की किरण है। एनईपी 2020 इसे 'हर बच्चे का मूल अधिकार' बताती है। इसकी उचित व्याख्या होनी चाहिए ताकि बच्चे को उसके शरीर, मस्तिष्क व आत्मा से सर्वोत्तम प्राप्त करने में सहायता की जा सके। उसे अपनी पसंद के अनुसार सीखने के क्षेत्र चुनने का अधिकार है। उसे ऐसी व्यवस्था का शिकार बनाना उसके व्यक्तिगत क्षेत्र में हस्तक्षेप होगा जो उसके 'विचारों व कल्पना की शक्ति' में बाधा डालती हो। वर्तमान परीक्षा व्यवस्था यही करती है। नीति को इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन करना होगा। समग्र व बहुआयामी शिक्षा स्कूलों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में ताजा हवा का प्रवाह सुनिश्चित करेगी। इससे जिज्ञासा व रचनात्मकता पैदा होगी। यह वर्तमान व भविष्य के लिए जरूरी है। भावी ज्ञानवान समाज में प्रगति श्रमशक्ति की गुणवत्ता, उद्यमिता कौशल तथा खोजी योगदान पर निर्भर करेगी।

ढहने न पाए न्याय व्यवस्था का किला

चयन प्रक्रियाओं में सुधार लाने एवं उन्हें मजबूत बनाने की आवश्यकता है जिससे कि केवल सत्यनिष्ठा से परिपूर्ण लोग ही शीर्ष पदों तक पहुंचें।

जे गोपीकृष्णन
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)

भारतीय न्यायपालिका, खासकर शीर्ष न्यायालय के गलियारों में एक निरंतर एवं सुसंगत पैटर्न उभर रहा है। प्रारूप, जो भारत के प्रधान न्यायाधीश पर अतीत, वर्तमान अथवा आगामी हमलों का संकेत देता है, न तो न्यायपालिका के लिए वांछनीय संकेत है, न ही यह किसी भी प्रकार, हमारे लोकतंत्र का स्वस्थ पैमाना है। यद्यपि सच्चाई में, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के लक्षण मिले हैं, लेकिन एक ही चश्मे से सबको देखने से देश का भला होने वाला नहीं न ही इसे सही के लिए खड़ा होना कहा जा सकता है।

जो लोग निराधार आरोप लगाते हैं वे माहौल को दूषित करते हैं, न्यायपालिका की ताकत और स्वतंत्रता का क्षरण करते हैं और धीरे-धीरे उसे उदासीन व कमजोर बनाते हैं। परिणामत:, एक समयावधि के दौरान, न्यायिक प्रणाली पर निरंतर हमलों के कारण, यह टूटना प्रारम्भ हो जाती है और उसके पास सहयोग के लिए कार्यपालिका की तरफ झुकने के अलाव और कोई विकल्प नहीं रहा जाता।

जब न्यायपालिका की नींव हिलने लगती है और अंतत: हमलों के अंतहीन दौर की प्रत्याशा में लड़खड़ाना प्रारम्भ कर देती है, तब संपूर्ण व्यवस्था अंत में यह आरोप लगाती है कि फैसले यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं कि न्याय प्रत्येक संभव रूप से होता है। अत:, ऐसे समय पर, यह विचार करना समझदारी होगी कि क्या जनहित याचिकाएं वैयक्तिक रूप से न्यायाधीशों के बजाए न्याय व्यवस्था को ज्यादा नुकसान पहुंचाती हैं।

यह एक तथ्य है कि, काफी हो-हल्ले के बावजूद, सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने अपनी सेवानिवृत्ति तक अप्रभावित और प्रसन्न होकर काम करना जारी रखा। कोई भी मीडिया अभियान अथवा जन मूल्यांकन उनके रुख को बदल नहीं पाया। लेकिन यह समान रूप से परेशान करने वाला सच है कि न्यायपालिका की छवि को न केवल आघात लगा है बल्कि देश के नागरिकों की निगाह में वह गिरी भी है।

इस प्रकार हमारे लोकतंत्र के सभी हिस्सेदारों के लिए एक बहुत प्रासंगिक सवाल उठता है, क्या यह रुझान स्वसथ है और क्या यह किसी घटक के किसी उद्देश्य को पूरा करने में सहयोग देता है? बड़ा सवाल इस मुद्दे से भी संबंधित है कि क्या यह लगातार जारी रुझान दृश्य रूप से न्यायिक पारस्थितिकीय तंत्र में नागरिकों की आस्था को हिला देगा? यह कहना गलत नहीं है कि देश का न्यायिक तंत्र व उसे सभी हिस्सेदार अपरदन का सामना कर रहे हैं, एक समय एक इंच, बहुत सी घटनाओं के कारण जो हालिया अतीत में सामने आई हैं। यदि इन पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो हम वाकई बेरे समय की ओर बढ़ रहे हैं जो न केवल न्यायपालिका बल्कि स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरे का सबब बन जाएगा।

आगे एक संभावित विकल्प व्यवस्था सुधारना है, उसकी वर्तमान कार्यप्रणाली बदलना है, न कि आरोपों एवं शिकायतों के द्वारा उसे ईंट दर ईंट तोड़ना। न्याय व्यवस्था को सुधारने व साथ ही साथ मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ने पर जोर देना चाहिए, जिससे कि केवल अटूट सत्यनिष्ठा वाले व्यक्ति ही कोलेजियम द्वारा चुने जाएं और शीर्ष स्तर तक पहुंचें। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से, यदि व्यवस्था मजबूत है, तो वास्तविकता में व्यक्ति मायने नहीं रखते।

न्यायिक प्रणाली स्वयं में जटिलताओं का एक मिश्रण है जिसमें खंडपीठ और बार एसोसिएशनें, सदैव बढ़ते याचिकाकर्ता, मीडिया तथा सोशल मीडिया से ऊर्जा प्राप्त देश के सदा व्याकुल रहने वाले लोग शामिल हैं, तथा उन समूहों का जमावड़ा है जो किसी न किसी कारण से परस्पर संघर्षरत रहते हैं। अंत में, यदि भारत में न्यायिक प्रक्रियाएं दमदार व संरक्षित नहीं होंगी, व्यवस्था में विद्यमान सभी हिस्सेदार सबसे ज्यादा नुकसान उठाएंगे।

यह बात सर्वपथम माननी होगी कि बाहरी लोगों द्वारा सिलसिलेवार ढंग से बार तथा खंडपीठ के बीच संघर्ष तथा मतभेदों को अवक्षेपित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और इन्हें संपूर्ण न्यायिक प्रणाली की ओर से रोका जाना चाहिए। जो लोग व्यक्तियों व व्यक्तिगत हितों को संस्थात्मक हितों से ऊपर रखते हैं उन्हें व्यवस्था की चिंता नहीं होती और इस प्रक्रिया में देश का बड़ा अहित कर रहे हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि, अंतत: वे भूल जाते हैं कि दीर्घकाल में वे ही सर्वाधिक नुकसान में रहेंगे। हालांकि, जिसका एहसास नहीं हो पाया है वह है संघर्ष की इस लंगी खिंचती अवधि में स्वयं व्यवस्था की सत्यनिष्ठा एवं पवित्रता नष्ट हो जाती है।

ऐसे लोगों को अंत में जाकर महसूस होगा कि प्रतिमूर्तियों से संघर्ष करके, वे हो सकता है कि अल्पकाल में धर्मयोद्धा बनकर उभरें लेकिन दीर्घकाल में उस व्यवस्था को बहुत बड़ी क्षति पहुंचाएंगे जिसको वे हर चीज का कारण बताते हैं, और उसकी विश्वसनीयता को ध्वस्त करके हर हद तक कमजोर बना देंगे। क्या ऐसी न्यायिक प्रणाली किसी काम की रहेगी?

प्रधान न्यायाधीशगण वे प्रतिमूर्तियां हैं जो दशकों तक न्यायपालिका में अपनी सेवाएं प्रदान कर तथा देश को व्यापक रूप से सेवा प्रदान करने के बाद पद पर आते हैं। इसका प्रमाण वे सैकड़ों फैसले हैं जो न्यायाधीशों द्वारा विविध उच्च न्यायालयों में कार्यरत होने के दौरान तथा अंत में जाकर शीर्ष अदालत में पदासीन होकर दिए हैं।

पदोन्नति के समय उनके विरुद्ध आरोपों की झड़ी लगने से यह जाहिर होता हे कि न्यायपालिका बुरी दशा में है और लोगों का उसमें विश्वास कम हो रहा है जिससे वे उसके प्रत्येक कदम पर सवाल उठाते हैं। बार व खंडपीठ में विद्यमान सभी हिस्सेदारों का यह सम्मिलित दायित्व है कि वे व्यक्तियों की छवि धूमिल करने के प्रयासों और इस तरह व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयासों के विरुद्ध खड़े हों। यह समय ठहरने, आत्मनिरीक्षण करने व प्रतिक्रिया करने का है।

आप की बात

मानवता हुई तार-तार

संस्कार न मिलने के कारण ही आज युवा पीढ़ी पथ भ्रष्ट होती जा रही है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अत्याचार इस बात का संकेत है। बार-बार हो रही घटनाओं से ऐसा लगता है देश में बच्चियां सुरक्षित नहीं रह गई हैं। पग पग पर इंतजार करती हैवानियत इंसानियत को तार-तार करने के लिए काफी है। देश ने जब निर्भया का दर्द सहा था और कानून ने दरिंदों को सूली चढ़ा दिया था तब इस बात से सुकून हो रहा था कि शायद दरिंदे कानून से डरेंगे मगर हाथरस में जो कुछ हुआ उससे जाहिर होता है कि लोग उसके डर से बेफिक्र हैं। आज फिर देश अपनी बेटी के दर से गमजदा है। 15 दिनों तक मौत से संघर्ष करने वाली उत्तरप्रदेश के हाथरस जिले की गैंगरेप पीड़ित दलित लड़की आखिरकार जिंदगी से हार गई। लड़की के साथ गैंगरेप के अलावा दरिंदों ने जो वहशीपन किया वह सोचने को मजबूर करता है कि हम किस सदी में जी रहे हैं? लड़की की रीढ़ की हड्डी तोड़ने के साथ ही उसका गला दबा दिया गया जो क्रूरता की निशानी है। लोग इसे मानवता को तार-तार करने वाली घटना बता रहे हैं? सरकार भी एसआईटी की टीम गठित कर 7 दिनों में जांच रिपोर्ट देने का दावा तो कर रही है मगर क्या इससे इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सकेगी?

– **अमृतलाल मारू**, धार, मप्र

जागरूकता आवश्यक

कोरोना संकट के बीच हम अब अनलॉक 4 से अनलॉक 5 में प्रवेश कर चुके हैं। जिस्म मुख्यत: यह कहा गया है कि 15 अक्टूबर के बाद 50त्न जनता के साथ सिनेमा हॉल खुल जाएंगे,हालांकि स्कूल और अन्य शिक्षण संस्थानों को खोलने को लेकर संजय अभी भी बना हुआ है। हमने अनलॉक 4 में देखा था कि किस तरह परिस्थितियां पहले से बदली। पहले जहां रोजाना कोरोनावायरस के मामले कम आते थे वही अनलॉक 4 में हमने देखा कि उनमें रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। औसतन प्रतिदिन 85 हजार से 90 हजार केस आते थे,इससे यह साफ है कि अनलॉक फाइल में हमें इन दिक्कतों का सामना करना ही पड़ेगा। अबबहुत सारी गतिविधियों को खोलने की इजाजत मिल गई है तो हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हम अब कितने ज्यादा सतर्क हैं।गाइडलाइंस आने के बाद भी हमने देखा था कि कई लोग लापरवाही कर रहे थे जिससे कि उस क्षेत्र में संक्रमण बढ़ रहा था। इससे यह खतरा रहेगा की ज्यादा भीड़ भाड़ होने से संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। कोरोनावायरस संक्रमण को रोकने के लिए मास्क लगाना, सबसे जरूरी सामाजिक दूरी का पालन करना और अपने आप में स्वयं जागरूकता और स्वयं सतर्कता को अपने जीवन में अपनाना महत्वपूर्ण है। – **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

हाथरस कांड पर बवाल

हाथरस रेप कांड पर बवाल बढ़ता ही जा रहा है। रेप पीड़िता की मृत्यु के बाद रात में ही आनन-फानन में दाह संस्कार करना दाल में काले की ओर इशारा करता है। यह बहुत असंवेदनशील बात है कि पीड़िता के परिजनों को उसका मुंह भी देखने नहीं दिया, न ही समाज व परिवार के हिसाब से उन्हें विधि विधान से दाह संस्कार भी नहीं करने दिया। इससे ज्यादा पीड़ा और दुख की बात क्या होगी कि उन्हें घर में नजरबंद कर दिया। जो बहुत निंदनीय घटनाक्रम है। ऐसे अति संवेदनशील मौके पर जब दल बल के नेता व मीडिया पीड़िता के गांव जाना चाहता है, शोक संवेदना व्यक्त कर वास्तविकता से रूबरू होना चाहते है तो फिर उन पर रोका रोकी व लाठीचार्ज क्यों? लोकतंत्र में यह सब जायज नहीं है! जबकि ऐसे संवेदनशील मौके पर तो सरकार व प्रशासन को तो आगे बढ़कर पीड़िता के परिवार से उंगली उठाने वालों को मिलाना चाहिए ताकि जो संशय है वह दूर हो! लेकिन यूपी सरकार हाथरस रेप कांड में जो भी कदम उठा रही है लोकतंत्र के अनुरूप नहीं है। जो सरकार की नीति व नीयत को घेरे में लाती है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

बांग्लादेश की अत्यधिक निर्भरता ताजे पानी पर है और ताजे जल की जैव विविधता सारे विश्व में बड़ी तेजी से घटती जा रही है।

– **शेख हसीना**
बांग्लादेश की पीएम

बलरामपुर की घटना हाथरस में जो हुआ उसकी पुनरावृत्ति है। ऐसे में मैं राष्ट्रपति महोदय से अनुरोध करती हूं कि वो उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाएं।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

ट्रंप ने भारत, चीन और रूस पर कोविड से हुई मौतों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया है। क्या मोदी अपने मित्र के सम्मान में पुन: नमस्ते ट्रंप रैली आयोजित करेंगे।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता

जयंती पर याद किए गए बापू व शास्त्री

● राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया नमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। जीपीओ पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री एक साथ हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम पहुंचे। जहाँ पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री दोनों ने चरखा चलाकर सूत भी काता। इस मौके पर उन्होंने गांधी जी के प्रिय भजनों का आनन्द भी लिया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शास्त्री भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इससे पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राजभवन स्थित बापू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शास्त्री भवन एनेक्सी में भी राज्यपाल ने लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन में उत्तर प्रदेश क्षय निवारक संस्था के टीबी सील बिक्री अभियान के 71वें कैम्पेन का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने गांधी जी के जीवन दर्शन पर राजभवन के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने गांधी जी द्वारा पं जवाहर लाल नेहरू को पानी की बचत हेतु दी गई सीख का उदाहरण देते हुए कहा कि बच्चों तथा अभिभावकों को पानी की बचत, घर की एवं आसपास की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने पेंटिंग, सफाई, स्वास्थ्य परीक्षण, भाषण एवं निबन्ध प्रतिस्पर्धा में विजयी राजभवन के बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उल्लेखनीय कार्य करने वाले राजभवन के अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राजभवन के बच्चों ने राजभवन की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक गतिशील राजभवन का विमोचन किया। राज्यपाल ने जनपद बाराबंकी के प्रगतिशील किसान राम सरन वर्मा को शाल एवं पुस्तक गतिशील राजभवन देकर सम्मानित किया। साथ ही पटेल ने राजभवन से इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश राज्य शाखा द्वारा बाढ़ प्रभावित व कोविड.19 से प्रभावित 9 जिलों को भेजे जाने वाली राहत सामग्री के वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया।

बाढ़ से किसानों के नुकसान की भरपाई को 104 करोड़ जारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित जनपदों को कृषि निवेश अनुदान हेतु 104.32 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गयी है। यह धनराशि बहराइच, कुशीनगर, बलिया, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, बस्ती, शाहजहांपुर, पीलीभीत, अयोध्या, आजमगढ़, देवरिया, सन्त कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, फर्रुखाबाद, गोरखपुर, मऊ, गोण्डा तथा बलरामपुर के बाढ़ प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान वितरित किये जाने हेतु आवंटित की गयी है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि प्रत्येक दशा में 15 अक्टूबर तक प्रभावित किसानों का गाटावार सर्वे कराकर धनराशि वितरित कर दी जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि गाटावार सर्वे के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी प्रभावित किसान छूटने न पाए।

महोबा कांड में दो गिरफ्तार, निलंबित एसपी पाटीदार की तलाश हुई तेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

क्रशर कारोबारी इंद्रकांत त्रिपाठी की मौत के मामले में गंभीर आरोपों से घिरे महोबा के निलंबित एसपी मणिलाल पाटीदार को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई। उनकी तलाश में कई राज्यों में छापेमारी किए जाने के पुलिस की ओर से दावे किए जा रहे हैं। इस बीच इस मामले में पुलिस ने दो विस्फोटक कारोबारियों सुरेश सोनी और ब्रह्म दत्त तिवारी को गिरफ्तार किया है जबकि पाटीदार सहित अन्य आरोपी पुलिसकर्मियों की तलाश तेज कर दी गई है। हत्या के दर्ज मुकदमे को अब आईपीसी की धारा 306 में तरमीम किया गया है। इस मामले में महोबा के तत्कालीन एसपी मणिलाल पाटीदार सहित चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ था। व्यापारी की मौत के बाद यह हत्या के मुकदमे में बदल दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि क्रशर कारोबारी इंद्रकांत ने महोबा के एसपी मणिलाल पाटीदार के भ्रष्टाचार का खुलासा करते हुए उनके द्वारा रिश्वत मांगे जाने का वीडियो वायरल किया था। जिसके बाद बीती 8 सितंबर को वह अपनी ही कार में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले थे। उन्हें कानपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पांचवे दिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी मणिलाल पाटीदार सहित सभी आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या व भ्रष्टाचार का मुकदमा भी दर्ज किया गया। पूरे प्रकरण की जांच के लिए मुख्यमंत्री ने एसआईटी भी गठित की थी। एसआईटी ने अपनी जांच में पाया इंद्रकांत त्रिपाठी की हत्या नहीं हुई बल्कि उन्होंने मानसिक रूप से परेशान होने के बाद खुद ही अपनी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या की। एसआईटी शासन को अपनी रिपोर्ट सौंप चुकी है जिसमें साफ तौर पर निलंबित एसपी मणिलाल पाटीदार व अन्य पुलिसकर्मियों को वसूली के लिए इंद्रकांत त्रिपाठी का उत्पीड़न किए जाने का दोषी पाया गया। इसी आधार पर हत्या केस दर्ज मुकदमे को अब आईपीसी की धारा 306 में तरमीम किया गया है। हालांकि पीड़ित परिवार एसआईटी की जांच से संतुष्ट नहीं है। पाटीदार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने यूपी के अलावा दिल्ली, राजस्थान व गुजरात में भी छापे मारे हैं। हालांकि अभी तक पाटीदार का पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि पाटीदार और थानेदार देवेन्द्र शुक्ला को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में भ्रष्टाचार से करोड़पति बने सिपाही अरुण यादव की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें रवाना की गई हैं।

पांच पीपीएस अफसरों के तबादले महोबा के एएसपी भी हटाए गए

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने एडिशनल एसपी स्तर के 5 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। फेरबदल में महोबा के एडिशनल एसपी वीरेंद्र कुमार को भी हटा दिया गया। उन्हें स्टाफ ऑफिसर अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के पद पर नई तैनाती दी गई है। पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में तैनात आरके गौतम को महोबा का नया एडिशनल एसपी बनाया गया है। चिरंजीव मुखर्जी को स्टाफ ऑफिसर अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन से एडिशनल एसपी सोशल मीडिया सेल पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, शशिकांत को स्टाफ ऑफिसर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन से स्टाफ ऑफिसर अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन और देवेश शर्मा को उप सेना नायक 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज से स्टाफ ऑफिसर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन के पद पर भेजा गया है।

रालोद प्रदेश कार्यालय में मनाई गई बापू व शास्त्री की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद और उपस्थिति पार्टीजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अपित किये और गांधीजी के बताये गये सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुये देश की सीमा पर तैनात जवानों और देश की सेवा में तत्पर किसानों के प्रति श्रद्धा एवं विश्वास का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, बीएल प्रेमी, रमावती तिवारी, चन्दकांत अवस्थी, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अंकुर सक्सेना, युवा रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित अग्रवाल, युवा रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष अश्विनी प्रताप सिंह, इकराम सिंह, हरपाल यादव, सम्राट सिंह चौहान, स्वतंत्रलता यादव सहित सभी ने बापू और शास्त्री को नमन किया।

गांधी जयंती पर एक लाख संविदाकर्मियों ने मुख्यमंत्री को भेजे पोस्टकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

गांधी जयंती पर संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ उप्र के आवाहन पर शुक्रवार को पूरे प्रदेश में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड पत्र लिखा है। पत्र में प्रदेश में आउटसोर्सिंग व्यवस्था बंद किए जाने तथा कार्यरत कर्मचारियों को विभागीय संविदा पर समायोजित करने की मांग को लेकर ध्यानाकर्षण कराया है।

संघ का दावा है कि एक लाख पोस्टकार्ड भेजे गए हैं। इनमें केजीएमसी से 5000, लोहिया संस्थान से 2000, एसजीपीजीआई से 3500 पोस्ट कार्ड भेजे गए हैं। संघ के महामंत्री सच्चिता नन्द मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग व्यवस्था में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन जो शासन द्वारा निर्गत किया जाता हैं उसमें से 52 फीसदी की कटौती विभिन्न मदों में कर दी जाती है जिससे इन कर्मचारियों का वेतन बेहद कम है। अगर इन कर्मचारियों को विभागीय संविदा पर रखा जाए तो यही सारा पैसा कर्मचारियों को सीधे विभाग द्वारा मिलेगा और उनका वेतन अभी मिल रहे वेतन का दोगुना होगा तथा सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नही होगा। प्रतिवर्ष कर्मचारियों का निकाला जाना, समय से वेतन ना मिलना, ईपीफ़ ईएसआई की कटौती राशि में घोटाला तथा बेहद कम वेतन से परेशान होकर कर्मचारी आज अपना दर्द बयां कर रहे हैं। वर्तमान समय में कोरोना महामारी के दौरान कर्मचारी अपना जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा कर रहे हैं जिसके लिए सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का बोनस भत्ता या वेतन बढ़ोतरी का लाभ नहीं दिया गया है और कर्मचारी अब अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

अधिकारों का पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए निर्वहन: डीजीपी

● पुलिस मुख्यालय में दी गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डीजीपी हितेश चंद अवस्थी ने कहा है कि पुलिस सर्विस में हमें जो भी अधिकार प्राप्त हैं वह एक जिम्मेदारी हैं, जिसका हमें पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा की गांधी जयंती के अवसर पर हम संकल्प लें कि गांधी जी द्वारा बताए गए सिद्धान्तों के मार्ग पर चलते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और उत्तर प्रदेश पुलिस को एक आदर्श के शिखर तक ले जाएंगे।

पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार के अवनि आडीटोरियम में कोविड.19 के दृष्टिगत गाइड लाइन्स का अनुपालन करते हुए सादगी के साथ गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी द्वारा राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी । बापू के जीवन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण अवसरों के फोटोग्राफ्स आदि का स्लाइडों के माध्यम से प्रदर्शन किया गया तथा लोकप्रिय भजन गाए गए।

स्वछता मिशन में नाबार्ड की भूमिका महत्वपूर्ण: चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार एवं पंचायती राज विभाग के स्वछता मिशन मे नाबार्ड एक महती भूमिका अदा कर रहा है। पूरे राज्य में चलाए जा रहे नाबार्ड स्वछता साक्षरता अभियान को लेकर उन्होने कहा की नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक, बैंकर्स बंधु और गैर सरकारी संस्थाए जो नाबार्ड के विकासात्मक पहल से जुड़े है मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। इस मौके पर उन्होंने नाबार्ड द्वारा खासकर तैयार किए गए प्रचार सामाग्री और डाक्यूमेंट्री का विमोचन किया। उन्होने नाबार्ड से जुड़े हुये विकास संस्थाओं, परियोजनाओं के हितधारकों से बातचीत की।

महाप्रबंधक एवं प्रभारी अधिकारी नाबार्ड सुनील कुमार ने स्वछता साक्षरता अभियान कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नाबार्ड ने भारत सरकार के स्वछता मिशन के तहत करीब 15000 करोड़ की स्वीकृति एवं 12298 करोड़ का वितरण किया है। जिसके माध्यम से करीब 3.29 करोड़ शौचालयों के निर्माण हुआ है।

किसानों की सुविधा के लिए धान खरीद क्रय केन्द्रों की संख्या बढ़ाकर चार हजार की गई

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने किसानों की सुविधा के मद्देनजर गत वर्ष में प्रस्तावित 3000 क्रय केंद्रों की संख्या को बढ़ाकर 4000 कर दिया है। प्रस्तावित 4000 केंद्रों के सापेक्ष 3118 क्रय केंद्र अभी तक अनुमोदित किये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में पंजिकृत सहकारी समितियों, मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी, एफपीओ एवं एफपीसी के क्रय केंद्र भी खोला जाना प्रस्तावित है। यह जानकारी खाद्य आयुक्त मनीष चौहान ने आज यहां देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा ग्रेड ए के धान का समर्थन मूल्य बढ़ाकर रुपये 1888 प्रति कुंतल, जबकि सामान्य धान का समर्थन मूल्य रुपये 1868 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। श्री चौहान ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 1171 क्रय केंद्र अनुमोदित किये जा चुके हैं। राइस मिलों का पंजीयन किया जा रहा है, अब तक 1905 राइस मिलों का पंजीयन किया जा चुका है, जबकि 1736 राइस मिलों की जियो टैगिंग भी करायी जा चुकी है। इसी प्रकार 188 भारतीय खाद्य निगम डिपो के सापेक्ष 170 डिपो की जियो टैगिंग हो चुकी है।

कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण अभियान चलाएगी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मे अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए सभी संगठनात्मक मण्डलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता व प्रदेश महामंत्री सुनील बंसल की मौजूदगी में पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आज सम्पन्न हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में पार्टी पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष व क्षेत्रीय संगठन मंत्री और प्रशिक्षण अभियान से जुड़े कार्यकर्ता सम्मलित हुए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी में स्थापना काल से ही कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की परम्परा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व व कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से आज पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक संगठन है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्य प्रणाली को लेकर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किये जाते है। जिनके माध्यम से ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर पार्टी द्वारा आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों का ही परिणाम है कि कोविड.19 की वैश्विक आपदा के समय पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा ही संगठन को मूलमंत्र मानकर हर गरीब जरूरतमंद की मदद में आगे बढ़कर अपनी जान की परवाह किये वगैर सेवा कार्यों को अंजाम दिया। पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुनील बंसल ने बैठक में प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण वर्ग का मूल्य उद्देश्य बूथ व सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं को वैचारिक मजबूती प्रदान करना है।

जनता और उद्यमियों से जुड़ी सेवाएं पूरी तरह होंगी ऑनलाइन

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने जनता व उद्यमियों से जुड़ी अहम सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। एक बार ऑनलाइन सेवा उपलब्ध होने के बाद ऑफलाइन सेवा पूरी तरह प्रतिबंधित हो जाएगी। किसी भी सूरत में वह सेवा ऑनलाइन ही उपलब्ध होगी। यदि कोई विभागीय अधिकारी ऑफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार करता है तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश उन विभागों के अधिकारियों को दिया है, जो उद्यमियों तथा जनता को लाइसेंस, परमिट, प्रमाणपत्र और एनओसी उपलब्ध करवाते हैं। इसके तहत ईज आफ डूइंग बिजनेस व जनहित गारंटी अधिनियम में शामिल सेवाएं इस दिसंबर तक पूरी तरह आनलाइन किए जाने की तैयारी है। अभी कुछ सेवाएं आनलाइन चालू हैं तो मैन्यूअली भी वह सेवाएं चल रही हैं। ईज आफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में नंबर दो पर आने के बाद अब यूपी को अगली रैंकिंग सर्वे के लिए दूसरे राज्यों से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलने वाली है।

सूबे में 3946 कोरोना संक्रमित, एक्टिव मरीजों का आंकड़ा 50 हजार से कम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तरप्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण में गिरावट देखने को मिल रही है। शुक्रवार को सूबे में 3946 कोरोना के नए केस सामने आए हैं। वही प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 50 हजार के नीचे आ गई है। अभी तक प्रदेश में 5917 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अभी तक सूबे में 401,078 संक्रमित मरीज सामने आ चुके हैं। जबकि वर्तमान में 49112 एक्टिव केस है। आज 5107 मरीज डिस्चार्ज किये गए हैं। अब तक 351966 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं। विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 520, कानपुर में 152, प्रयागराज में 186, गोरखपुर में 166, गाजियाबाद में 146, वाराणसी में 193 , नोएडा में 157, बरेली में 67, मेरठ में 154, मुरादाबाद में 83, अलीगढ़ में 51, झांसी में 50, सहारनपुर में 50, बाराबंकी में 35, अयोध्या में 67, बलिया में 52, आगरा में 60, देवरिया में 17, शाहजहांपुर में 35, लखीमपुर खीरी में 115, सिद्धार्थनगर में 54, बहराइच में 17, बिजनौर में 11, फर्रुखाबाद में 110, सोनभद्र में 46 , रायबरेली में 109 ,अमरोहा में 9, बदायूं में 9, मैनपुरी में 11, हापुड़ में 22, फिरोजाबाद में 35, संत कबीर नगर में 15, ललितपुर में 24, कन्नौज में नौ, मिर्जापुर में 15, अमेठी में 26, मउ में 9, शामली में 54, जालौन में 28, औरैया में 12, फतेहपुर में 61, संभल में 19, एटा में 14, कानपुर देहात में 9, भदोही में 14, बलरामपुर में 10, कौशांबी में 20, अंबेडकर नगर में 12, कासगंज में 4, चित्रकूट में 11 , बागपत में 5, हमीरपुर में 6, श्रावस्ती में 4, हाथरस में 4 और महोबा में 6 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

कांग्रेस ने किया लखनऊ सहित प्रदेश के सभी महानगरों में प्रार्थना सभा का आयोजन

लखनऊ। हाथरस की बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर संघर्ष कर रही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गांधी जयंती के दिन पूरे उत्तर प्रदेश में दलित बिटिया के इंसाफ के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया। प्रदेश के लगभग हर जिले में दलित बेटी के इन्साफ के लिए प्रार्थना सभा हुई। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में महानगर कांग्रेस कमेटी ने शहर के हुसैनाबाद बाद स्थित वाल्मीकि मंदिर में हाथरस की बिटिया के इंसाफ के लिए प्रार्थना सभा हुई। प्रार्थना सभा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सहित विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और विधान परिषद दल के नेता दीपक सिंह भी शामिल हुए। लल्लू ने प्रार्थना सभा में कहा कि हाथरस की बेटी के इन्साफ के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस मुख्यालय में सादगी व श्रद्धा के साथ मनायी गई बापू- शास्त्री की जयन्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सादगी व श्रद्धा के साथ मनायी गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश के लिए उनके द्वारा किये योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन कर गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों और आदर्शों पर चर्चा की गयी। संगोष्ठी का संचालन प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता बृजेन्द्र कुमार सिंह ने किया। लल्लू ने इस मौके पर गांधी जी और शास्त्री के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन दोनों महापुरूषों ने देश की आजादी से लेकर देश के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के हथियार से जहां देश को ब्रितानिया हुकूमत से आजादी दिलाई वहीं असमानताए भेदभावए गरीबी एवं जातिगत विषमता को दूर करने के लिए खादी और सूत को कातकर देश की बहुसंख्यक गरीब जनता को आत्मनिर्भर बनाने का मंत्र दिया। हम सभी कांग्रेसजनों को गांधी जी के बताए रास्ते पर और मजबूती से चलने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

आशा की किरण दिखाता है हाईकोर्ट का आदेश: प्रियंका गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी के हाथरस में युवती के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के स्वत: संज्ञान लिए जाने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ की ओर से मजबूत और उत्साहनजक आदेश दिया गया। प्रियंका ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि हाथरस रेप पीड़िता के लिए न्याय की मांग पूरा देश कर रहा है। हाईकोर्ट का आदेश अंधेरे और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पीड़िता के परिवार के साथ किए गए अमानवीय एवं अन्यायपूर्ण व्यवहार के बीच आशा की किरण दिखाता है।

विधायक ने राजकीय पॉलिटेक्निक का किया शिलान्यास

● 18 करोड़ की लागत से नगुवामऊ में होगा निर्माण

संवाददाता। बख्शी का तालाब

तहसील क्षेत्र के नगुवामऊ ग्राम पंचायत में शुक्रवार को बीकेटी विधायक अविनाश त्रिवेदी ने राजकीय पॉलिटेक्निक का शिलान्यास किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने में यह संस्थान मील का पत्थर साबित होगा।

इस राजकीय पॉलिटेक्निक का निर्माण में तकरीबन 18 करोड़ रुपयों की लागत आएगी। जिसमें मुख्य भवन, वर्कशॉप, प्रधानाचार्य आवास, गेस्ट हाउस, टाइप 2 से लेकर 4 तक के लेबल के आवासों का निर्माण प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की देखरेख में इसका निर्माण दिसम्बर 2022 तक पूर्ण किया जाना है। इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के अधिकारी व स्थानीय नेता व ग्रामीण उपस्थित थे।

पंडित दीनदयाल मार्ग का उद्घाटन

संवाददाता। बीकेटी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पं. दीन दयाल उपाध्याय मार्ग का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी ने किया । नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 19 मुश्लिम नगर से कोटवा तक जाने वाली इस सड़क का सीसी रोड का निर्माण व स्ट्रीट लाइट लगाई गयी हैं। इस अवसर पर चेयरमैन अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, विनय सिंह, योगेश शुक्ला, अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्रा, रवी तिवारी, विवेक सिंह, राजकुमार सिंह, विनय प्रताप उर्फ टीटू आदि लोग उपस्थित थे।

कृषि संबंधी नए कानूनों से किसानों को लाइसेंस, परमिट राज से मुक्तिः रविशंकर

भाषा। पटना

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि कृषि संबंधी नए कानूनों से किसान लाइसेंस और परमिट राज से मुक्त हो गया है और कांग्रेस सिर्फ विरोध करने के लिए इनका विरोध कर रही है। प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा, मोदी सरकार किसानों को समर्पित सरकार है। हमारी सरकार चाहती है कि किसान बंधन मुक्त हों। हाल ही में संसद में पारित कृषि संबंधी विधेयकों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ए तीनों कानून किसानों के हित में हैं और पूर्व में कांग्रेस भी यही बात कह रही थी व इसका उल्लेख उसके घोषणापत्र में भी रहा है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अब वह (कांग्रेस) केवल विरोध के नाम पर विरोध कर रही है। प्रसाद ने कहा, कांग्रेस, राजद यह समझ लें, न्यूनतम समर्थन मूल्य कभी समाप्त नहीं होगा, हमेशा जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसानों का समर्थन मूल्य भी बढ़ाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसाओं को लागू किया है। भारत के 11 करोड़ किसानों के खातों में 94 हजार करोड़ रुपए भेजे गए हैं। बिहार के लगभग 16 लाख किसानों को साढ़े 5000 करोड़ रुपए भेजे गए हैं।

अब नए कृषि संबंधी कानून से किसान लाइसेंस और परमिट राज से मुक्त हो गया है। प्रसाद ने कहा कि पूर्णिया, मुजफ्फरपुर और आरा का किसान अपने माल को कहीं भी भेज सकता है। अब किसी से इजाजत की जरूरत नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, हमने नेशनल ई-मार्केट वेबसाइट बनाई औ2353ी पिछले 4 वर्षों में 1.62 करोड़ किसान रजिस्टर्ड हुए हैं। डिजिटली एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार किया है। गौरतलब है कि कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक, 2020 और तथा कृषक (सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020 तथा वस्तु अधिनियम (संशोधन) बिल-2020 को हाल ही में संसद के मानसून सत्र के दौरान मंजूरी मिली। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ए कानून अमल में आ गए हैं। कांग्रेस सहित अनेक विपक्ष दल इन नए कानूनों का विरोध कर रहे हैं और इन्हें किसान विरोधी बता रहे हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इनमें किसानों के हितों की जितनी भी सुरक्षा की जा सकती थी, वह की गई है। इससे किसानों को नया बाजार मिलेगा और उसे बंधन से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नए कानून में विवाद निपटारे की भी उचित व्यवस्था की गई है।

केरल सरकार ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए धारा 144 लागू की

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार ने राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामले काबू करने के लिए सीआरपीसी की धारा 144 लागू करके पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी है। मुख्य सचिव विश्वास मेहता ने बृहस्पतिवार को देर रात जारी आदेश में कहा कि जनसभाओं ने संक्रमण के तेजी से फैलने का खतरा बढ़ा दिया है। यह आदेश तीन अक्टूबर से सुबह नौ बजे लागू होगा और 31 अक्टूबर तक लागू रहेगा। आदेश में कहा गया है, राज्य में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच जनसभाओं से संक्रमण के बेहद तेजी से फैलने का खतरा है, इसलिए पांच से अधिक लोगों को एकत्र होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। सामाजिक दूरी सुनिश्चित करने के लिए 1973 की सीआरपीसी की धारा 144 के प्रावधान लागू किए जाएंगे। केरल में संक्रमण के 8,135 नए मामले सामने आने के बाद बृहस्पतिवार को राज्य में संक्रमित लोगों की संख्या दो लाख के पार हो गई तथा 29 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 771 हो गई।

पटना में गांधी जयंती के अवसर पर प्रार्थना करती कलाकारों की मण्डली।

पलानीस्वामी व पन्नीरसेल्वम गतिरोध के बाद पहली बार कार्यक्रमों में एकसाथ शामिल

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी और उप मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रमों में एक साथ शामिल हुए। पलानीस्वामी और पन्नीरसेल्वम के बीच 2021 के विधानसभा चुनाव में राज्य में सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर कुछ दिन पहले गतिरोध उत्पन्न हो गया था, उसके बाद दोनों नेता आज पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रमों में एकसाथ शामिल हुए।

गांधी जयंती और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री के कामराज की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों में दोनों नेता एकसाथ आए, दोनों नेताओं ने आधिकारिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह इस मायने में महत्व रखता है कि अन्नाद्रमुक समन्वयक पन्नीरसेल्वम ने इससे पहले स्वयं को उन कुछ सरकारी कार्यक्रमों से दूर रखा था जिसकी अध्यक्षता पलानीस्वामी कर रहे थे। दोनों नेताओं के बीच नेतृत्व के मुद्दे को लेकर गतिरोध उत्पन्न होने के बारे में मीडिया में खबरें आई थीं।

पन्नीरसेल्वम ने मंगलवार को कोविड-19 पर जिला कलेक्टरों की समीक्षा बैठक में हिस्सा नहीं लिया था, जबकि उन्हें 30 सितंबर को यहां एक परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया था, दोनों की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ने की थी। उप मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को सचिवालय में पलानीस्वामी द्वारा शुरू किए गए वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना में शामिल नहीं हुए थे और शाम में उन्होंने पास के तिरुवल्लूर जिले के मंदिरों का दौरा किया था।

पन्नीरसेल्वम अन्य नेताओं के अलावा अपने वफादारों के साथ भी चर्चा करते रहे हैं। 28 सितंबर को पन्नीरसेल्वम और पलानीस्वामी के बीच यहां अन्नाद्रमुक की कार्यकारी समिति की बैठक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के मुद्दे पर बहस हो गई थी।

रामपुर तिराहा गोलीकांड एक काला धब्बा : रावत

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में मारे गए लोगों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि 1994 में मुजफ्फरनगर जिले में आज के दिन हुआ रामपुर तिराहा गोलीकांड एक काला धब्बा है। उनकी सरकार उत्तराखंड के आंदोलनकारियों के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान मारे गए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। रावत ने कहा, हम आज के दिन को अनेक रूपों में मनाते हैं। आज देश की आजादी के लिए अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धान्त पर चलने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जय जवान जय किसान का उद्घोष करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है। मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तराखण्ड एवं तत्कालीन उत्तर प्रदेश के इतिहास में आज के दिन को एक काले धब्बे के रूप में भी हम लोग देखते हैं। रामपुर तिराहे पर राज्य आंदोलनकारियों पर आमानवीय अत्याचार हुआ, अनेक नौजवान शहीद हुए।

कुछ लोग भ्रम और भय का माहौल पैदा कर चला रहे हैं सरकार : सोनिया ने केंद्र पर साधा निशाना

भाषा। पटना

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को कहा कि कुछ लोग भावना, भ्रम और भय का माहौल पैदा करके सरकार चला रहे हैं, ऐसे में जनता को इनसे सावधान रहने और सही निर्णय लेने की जरूरत है। गांधी चेतना रैली को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए महात्मा गांधी के आदर्श पार्टी की आत्मा है और उसने अपनी कार्यशैली में इन उसूलों को शामिल किया है।

भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया, कुछ लोग गांधीजी का नाम जोर शोर से लेते हैं, लेकिन कार्यों से उनके (गांधीजी) आदर्शों, उसूलों को चूर-चूर कर दिया है। आज चारों तरफ अराजकता, अत्याचार, दुराचार का बोलबाला है। जानबूझकर समाज में भेदभाव का माहौल बनाया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं इतना कहना चाहती हूं कि कुछ लोग भावना, भ्रम और भय का माहौल पैदा करके सरकार चला रहे हैं, आप इन सबसे सावधान रहे और सही निर्णय लें।

हम सभी को एकजुट होकर लड़ना है और यही महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कांग्रेस पार्टी लगातार संघर्ष करेगी और सफलता पाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हर कार्ययोजना को देश की जनता को ध्यान में रखकर बनाया, न कि चंद लोगों के लिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस ने गरीबों के उत्थान के लिए कार्य किया तब कुछ शक्तियों ने निजी स्वार्थ के लिए पार्टी को निशाना बनाया। सोनिया गांधी ने सवाल किया कि जब कांग्रेस देश के ग्रामीण क्षेत्र की बेरोजगारी को दूर करने के लिए मनरेगा लाई तो किसने विरोध किया, किसने मजाक उड़ाया।

अगर मनरेगा नहीं होती तो कोविड-19 के समय में बड़ी संख्या में लोग भुखमरी का शिकार होते। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज युवाओं का रोजगार छीना जा रहा है, लाखों की संख्या में कुटीर उद्योग बंद हो रहे हैं। सबसे अधिक रोजगार देने वाले उद्यमों का निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में शासन में पारदर्शिता लाने के लिए लाए गए सूचना के अधिकार कानून को कमजोर किया गया है। आज सवाल पूछने पर जवाब नहीं मिलता है। केंद्र सरकार पर प्रहार जारी रखते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि किसानों, महिलाओं, कामगारों के साथ-साथ खाद्य योजना, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से जुड़े कानूनों को मोदी सरकार के समय में कमजोर किया गया है। इससे आम लोगों के हित प्रभावित हुए हैं और उनके अधिकार छीनने का काम किया गया है।

त्विक न्यूज

आखिरी सांस तक किसानों के साथ खड़े रहेंगे: ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने किसानों को भारत की रीढ़ की हड्डी बताते हुए शुक्रवार को कहा कि चाहे जो भी हो, वह और उनकी पार्टी के सदस्य अंतिम सांस तक उनके साथ खड़े रहेंगे। बनर्जी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद याद किया कि उन्होंने देश के सैनिकों और किसानों को उत्साहित एवं प्रेरित करने के लिए 55 वर्ष पहले जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। बनर्जी ने ट्वीट किया, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर याद कर रही हूं। 55 साल पहले, उन्होंने हमारे किसान भाइयों और बहनों के लिए हमें जय जवान, जय किसान का प्रेरणादायक नारा दिया। चाहे जो भी हो, हम अपनी अंतिम सांस तक हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख नए कृषि कानूनों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए जो कुछ भी किया है, उसका इतिहास गवाह है। उन्होंने कहा, किसान हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी है। बंगाल में, हमारे किसानों की औसत वार्षिक आय 2011 के 91,000 रुपए से बढ़कर 2018 में 2.91 लाख रुपए हो गई। हमने उनके लाभ के लिए जो किया है, इतिहास उसका गवाह है। हम उनके लिए आवाज उठाते रहेंगे। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री शास्त्री का जन्म 1904 में आज के ही दिन हुआ था।

बिना अनुमति विरोध-प्रदर्शन पर गुजरात कांग्रेस प्रमुख हिरासत में

अहमदाबाद। नए कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर अनुमति लिए बिना विरोध प्रदर्शन करने के लिए शुक्रवार को गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष अमित चावड़ा सहित पार्टी के करीब 30 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। केंद्र और राज्य सरकार के विरोध में यह प्रदर्शन जिलाधीश कार्यालय के बाहर हुआ जिसकी अगुवाई चावड़ा ने की। कृषि कानूनों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर राज्य में सभी स्कूलों और कालेजों के विद्यार्थियों की फीस पूरी तरह माफ किए जाने की मांग भी उठाई। पुलिस उपायुक्त (जोन 2) विजय पटेल ने बताया हमने अनुमति लिए बिना प्रदर्शन करने के लिए चावड़ा तथा करीब 30 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। प्रदर्शन के दौरान इन लोगों ने सुरक्षित दूरी के मानक का भी पालन नहीं किया।

कोरोना संक्रमित होने पर ममता को गले लगाने की धमकी देने वाले भाजपा नेता को सच में हुआ संक्रमण

कोलकाता। स्वयं को कोरोना वायरस का संक्रमण होने की स्थिति में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गले लगाने की धमकी देने वाले भाजपा नेता अनुपम हाजरा की कोविड-19 जांच रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हाजरा को हाल ही में भाजपा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हाजरा को शुक्रवार को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि हाजरा ने बेचैनी की शिकायत की थी। उनके नमूने कोरोना वायरस की जांच के लिए भेजे गए। बृहस्पतिवार की रात को जांच रिपोर्ट आई जिसमें हाजरा को संक्रमण की पुष्टि हुई। विवादित बयान के बाद तृणमूल कांग्रेस ने हाजरा के खिलाफ एक सार्वजनिक हस्ती की छवि धूमिल करने तथा संविधान का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

झुग्गी-बस्ती इलाके में संक्रमण के मामले कम होने के संकेत

मुम्बई। मुम्बई के झुग्गी-बस्ती इलाके में किए गए दूसरे सीरो-सर्वे में पहले की तुलना में 12 प्रतिशत कम लोगों में एंटीबॉडी (प्रतिरक्षी) पाए गए है। बीएमसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इससे शहर की झुग्गी-बस्तियों में संक्रमण कम होने का संकेत मिला है किसी व्यक्ति के शरीर में एंटीबॉडी पाए जाने का मतलब है कि वह कभी ना कभी कोरोना वायरस की चपेट में आया है। विज्ञप्ति में बताया गया कि नए सीरो-सर्वे में 45 प्रतिशत लोगों में एंटीबॉडी पाए गए। जुलाई में किए गए पहले सीरो-सर्वे में 57 प्रतिशत लोगों में एंटीबॉडी पाए गाए थे। सीरो-प्रिवलेंस (जनसंख्या में रोगियों का स्तर, जैसा कि रक्त सीरम में मापा जाता है) दोनों सर्वेक्षणों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं में थोड़ा अधिक रहा। स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों में दोनों सर्वेक्षणों में सीरो-प्रेवलेंस करीब 27 प्रतिशत था। सर्वेक्षण बीएमसी, नीति आयोग और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) द्वारा किया गया। कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित शहरों में से एक है। यहां अभी तक संक्रमण के दो लाख से अधिक मामले सामने आ चुके है और करीब नौ हजार लोगों की इससे मौत हुई है।

52 लाख रुपए के सोने की तस्करी को लेकर दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 52 लाख रुपए मूल्य के सोने की तस्करी करने को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। बुधवार को दुबई से यहां पहुंचने के बाद दोनों को तलाशी के लिए रोका गया। उनमें एक पुरुष और एक महिला है।

पटियाला में विभिन्न संगठनों के किसान बिल के विरोध में रेलवे लाइन पर बैठकर धरना देते हुए।

मराठा कोटे पर राकांपा का रूख स्पष्ट : अजीत पवार

पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने शुक्रवार को कहा कि मराठा कोटे पर राकांपा अपना रूख स्पष्ट कर चुकी है, लेकिन उन्होंने राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मुद्दे को लेकर अपने बेटे के ट्वीट संबंधी सवालों का जवाब नहीं दिया। यहां संवाददाताओं से बातचीत में अजीत पवार ने कहा कि नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के पात्र सभी समुदायों को यह लाभ मिलना चाहिए। बुधवार की रात सिलसिलेवार ट्वीट में उनके बेटे पार्थ पवार ने कहा था कि मराठा कोटा मामले पर वह उच्चतम न्यायालय में हस्तक्षेप अर्जी देंगे। बेटे पार्थ पवार के ट्वीट के बारे में पूछने पर अजीत ने कहा, मेरी बहन सुप्रिया सुले (लोकसभा सदस्य) पहले ही इस बारे में स्पष्ट कर चुकी है और हमने भी स्पष्ट कर दिया है कि यह राकांपा का रुख नहीं है।

पार्थ के ट्वीट पर बार-बार सवाल करने पर अजीत ने कहा, जब भी कोई ट्वीट आता है, हर बार मुझसे सवाल किया जाता है, लेकिन मुझे केवल यही काम नहीं है (प्रतिक्रिया देना)। राज्य में मेरे ऊपर और भी कई जिम्मेदारियां हैं। सभी लोग किसी भी विषय पर सोचने और ट्वीट करने के लिए आजाद हैं।

मेरी बहन सुप्रिया सुले ने हमारा रुख स्पष्ट कर दिया है और वही राकांपा का रुख है। मराठा, धांगड़ या अन्य कोई समुदाय, जो भी पात्र है उसे आरक्षण मिलना चाहिए। महाराष्ट्र के बीड़ में एक मराठा युवक की आत्महत्या की खबर को दुखद बताते हुए पार्थ ने ट्वीट किया था कि वह उच्चतम न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करेंगे। गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद अजीत पवार ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में दलित युवती के साथ कथित सामूहिक बलात्कार और उसकी मौत की घटना की निंदा की।

असम में जादू-टोना करने के संदेह में दो लोगों की हत्या

गुवाहाटी। असम के कारबी आंगलोंग जिले में जादू-टोना करने के संदेह में एक महिला सहित दो लोगों की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी और फिर उनके शवों के सिर काट उन्हें आग के हवाले कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुस्साई भीड़ ने दोनों पर काला जादू करने का आरोप लगाया था, जिससे उनके अनुसार डोकमोका थाना क्षेत्र के रोहिमापुर गांव में एक किशोरी की मौत हो गई थी।

जिला पुलिस अधीक्षक देबजीत देउरी ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार को कुछ स्थानीय लोगों के शिकायत करने के बाद सामने आई। इस मामले में अभी तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसा कहा जा रहा है कि रोहिमापुर गांव में 29 सितम्बर को मौत से एक दिन पहले किशोरी रश्मि गौर ने गांव के दो लोगों का नाम लिया था और दावा किया था कि उनके काला जादू करने की वजह से वह बीमार पड़ गई। गौर की मौत के तीसरे दिन एक अन्य लड़की ने गांव के मुखिया के घर उन्हीं दोनों पर उस पर काला जादू करने और इस वजह से उसके बीमार पड़ने का दावा किया था।

देउरी ने कहा, गांववालों ने इसके बाद रामवती और बीजॉय गौर की पीट-पीटकर हत्या कर दी और उनके शव पास ही एक पहाड़ी पर ले गए। वहां उन्होंने रश्मि गौर के अंत्यष्टि स्थल के पास उनके सिर काट उन्हें आग के हवाले कर दिया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट जिंटू बोरा ने घटना स्थल का दौरा किया और मिट्टी के नमूनों के अलावा चिता से अवशेष एकत्र किए। मामला दर्ज कर लिया गया है और दो महिलाओं सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हथियार भी जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाकि आरोपियों की तलाश जारी है।

हमारा गठबंधन किसी के वोट काटने के लिए नहीं बल्कि जनता को सार्थक विकल्प देने के लिएः कुशवाहा

पटना। लालू और नीतीश को एक ही सिक्के के दो पहलू करार देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि उनकी पार्टी का गठबंधन न तो किसी के वोट काटने के लिए, न ही किसी को परोक्ष रूप से समर्थन देने के लिए है, बल्कि यह बिहार की जनता को एक सार्थक विकल्प देने के लिए है। कुशवाहा ने भाषा से खास बातचीत में कहा, बिहार की जनता नीतीश कुमार के 15 वर्षों के कुशासन से मुक्ति चाहती है। दूसरी ओर, राजद नीत गठबंधन में भी मुख्यमंत्री पद का चेहरा मजबूत नहीं है और लोग इनके 15 साल के शासन के इतिहास को भी याद करते हैं। ऐसे में दोनों जनता में विश्वास पैदा करने में विफल रहे हैं।

लोग नीतीश के साथ भी नहीं हैं और न ही वे राजद के साथ जाना चाहते हैं क्योंकि ए दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। ऐसे में प्रदेश की जनता एक विकल्प की तलाश में हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोसपा) ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और जनतांत्रिक पार्टी (सोशलिस्ट) के साथ गठबंधन किया है। रालोसपा कुछ समय पहले तक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले महागठबंधन का हिस्सा थी।

महागठबंधन से अलग होने के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने साफ-साफ कहा कि वर्तमान नीतीश कुमार की सरकार को हटाने के लिए राजद का वर्तमान नेतृत्व काफी नहीं है और उसने मुख्यमंत्री पद के लिए जो चेहरा (तेजस्वी यादव) पेश किया है, उसमें वह क्षमता नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर महागठबंधन की ओर से नेतृत्व में परिवर्तन होता तो कुछ हो सकता था, क्योंकि हमें ऐसा नेतृत्व चाहिए जो नीतीश कुमार के सामने टिक सके। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। कुशवाहा ने कहा, ऐसे में बुरी तरह से हारने की बजाय हमने बेहतर समझा कि जनता के समक्ष एक सार्थक विकल्प पेश किया जाए।

यह पूछने पर कि उनके गठबंधन से विपक्षी मतों का विभाजन होने से सत्तारूढ़ राजग को फायदा होगा, रालोसपा अध्यक्ष ने कहा, उनका गठबंधन न तो किसी का वोट काटने के लिए, न ही किसी को परोक्ष रूप से समर्थन देने के लिए है, बल्कि यह सिर्फ बिहार की जनता को एक सार्थक विकल्प देने के लिए है। राम विलास पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी से गठबंधन को लेकर कोई बात होने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, अभी तक लोजपा ने अपना रूख पूरी तरह से स्पष्ट नहीं किया है। चिराग पासवान अगर राजग से बाहर आने की घोषणा करते हैं तभी बात होगी। लेकिन निश्चित तौर पर अगर लोजपा साथ आए तो हम जनता को मजबूत विकल्प दे सकते हैं।

रांची में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन महात्मा गांधी की जयंती पर माल्यार्पण के बाद चरखा चलाते हुए।

पंजाब में भाजपा नेता चुघ को करना पड़ा प्रदर्शनकारी किसानों का सामना

भाषा। अमृतसर,चंडीगढ़

समझाने का किया गया प्रयास

पंजाब के अमृतसर में आंदोलनकारी किसानों के एक समूह ने शुक्रवार को भाजपा महासचिव तरुण चुघ का वाहन रोका और कृषि कानूनों को लेकर उनसे बहस की। हालांकि भाजपा नेता प्रदर्शनकारियों के साथ बैठ गए और उन्हें कानूनों के लाभ समझाने का प्रयास किया।

कीर्ति किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने चुघ का वाहन उस समय रोका जब वह अमृतसर जिले में अजनाला के पास हर्षा चिन्ना गांव में किसानों की एक रैली को संबोधित करने जा रहे थे। तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। किसान राज्य के कुछ हिस्सों में रेल पटरियों को बाधित कर रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों की मांग है कि इन कानूनों को वापस लिया जाए और उनका आरोप है कि इनसे कार्पोरेट क्षेत्र को लाभ होगा एवं किसानों को नुकसान होगा।

भाजपा नेता राजिंदर मोहन सिंह छीना अमृतसर में चुघ के साथ थे। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी किसानों ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ एक बैठक की मांग की। छीना ने बताया कि चुघ ने आंदोलनकारियों को समझाया कि कानूनों से उनको लाभ होगा और उन्हें आश्वासन दिया कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ एक बैठक की जल्द व्यवस्था की जाएगी। चुघ ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि ए कृषि कानून किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएंगे और उन्हें समृद्ध बनाएंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रत्एक किसान से सम्पर्क करेंगे और उन्हें इन किसान समर्थक कानूनों के लाभ बताएंगे। चुघ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों को गुमराह कर रही है जबकि राजग छोड़ने वाला शिरोमणि अकाली दल झूठ फैला रहा है।

भाजपा नेता ने कहा, हम दृढ़ता से कह रहे हैं कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) वर्तमान की तरह ही जारी रहेगा। इसी तरह, मंडियां भी इसी तरह जारी रहेंगी। संपर्क करने पर, कीर्ति किसान यूनियन के नेता जतिंदरपाल सिंह छीना ने हालांकि कहा कि चुघ को विरोध के कारण किसानों के साथ अपनी बैठक में कटौती करनी पड़ी और वापस लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों ने पहले ही कई भाजपा नेताओं के आवासों के सामने धरना देने और उन्हें मिलने के लिए आने पर अपना विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया है।

क्रान्तिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने कहा कि किसानों ने बृहस्पतिवार को अमृतसर में पंजाब भाजपा के पूर्व प्रमुख श्वेत मलिक सहित कई भाजपा नेताओं के आवासों के बाहर धरना दिया। राज्य के अन्य हिस्सों में, किसानों ने कई संगठनों द्वारा दिए गए अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन के आह्वान के मद्देनजर रेल पटरियां बाधित की और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

ठाणे में शुक्रवार को महिला कांग्रेस की ओर सै जयंती पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

गांधी कथा से लेकर धर्मनिरपेक्षवाद तक

आज की दुनिया में गांधीवादी उनके संदेश कर रहे प्रसारित

भाषा। नई दिल्ली

गांधी कथा का आयोजन करने से लेकर समाज में धर्मनिरपेक्षता और समानता के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए अपने जीवन में महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करने वाले लोग आज की दुनिया में शांति और सौहार्द्र के उनके संदेशों को लगातार प्रसारित कर रहे हैं। महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर शुक्रवार को मशहूर वक्ता शोभना राधाकृष्ण ने गांधी कथा का आयोजन कर गांधीवादी संदेशों को प्रसारित करने का तरीका निकाला है।

उन्होंने कहा कि चूंकि गांधी का दर्शन सत्य, अहिंसा, नैतिक नेतृत्व, नैतिक एवं आध्यात्मिक जीवन पर आधारित है जो लोगों को सीखने के लिए महत्वपूर्ण है। गांधी कथा के माध्यम से मैं इसे लोगों तक पहुंचा रही हूं। गांधीवादी दर्शन की विशेषज्ञ ने कहा कि गांधी कथा ने लोगों को उन्हें समझने और प्रेरित होने में सक्षम बनाया है। महात्मा गांधी के सेवाग्राम आश्रम, वर्द्धा में पली-बढ़ी 65 वर्षीय वक्ता का कहना है कि वहीं उनमें गांधी के सिद्धांतों की जड़ें गहरी हुईं। उधर, 64 वर्षीय कार्यकर्ता उत्तम परमार का मानना है कि उनका जन्म दूसरी बार हुआ है- एक उनका जैविक जन्म और दूसरा जब उन्हें गांधी के सिद्धांतों का ज्ञान हुआ।

गांधी विद्यापीठ के न्यासी परमार ने कहा, हमारी पांच हजार वर्ष पुरानी संस्कृति है। हर मानव को पहले नागरिक बनना चाहिए और देश के नागरिक के तौर पर अपने अधिकार प्राप्त करने चाहिए और ऐसा कहने वाले पहले व्यक्ति गांधी थे। अन्य लोगों ने देश की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी लेकिन गांधी पहले व्यक्ति थे जिन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का नागरिक के तौर पर अधिकार होना चाहिए।

यूपी सरकार हाथरस पीड़िता को झूठा साबित करने की रच रही है साजिश

भाषा। चंडीगढ़

हाथरस की दलित लड़की से बलात्कार नहीं होने का उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के दावा करने के एक दिन बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार पीड़िता को झूठा साबित करने की साजिश रच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उप्र के अधिकारियों ने चीजों को ढंकने की कोशिश की और हिंदू धर्म के रस्मों के विरूद्ध रातोंरात पीड़िता का जबरन दाह-संस्कार कर दिया। सुरजेवाला ने कहा, यह अपने आप में एक दुखद घटना है। (उप्र की) योगी आदित्यनाथ सरकार का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, आदित्यनाथ के एडीजी, कानून व्यवस्था, अब कह रहे हैं कि बलात्कार नहीं हुआ था। आदित्यनाथ जी, यदि आपकी भी बेटी होती तो आपको दर्द समझ में आता। यदि किसी के बेटी या बेटे के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो कितना दर्द होता है। हरियाणा के पूर्व मंत्री ने कहा कि पीड़िता ने मृत्यु पूर्व अपने बयान में सामूहिक बलात्कार की पुष्टि की थी। सुरजेवाला केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कैथल में थे। उन्होंने कहा, उसके (पीड़िता के) मरने के बाद आप उसे झूठा साबित करने की साजिश रच रहे हैं। इस तरह के कृत्यों के लिए भगवान आपको कभी माफ नहीं करेगा, आदित्यनाथ। आपको इस्तीफा दे देना चाहिए और उत्तर प्रदेश की जनता के बीच जाना चाहिए, जो आपको बताएंगे कि भाजपा सरकार की क्या हकीकत है। उत्तर प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने फोरेंसिक जांच का हवाला देते हुए कहा था कि जांच में पीड़िता से बलात्कार होने का संकेत नहीं मिला है। हालांकि, कानूनी विशेषज्ञों ने इस सिद्धांत को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह जरूरी नहीं है कि पीड़िता का शव अपराध को साबित करने के लिए कोई जरूरी चीज नहीं हो सकती है। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि बलात्कार का आरोप प्राथमिकी में तब जोड़ा गया था जब पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके साथ यह घटना हुई है। पीड़िता की मंगलवार सुबह दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि प्रशासन ने जबरन रातोंरात उसका दाह-संस्कार कर दिया।

बॉलीवुड में बतौर मेकअप आर्टिस्ट काम कर चुका ड्रग तस्कर गिरफ्तार

भाषा। मुंबई

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक बॉलीवुड में मेकअप आर्टिस्ट के रूप में काम कर चुका है। तस्करों के पास से मेफेड्रोन (एमडी) नाम का ड्रग बरामद हुआ है जिसकी कीमत करीब 3.15 लाख रूपए है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपराध शाखा की इकाई-11 ने परवेज उर्फ लड्डू हनीफ हलाई (30) और निकेतन उर्फ निखिल सुरेश जाधव (30) को बृहस्पतिवार को बोरिवली (पश्चिम) के राजेंद्र नगर से गिरफ्तार किया। इनकी तलाश करने पर पुलिस ने 105 ग्राम एमडी बरामद की जिसकी कीमत अवैध तस्करी के लिहाज से 3.15 लाख रूपए है। अधिकारी ने बताया कि दोनों को स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। जाधव ने पुलिस को बताया कि वह एक जानेमाने फिल्म प्रोडक्शन हाउस के लिए मेकअप मैन और हेयर ड्रेसिंग कलाकार के रूप में काम कर चुका है।

अधिकारी के मुताबिक उसने बताया कि वह फिल्मी कलाकारों और अंतरराष्ट्रीय रियलिटी कार्यक्रमों में नजर आने वाले सेलिब्रिटी के लिए भी काम कर चुका है। उसने बताया कि इसी दौरान वह मादक पदार्थों के तस्करों के संपर्क में आया और जब उसे लगा कि इस काम में बहुत पैसा है तो उसने बॉलीवुड में मेकअप कलाकार का काम छोड़ दिया। वह कथित तौर बीते चार साल से ड्रग बेच रहा है।

संविधानेत्तर शक्तियों के समक्ष नतमस्तक है बंगाल प्रशासनः जगदीप धनखड़

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि राज्य में सत्ता के गलियारों में संविधानेत्तर शक्तियों की भरमार हो गई है तथा प्रशासन भी उनके आगे नतमस्तक हो रहा है। राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार की लगातार तीखी आलोचना करते रहे धनखड़ ने यह भी कहा कि राजभवन पर हमला करना देश के संविधान का अपमान करने के समान है। गांधी जयंती पर बैरकपुर में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यपाल ने कहा, राज्य में सत्ता के गलियारों में संविधानेत्तर शक्तियों की भरमार हो गई है। पूरा प्रशासन भी उनके आगे नतमस्तक है जिनके पास कोई संवैधानिक शक्ति नहीं है।

उन्होंने कहा, अधिकारियों को चुनावों के दौरान राजनीतिक कार्यकर्ताओं की तरह काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से ट्विटर के माध्यम से अनुरोध किया कि वह उनके साथ शांति को बढ़ावा देने और हिंसा त्यागने का प्रण ले। धनखड़ ने ट्वीट किया है, गांधी जयंती पर प्यारे बापू को श्रद्धांजलि। अहिंसा पर उनके पावन विचार मानवता को प्रेरित करते हैं। ममता बनर्जी.. बापू के आदर्श हमें समृद्ध और लोकतांत्रिक माहौल बनाए रखने में मदद करते रहें। आइए, हिंसा त्यागने और शांति को बढ़ावा देने का प्रण लेते हैं। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से कहा कि वे राजनीतिक कार्यकर्ताओं की तरह नहीं बल्कि जनसेवकों की भांति काम करें। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई 2021 में होने हैं। राज्यपाल के संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल सरकार में मंत्री व्रात्य बसु ने कहा कि धनखड़ एक पार्टी विशेष के प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। बसु ने कहा कि वह राज्यपाल के पद को निराज्यपाल में परिवर्तित कर रहे हैं।

शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध मैसूर दशहरा समारोह को लेकर पांच कैदी हाथियों के साथ मैसूर पैलेस पहुंचे लोग

कोरोना वायरस के संक्रमण से मधुमेह रोगियों को ज्यादा खतरा

भाषा। नई दिल्ली

विशेषज्ञ

कोरोना वायरस का संक्रमण होने पर प्रतिरोधक क्षमता में कमी और कुछ दवाओं को रोके जाने के कारण मधुमेह रोगियों में खतरा ज्यादा होता है। यह बात शुक्रवार को विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कही। दिल्ली सरकार द्वारा उच्च न्यायालय में सौंपे गए सेरोलॉजिकल निगरानी रिपोर्ट के मुताबिक यह बताया गया कि मधुमेह रोगियों में संक्रमण के कारण खतरा ज्यादा होता है।

फोर्टिस अस्पताल वसंत कुंज में एंडोक्रायनोलॉजी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विमल गुप्ता ने कहा कि कोरोना वायरस फेफड़े को संक्रमित करने के अलावा अग्नाशय को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा, देखा गया है कि इसके कारण कुछ रोगियों में अग्नाशयशोथ हो जाता है। अग्नाशय इंसुलिन स्रवित करता है, जो ग्लूकोज के स्तर को नियमित करने में सहायक होता है लेकिन वायरस स्रवण में कमी लाता है जिससे रोगियों में शर्करा का स्तर बढ़ जाता है। कई रोगी संक्रमित होने के बाद पहली बार मधुमेह का शिकार होते हैं।

गुप्ता ने कहा कि भारत में अधिकतर मधुमेह रोगियों में मोटापा एवं अन्य बीमारियां होती हैं। उन्होंने कहा, अगर किसी को कोरोना वायरस हुआ है तो उसे एसजीएलटी2 निरोधी एवं अन्य दवाएं नहीं दी जाती हैं जो वजन को कम करती हैं और शर्करा के स्तर को नियमित करती हैं। जब हम ये दवाएं बंद करते हैं तो मधुमेह का स्तर बढ़ जाता है। सोडियम ग्लूकोज को-ट्रांसपोर्टर-2 (एसजीएलटी2) दवा का इस्तेमाल टाइप टू डायबिटीज में किया जाता है। राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डॉ. बी.एल. शेखाल ने कहा कि कोविड-19 जैसी बीमारियों में तनाव के कारण शर्करा का स्तर बढ़ने की संभावना होती है। उन्होंने कहा, जिन रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, वायरस के कारण उनको खतरा ज्यादा होता है।

सिन्हा ने आंतकियों से अपील

हिंसा छोड़ें, नौकरी और रोजगार दिलाने में हम करेंगे मदद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को स्थानीय आतंकवादियों से हिंसा का रास्ता छोड़ने की अपील करते हुए वादा किया कि वह उन्हें नौकरी और रोजगार दिलाने में मदद करेंगे। वह दक्षिण कश्मीर के आतंकवाद से प्रभावित शोपियां जिले में महत्वाकांक्षी गांव लौटो कार्यक्रम के तीसरे चरण की शुरुआत करने के बाद बोल रहे थे। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग, खास तौर से युवा प्रगति और विकास के पथ पर चलना चाहते हैं और रास्ता भटक गए युवाओं से अनुरोध है कि सभी हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौट आएं। उन्होंने कहा, सरकार नौकरियों और रोजगार के अवसरों के साथ मदद करने को तैयार है। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधान जम्मू-कश्मीर के देश के सबसे विकसित केन्द्र शासित प्रदेशों में से एक बनाने के लिए अथक परिश्रम करेगा।

पेज एक का शेष

किला बना...

के अंदर है। जांच प्रभावित नहीं हो, इसलिए किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है। तृणमूल की महिला नेताओं को महिला पुलिसकर्मियों ने वापस जाने को कहा था। जब उन्होंने जबरदस्ती की तो, महिला कांस्टेबलों ने रोका। ये आरोप झूठे हैं कि पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिला नेताओं को छुआ। प्रतिनिधिमंडल में डेरेक ओ ब्रायन, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार, प्रतिमा मोडल और ममता ठाकुर (पूर्व सांसद) शामित थे। पुलिस द्वारा रोक गए प्रतिनिधिमंडल में शामिल एक सांसद ने कहा कि हम परिवार के सदस्यों से मिलने और सहानुभूति व्यक्त करने शांतिपूर्वक हाथरस जा रहे थे। हम अलग अलग यात्रा कर रहे थे तथा सभी प्रोटोकॉल का पालन कर रहे थे। हम हथियारबंद नहीं थे। हमें क्यों रोका गया? किस प्रकार का यह जंगल राज है जहां चुने गए सांसदों को शोकाकुल परिवार से मिलने से रोका जा रहा है।' बयान में सांसद के हवाले से कहा गया 'फिलहाल हाथरस में हम पीड़ित परिवार के घर से केवल 1.5 किलोमीटर दूर हैं तथा पुलिस वालों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं हम पीड़िता के घर 1.5 किमी पैदल चलकर जाएंगे।' इस बीच, मीडिया के दर्जनों पत्रकारों ने गांव में प्रवेश करने तथा पीड़ित परिवार से मिलने कई बार कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया। पुलिस का दावा है कि गांव में धारा-144 लागू है वहीं एक प्रभावी सर्वण जाति के 50 से ज्यादा लोगों ने गांव में बैठक की और दावा किया कि इस मामले में पुलिस ने फर्जी केस बनाकर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों को हटाने का प्रयास नहीं किया जबकि किसी अन्य को गांव में घुसने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि हाथरस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार यह बयान लेकर आए कि गांव में मीडिया का प्रवेश तब तक प्रतिबंधित है जब तक कि जांच पूरी न हो जाए। नृशंस अपराध के मामले में पहली बार में देश में इस तरह से मीडिया पर प्रतिबंध थोपा गया है। कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा ' गांव में मीडिया के प्रवेश पर तब तक प्रतिबंध रहेगा जब तक कि एसआईटी अपनी जांच पूरी नहीं कर लेती। कानून-व्यवस्था के मद्देनजर किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति को गांव में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बाल्मिकि मंदिर...

किया कि उप्र प्रशासन सच छिपाने के लिए दरिंदगी पर उतर चुका है। ना तो हमें, ना मीडिया को पीड़िता के परिवार को मिलने दिया और ना उन्हें बाहर आने दे रहे हैं, ऊपर से परिवारजनों के साथ मार-पीट और बर्बरता। कांग्रेस नेता ने कहा कि कोई भी भारतीय ऐसे बर्ताव का समर्थन नहीं कर सकता। प्रार्थना सभा में प्रियंका के अलावा पार्टी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। प्रियंका ने कहा कि मुझे पता चला कि वाल्मीकि समाज ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया है तो मैंने यहां आने का निर्णय किया। मैं इसलिए यहां आई कि आपके समाज और उस परिवार को कभी यह महसूस नहीं होना चाहिए कि वो अकेले हैं। आज उस परिवार के खिलाफ जो हो रहा है उसके विरूद्ध हम लड़ेंगे। मैं आपसे आग्रह करती हूं कि अपनी आवाज उठाइए। उन्होंने कहा कि इस देश की एक एक महिला सरकार पर नैतिक दबाव डाले। हमारी बहन के साथ न्याय होना चाहिए। लड़की का रात के समय और कथित तौर पर परिवार की मर्जी के बिना अंतिम संस्कार करने का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा कि हमारे देश की ये परंपरा नहीं है कि उसका परिवार उसकी चिता को आग नहीं दे पाए। इस प्रार्थना सभा में शामिल लोगों ने महात्मा गांधी का प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम...' भी गाया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाथरस की घटना को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ द्वारा शीर्ष अधिकारियों को समन जारी किए जाने को लेकर कहा कि इस मामले में यह एक आशा की एक किरण है। उन्होंने ट्वीट किया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का एक मजबूत और उत्साहजनक आदेश आया है। पूरा देश हाथरस की बलात्कार पीड़िता के लिए न्याय की मांग कर रहा है। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पीड़िता के परिवार के साथ उप्र सरकार की ओर से किए गए अंधकारमय, अमानवीय और अन्यायपूर्ण व्यवहार के बीच उच्च न्यायालय का आदेश आशा की एक किरण है।

हाथरस घटना...

है। भारती ने कहा कि अगर उनका स्वास्थ्य ठीक होता तो वह खुद भी पीड़िता के परिवार से मिलने हाथरस जातीं। उन्होंने कहा कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह निश्चित ही परिवार से मिलने जाएंगी। उमा भारती ने हिंदी में कई ट्वीट किए। इनमें उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस की संदिग्ध कार्वाई के कारण भाजपा, उत्तर प्रदेश सरकार और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को नुकसान पहुंचा है। भारती ने कहा कि वह हाथरस प्रकरण पर करीब से नजर रखे हुए हैं। साथ ही उन्होंने योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि मीडियाकर्मियों एवं राजनीतिक दलों के लोगों को पीड़ित परिवार से मिलने दिया जाए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को साफ-सुथरी छवि वाला शासक बताते हुए भारती ने कहा, मैं आपसे वरिष्ठ एवं आपकी बड़ी बहन हूं। हालांकि उन्होंने यह भी जताया कि पुलिस द्वारा गांव और पीड़ित परिवार की घेराबंदी करने से वह बोलने के लिए मजबूर हुई हैं। उन्होंने ट्वीट किया, मैंने हाथरस की घटना के बारे में देखा। पहले तो मुझे लगा कि मैं ना बोलूँ क्योंकि आप इस संबंध में ठीक ही कार्वाई कर रहे होंगे। किन्तु जिस प्रकार से पुलिस ने गांव की एवं पीड़ित परिवार की घेराबंदी की है, उसके कितने भी तर्क हों, लेकिन इससे विभिन्न आशंकाएं जन्मती हैं।

ट्रम्प-मेलानिया...

की पुष्टि हुई है। प्रथम महिला (मेलानिया) और मैं अपनी जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, हम पृथक रहेंगे। होप हिक्स ने इस सप्ताह की शुरुआत में एयर फोर्स वन में राष्ट्रपति के साथ यात्रा की थी। अमेरिका में अभी तक 70 लाख से अधिक लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं और दो लाख से अधिक लोगों की इससे मौत हो चुकी है।

करण जौहर...

अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती जेल में हैं और दीपिका पादुकोण, सारा अली खान, श्रद्धा कपूर जैसी स्टार अभिनेत्रियों से कई घंटे पूछताछ हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि मामले में सुशांत के दोस्त सिद्धार्थ पिठानी और रसोइये नीरज को सरकारी गवाह बनाया जा सकता है। हालांकि फिल्म निर्माता करण जौहर लगातार इस बात को खारिज करते रहे हैं कि उन्होंने अपने घर पर किसी भी प्रकार की कोई ड्रग पार्टी नहीं दी और न ही उनकी पार्टी में ड्रग परोसा गया। मामले में करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन से पूर्व में जुड़े रहे एक डायरेक्टर को भी एनसीबी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

महागठबंधन में...

महत्व दिया गया है। समझौते की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इससे पहले दो वाम दलों-सीपीआई और सीपीआई (एम) ने महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, लेकिन सीपीआई (एमएल) ने संकेत दिया था कि वह सीट बंटवारे से खुष नहीं है। हालांकि, शुक्रवार को सीपीआई (एमएल) ने 17-19 सीटों के बीच चुनाव लड़ने के लिए सहमति जता दी है।

भाजपा के...

स्थिति में भाजपा उन सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेगी जहाँ लोजपा अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। सूत्रों ने कहा कि लोजपा भले एनडीए से अलग हो जाए, लेकिन भाजपा उसके साथ अनौपचारिक दोस्ताना निभाएगी। सूत्रों ने कहा कि सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोजपा नेतृत्व के साथ अभी भी बातचीत जारी है। भाजपा और जदयू के बीच सीट-बंटवारे का फार्मूला लगभग फाइनल हो गया है। दोनों दल कमोबेष बराबर सीटों पर लड़ेंगे। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि भाजपा अपने उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक करेगी। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने लोजपा मुद्दे को यह कहकर टाल दिया कि पार्टी के प्रतिनिधि इस मामले पर काम कर रहे हैं। यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब एक दिन पहले गुरुवार को ही लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। भाजपा महासचिव और बिहार के प्रभारी भूपेंद्र यादव ने दावा किया कि सीट बंटवारा एक दिन में तय हो जाएगा। यदि भाजपा और जदयू अपने तय फॉर्मूले के अनुसार मिली सीटों पर चुनाव लड़ती हैं तो दोनों से 23-23 यानी 46 सीटें ही बचती हैं जो एनडीए की अन्य सहयोगी लोजपा और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) में वितरित होंगी और लोजपा इतनी कम सीटों पर संतुष्ट नहीं है।

आर्सनल लीग कप के क्वार्टर फाइनल में

लंदन। आर्सनल के गोलकीपर बर्नड लेनो ने पेनल्टी शूटआउट मे दो पेनल्टी बचाई जिससे उनकी टीम ने लिवरपूल को 5-4 से हराकर लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया जबकि एस्टन विला और फुल्हम दूसरी डिवीजन के क्लबो से हारकर बाहर हो गए। जो विलोक ने आर्सनल की तरफ से पेनल्टी पर निर्णायक गोल किया। आर्सनल अगले दौर मे मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी का सामना करेगा।

वाल्श वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच

किंग्स्टन। अपने जमाने के दिग्गज तेज गेंदबाज कर्टनी वाल्श को वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वाल्श कम से कम 2022 तक महिला टीम से जुड़े रहेंगे। इस दौरान वनडे विश्व कप और टी20 विश्व कप खेला जाना है। वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले वाल्श इससे पहले बांग्लादेश की पुरुष टीम के सहायक कोच रहे थे।

लाहिड़ी की सैंडरसन गोल्फ में शानदार शुरूआत

मिसीसिपी। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने सैंडरसन फार्म्स गोल्फ चैंपियनशिप मे शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर मे छह अंडर 66 का कार्ड खेला और वह संयुक्त सातवे स्थान पर है। लाहिड़ी ने इस दौरान एक भी बोगी नही की और यह पिछले चार साल मे उनकी सबसे अच्छी शुरुआत है।

शुभंकर संयुक्त 39वें स्थान पर

नार्थ बेरविक (स्कॉटलैंड)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने एएसआई स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर मे एक अंडर 70 का कार्ड खेला जो फरवरी के बाद उनकी सबसे अच्छी शुरुआत है। शुभंकर ने दो बर्डी बनाई और इस बीच एक बोगी की। वह अभी संयुक्त 39वें स्थान पर है। भारत के ही गगनजीत भुल्लर को हालांकि संघर्ष करना पड़ा।

बार्सिलोना की लगातार दूसरी जीत

मैड्रिड। किशोर फुटबॉलर अंशु फाति ने फिर से गोल दागा जिससे बार्सिलोना ने सेल्टा विगो को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबाल लीग ला लिगा मे लगातार दूसरी जीत दर्ज की। बार्सिलोना की टीम को लगभग आधा मैच दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उसने आसान जीत दर्ज की। क्लेमेंट लेंगलेट को 42वें मिनट लाल कार्ड मिलने के कारण बाहर बैठना पड़ा था।

बेकेले लंदन मैराथन से हटे

लंदन। इथोपिया के धावक केनेनिसा बेकेले बाएं पैर की पिंडली मे चोट के कारण शुक्रवार को लंदन मैराथन से हट गए। मैराथन से जुड़े अधिकारियो ने रविवार को होने वाली इस मैराथन को बेकेले और उनके लंबे समय से प्रतिद्वंद्वी तथा विश्व रिकॉर्ड धारक इलियुद किपचोगे के बीच मुकाबले के रूप मे पेश किया था।

गर्ग-अभिषेक ने सनराइजर्स को संकट से निकाला

भाषा। दुबई

● चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पांच विकेट पर 164 रन तक पहुंचाया

युवा प्रियम गर्ग और अभिषेक शर्मा ने सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुरूआती झटकों से निकालकर पांच विकेट पर 164 रन तक पहुंचाया।

इस मैच में उतरते ही चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल में सर्वाधिक 194 मैच खेलने वाले क्रिकेटर हो गए। उन्होंने चेन्नई के ही सुरेश रैना को पछाड़ा जो निजी कारणों से आईपीएल नहीं खेल रहे हैं। सनराइजर्स के शीर्षक्रम के नाकाम रहने के बाद गर्ग ने नाबाद 51 और अभिषेक ने 31 रन बनाकर पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। सनराइजर्स ने आखिरी चार ओवर में 53 रन जोड़े। आखिरी ओवरों में चेन्नई के ढीले क्षेत्ररक्षण का भी सनराइजर्स को फायदा मिला। चेन्नई ने अभिषेक को दो बार जीवनदान दिया। शुरूआती मैचों में जूझती नजर आई तीन बार की चैम्पियन चेन्नई की टीम में अंबाती रायुडू , ड्वेन ब्रावो और शारदुल ठाकुर को इस मैच में जगह दी गई। चेन्नई ने पिछला मैच एक सप्ताह पहले खेला था और ब्रेक के बाद उसके गेंदबाज काफी तरोताजा नजर आए। दीपक चाहर ने 31 रन देकर दो विकेट लिए जबकि सैम कुरेन ने भी उम्दा गेंदबाजी की। चाहर ने बेहतरीन इनस्विंगर पर जॉनी बेयरस्टॉ (0) को पवेलियन भेजा। मनीष पांडे (29) फार्म में लग रहे थे और कई अच्छे शॉट्स भी उन्होंने लगाए। डेविड वार्नर और पांडे ने पावरप्ले में 42 रन बनाए। ओवर निकलते देख वार्नर ने ऊंचे शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन फाफ डु प्लेसी को कैच दे बैठे। वहीं केन विलियमसन अगली गेंद पर गर्ग के साथ तालमेल नहीं बैठने पर रन आउट हो गए। इसके बाद टीम को संकट से निकालने की जिम्मेदारी युवा खिलाड़ियों पर आ गई जिन्होंने निराश नहीं किया। भारतीय जूनियर टीम के कप्तान गर्ग ने अपनी प्रतिभा की बानगी पेश की और अभिषेक ने भी जबर्दस्त खेल दिखाया। गर्ग ने 26 गेंद में छह चौकों और एक छक्के के साथ 51 रन बनाए जबकि अभिषेक ने 24 गेंद में 31 रन बनाए जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल था।

आईपीएल में सबसे ज्यादा 194 मैच खेलने वाले क्रिकेटर बने धोनी

दुबई। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास मे सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले क्रिकेटर बन गए जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के अपने साथी सुरेश रैना (193 मैच) को पछाड़ा। आईपीएल की शुरुआत से सारे मैच खेलने वाले धोनी का चेन्नई के साथ यह 11वां सत्र है। दो सत्र मे वह राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स के लिए खेले थे जब 2013 के स्पॉट फिक्सिंग मामले मे चेन्नई को दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को धोनी का चेन्नई के लिए 164वां मैच है। उन्होंने 2016 और 2017 मे पुणे के लिए 30 मैच खेले। रैना निजी कारणो से इस बार आईपीएल नही खेल रहे है। धोनी खुद नौ फाइनल खेले है चूंकि 2017 मे पुणे टीम मुंबई के खिलाफ फाइनल खेली थी। एक ही टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड भारतीय कप्तान विराट कोहली के नाम है जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए 180 मैच खेले है।

स्कोर

सनराइजर्स हैदराबाद पारी : डेविड वार्नर का डु प्लेसी बो चावला 28, जॉनी बेयरस्टॉ बो चाहर 0, मनीष पांडे का कुरेन बो ठाकुर 29, केन विलियमसन रन आउट , प्रियम गर्ग नाबाद 51, अभिषेक शर्मा का धोनी बो चाहर 31, अब्दुल समाद नाबाद 8, **अतिरिक्त :** आठ रन, **कुल योग :** 20 ओवर मे पांच विकेट पर 164 रन, **विकेट पतन :**1-1, 2-47, 3-69, 4- 146, **गेंदबाजी :** चाहर 4-0 - 31-2, कुरेन 3- 0-37-0, ठाकुर 4- 0-32 -1, ब्रावो 4-0-28-0, चावला 3- 0-20-1, जडेजा 2-0-16-0

जब रॉयल्स होंगे आमने सामने तो ओस नहीं धूप होगी मुद्दा

भाषा। अबुधाबी

राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दिन में होने वाले पहले मुकाबले में जब आमने सामने होंगे तो उनके लिए ओस नहीं बल्कि तेज धूप मुख्य चुनौती होगी।आईपीएल में केवल दस दिन ही दो – दो मुकाबले होंगे जिसकी शुरूआत इस मैच से होगी। इससे बाकी टीमों को भी दिन में खेलने की चुनौतियों के बारे में जानने और समझने का मौका मिलेगा। राजस्थान रॉयल्स ने अपने पहले दो मैच शारजाह के अपेक्षाकृत छोटे मैदान पर खेल थे जहां उसने धमाकेदार जीत दर्ज की लेकिन दुबई में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ बदली परिस्थितियों से उसके खिलाड़ी सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और उसे हार का सामना करना पड़ा। अबुधाबी का मैदान भी बड़ा है और रॉयल्स दुबई के अनुभव का यहां फायदा उठाना चाहेगा।

दिल्ली और केकेआर के मैच में रसेल और ऋषभ पर होगी निगाह

शारजाह। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को शारजाह के अपेक्षाकृत छोटे मैदान पर होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल और ऋषभ पंत पर निगाहें टिकी रहेंगी। रसेल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में दुबई के बड़े मैदान पर तीन छक्के जड़कर अपने आक्रामक तेवरों की झलक दिखाई थी, लेकिन पंत अभी तक अपना नैसर्गिक खेल दिखाने में नाकाम रहे हैं और उन्होंने अधिक सतर्कता बरती है। पंत पर दबाव भी होगा क्योंकि केएल राहुल, इशान किशन और संजू सैमसन जैसे उनके प्रतिस्पर्धी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आईपीएल के वर्तमान सत्र में यह पहला अवसर होगा जबकि एक दिन में दो मैच खेले जाएंगे लेकिन इनमें से शारजाह में होने वाले इस मैच में रनों का अंबार लगने की संभावना है क्योंकि यहां बांउड्री छोटी हैं।

भारत आईसीसी महिला टी20 टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड को पीछे छोड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा विश्व रैंकिंग में टी20 में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है जबकि वनडे रैंकिंग में उसने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी के बयान के अनुसार टी20 रैंकिंग में आस्ट्रेलिया (291 अंक) और इंग्लैंड (280) पहले दो स्थानों पर काबिज हैं। इस साल टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाला भारत 270 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। वह न्यूजीलैंड (269) से एक अंक आगे है। आईसीसी के ताजा अपडेट में 2016–17 के परिणामों को हटा दिया गया है। इसके अलावा 2017–18 और 2018–19 के परिणाम को 50 प्रतिशत और 2019–20 के परिणामों को शत प्रतिशत आंककर नई रैंकिंग तैयार की गई है रैंकिंग में सबसे बड़ा सुधार ब्राजील ने किया है जो 15 अंकों के फायदे से 11 पायदान चढ़कर 72वें स्थान पर पहुंच गया है, वहीं मलेशिया 31वें स्थान से 38वें स्थान पर खिसक गया है।वनडे रैंकिंग में भारत (121 अंक) और इंग्लैंड (119) में से प्रत्एक ने चार चार अंक गंवाए हैं लेकिन उन्होंने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान बरकरार रखा है। छह बार के विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया ने रेटिंग अंकों के निर्धारण करने वाले समय में 21 में से 20 वनडे जीते जिससे उसे आठ अंकों का फायदा हुआ और उसके अब 160 अंक हो गए हैं। उसकी दूसरे नंबर पर काबिज भारत पर 39 अंकों की बढ़त खेल के किसी भी प्रारूप में (पुरुष और महिला) में सर्वाधिक है। आस्ट्रेलिया ने इस दौरान भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ 3–0 के अंतर से जीत दर्ज की और इससे पहले 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ 2–। से शृंखला जीती थी। दक्षिण अफ्रीका (107) चौथे स्थान पर है और उसने न्यूजीलैंड (94) पर 13 अंकों की बढ़त बनाई है। इनके बाद वेस्टइंडीज (85), पाकिस्तान (77), बांग्लादेश (61) और श्रीलंका (47) का नंबर आता है।

आखिरी चार ओवरों में कुछ भी संभव है : पोलार्ड

अबुधाबी। मुंबई इंडियंस के हरफनमौला कीरोन पोलार्ड ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ आईपीएल मैच में आखिरी 23 गेंद में 67 रन जोड़ने के बाद कहा कि उन्हें पता था कि अंतिम चार ओवर में कुछ भी संभव है। आपको हालात के अनुरूप खेलना है। गेंदबाजों को देखकर तय करना है कि हर ओवर में कितने रन बना सकते हैं। आज हार्दिक ने आकर अपनी ताकत दिखाई। हमें पता है कि आखिरी चार ओवर में कुछ भी संभव है।

मैंने वापसी कर ली है, पंजाब भी करेगा : कोटरेल

अबुधाबी। किंग्स इलेवन पंजाब के तेज गेंदबाज शेल्डन कोटरेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के अब तक के प्रदर्शन से निराश नहीं हैं और उन्होंने कहा कि जिस तरह से उन्होंने राहुल तेवतिया की आक्रामकता का शिकार होने के बाद वापसी की उसी तरह से उनकी टीम भी जल्द शानदार वापसी करेगी। कोटरेल ने गुरुवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की और 20 रन देकर एक विकेट लिया लेकिन रविवार को तेवतिया ने 18वें अपनी टीम को जीत दिलाई थी।

थीम व हालेप फ्रेंच ओपन में चौथे दौर में

भाषा। पेरिस



अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमीनिक थीम ने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में जगह बनाई जबकि महिला एकल में शीर्ष वरीय सिमोना हालेप भी सीधे सेटों में आसान जीत दर्ज करने में सफल रहीं। पिछले दो फ्रेंच ओपन फाइनल में रफेल नडाल के हाथों शिकस्त झेलने वाले तीसरे वरीय आस्ट्रिया के थीम ने कैस्पर को दो घंटे और 15 मिनट में 6–4, 6–3, 6–। से हराया। कैस्पर किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाने वाला नॉर्वे का सिर्फ दूसरा खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। उनके पिता और कोच क्रिस्टियन रूड नॉर्वे के पहले खिलाड़ी थे जिन्होंने किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई थी। क्रिस्टियन ने 1997 में आस्ट्रेलिया ओपन में यह उपलब्धि हासिल की थी। थीम ने ऐस के साथ जीत दर्ज की। आस्ट्रिया के 27 साल के खिलाड़ी ने पहले सेट में जल्द ही अपनी सर्विस गंवा दी थी जिससे कैस्पर ने 3–। की बढ़त हासिल की। थीम ने हालांकि इसके तुरंत बाद कैस्पर की सर्विस तोड़ दी। थीम ने 15 में से छह ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाया जबकि स्वयं आठ में से सात ब्रेक प्वाइंट बचाए। रोमानिया की हालेप को अमेरिका की 25वीं वरीय अमांडा एनिसिमोवा को हराने में अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। पिछले साल फ्रेंच ओपन में अमांडा के खिलाफ हार का सामना करने वाली हालेप ने सिर्फ 54 मिनट में 6–0, 6–। से जीत दर्ज करने चौथे दौर में प्रवेश किया। अमांडा ने हालेप के सात के मुकाबले 32 सहज गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा।

बोपन्ना पहले दौर में हारे, भारतीय चुनौती समाप्त

पेरिस। अनुभवी रोहन बोपन्ना के पुरुष युगल के पहले दौर मे हार जाने के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। बोपन्ना और कनाडा के डेनिस शापोवालोव की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी कनाडा के वासेक पोसपिसिल और अमेरिका के जैस सॉक के सामने खास चुनौती पेश नही कर पाई और 51 मिनट तक चले मैच मे 2-6, 2-6 से हार गई। बोपन्ना और शापोवालोव को दोनो सेट मे एक-एक बार ब्रेकप्वाइंट लेने का मौका मिला लेकिन वे इसका फायदा नही उठा पाए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी टीम ने दोनो सेट मे दो-दो ब्रेक प्वाइंट लिए। शापोवालोव को एकल मे पांच सेट तक चले मुकाबले मे स्पेन के राबर्टो कार्बलेस बिएना से 7-5, 6-7 (517), 6-3, 3-6, 8-6 से हारने के बाद युगल मैच खेलना पड़ा जिसका असर उनके खेल पर भी दिखा। इस कनाडाई खिलाड़ी ने एकल के बाद युगल मैच कराने पर आयोजकों को आड़े हाथो लिया।

पोलार्ड की शानदार फॉर्म हमारे लिए अच्छे संकेत: जहीर

अबु धाबी। मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी मेंटर जहीर खान ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत में ही कीरोन पोलार्ड की शानदार फॉर्म टीम के लिए शानदार संकेत हैं। जहीर ने मुंबई इंडियन्स के ट्विटर हैंडल पर डाले गए साक्षात्कार में कहा, उसका (पोलार्ड का) कैरेबिया (कैरेबियाई प्रीमियर लीग) में चल रहे टूर्नामेंट के साथ ही इस तरह की फॉर्म में होना शानदार है और उसने इस फॉर्म को जारी रखा है, जो काफी महत्वपूर्ण है और हम हमेशा उस पर भरोसा करते हैं।

फिट इंडिया अभियान में 10 करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया: रीजीजू

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि फिट इंडिया अभियान में अब तक 10 करोड़ से अधिक लोग हिस्सा ले चुके हैं जिसका लक्ष्य देश के लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाना है। रीजीजू सीआरपीएफ के दिव्यांग जवानों की साइकिल रैली की अगवानी के दौरान बोल रहे थे। यह रैली साबरमती आश्रम से दिल्ली पहुंची है।

वित्त मंत्रालय बजट तैयार करने की प्रक्रिया 16 अक्टूबर से करेगा शुरू

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय 2021–22 के लिए बजट बनाने की प्रक्रिया 16 अक्टूबर से शुरू करेगा। बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना में यह कहा गया।
नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह तीसरा बजट होगा। बजट में कोविड–19 संकट के कारण आर्थिक वृद्धि में गिरावट और राजस्व संग्रह में कमी जैसे मसलों से निपटने के उपाय करने होंगे। आर्थिक मामलों के विभाग के बजट इकाई के बजट परिपत्र (2021–22) के अनुसार, बजट पूर्वासंशोधित अनुमान (आरई) को लेकर बैठकें 16 अक्टूबर, 2020 से शुरू होंगी। परिपत्र में कहा गया है कि सभी वित्तीय सलाहकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिशिष्ट एक से सात में शामिल इन बैठकों से संबंधित सभी जरूरी ब्योरा यूबीआईएस (केंद्रीय बजट सूचना प्रणाली) के आरई मोड्यूल में शामिल किया जाए। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए बजट अनुमान को व्यय सचिव के अन्य सचिवों और वित्तीय सलाहकारों के साथ चर्चा पूरी होने के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।

अब सड़क हादसों में मदद से घबराएं नहीं, पुलिस पहचान बताने के लिए दबाव नहीं देगी

नई दिल्ली। अक्सर देखने में आता है कि सड़क किनारे कोई दुर्घटना हो जाती है और कोई मदद को आगे नहीं आता। इसकी वजह होती है कि ऐसे मामलों में मदद करने वाले को पुलिस द्वारा परेशान किया जाता है। लेकिन अब सरकार ने ऐसे नेक आदमी के संरक्षण के नियम बना दिए हैं। इसके चलते पुलिस अब ऐसे लोगों पर पहचान जाहिर करने का दबाव नहीं बना सकेगी। सरकार ने बृहस्पतिवार को मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम–2019 में एक नई धारा 134 (ए) को जोड़ा है। यह धारा सड़क हादसों के दौरान पीडि़तों की मदद के लिए आगे आने वाले नेक आदमी को संरक्षण प्रदान करती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ऐसे मददगार लोगों के संरक्षण के नियम जारी किए हैं। ऐसे लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। उनके साथ धर्म, राष्ट्रीयता, जाति और लिंग को लेकर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

सफल समाधान योजना पेश करने वाले को पीछे हटने की अनुमति नहीं दी जा सकती: एनसीएलएटी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कहा है कि कर्ज में फंसी कंपनी के लिए किसी आवेदक की समाधान योजना मंजूर हो जाती है, तब सफल बोलीदाता को पेशकश वापस लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अपीलीय न्यायाधिकरण की तीन सदस्ईय पीठ ने कहा कि समाधान प्रक्रिया की जो पवित्रता है, उसे बनाए रखना होगा और सफल बोलीदाता का पीछे हटना कंपनी ऋण शोधन समाधान की पूरी प्रक्रिया के लिए निराशाजनक है। इसके अलावा दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) में ऐसा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, जो किसी भी सफल समाधान आवेदन को यू टर्न की अनुमति देता है। कार्यवाहक चेयरमैन न्यायमूर्ति बीएल भट की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हमारा यह मानना है कि समाधान प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए।

लाभ : सितंबर में निर्यात 5.27 प्रतिशत बढ़ा

● व्यापार घाटा कम होकर 2.91 अरब डॉलर पर

भाषा। नई दिल्ली

देश के निर्यात में लगातार छह महीने की गिरावट पर विराम लग गया और सितंबर महीने में सालाना आधार पर यह 5.27 प्रतिशत बढ़कर 27.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान व्यापार घाटा कम होकर 2.91 अरब डॉलर पर आ गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार आलोच्य महीने में आयात 19.6 प्रतिशत घटकर 30.31 अरब डॉलर रहा। फलस्वरूप व्यापार घाटा 2.91 अरब डॉलर रह गया। व्यापार घाटा पिछले साल सितंबर में 11.67 अरब डॉलर और निर्यात 26.02 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही अप्रैल–सितंबर के दौरान निर्यात में 21.43 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह 125.06 अरब डॉलर रहा है। वहीं पहली छमाही में आयात 40.06 प्रतिशत घटकर 148.69 अरब डॉलर रहा है। सितंबर में जिन जिंसों के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है, उनमें लौह अयस्क 109.52 प्रतिशत, चावल 92.44 प्रतिशत, ऑयल मील 43.9 प्रतिशत, कालीन 42.89 प्रतिशत शामिल हैं। इसी तरह फार्मा निर्यात में 24.36 प्रतिशत, मांस, डेयरी और पॉल्ट्री उत्पादों के निर्यात में 19.96 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान कपासाधागाकपड़ामेडअप, हथकरघा उत्पादों में 14.82 प्रतिशत, तंबाकू का निर्यात 11.09 प्रतिशत, पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 4.17 प्रतिशत, इंजीनियरिंग सामान का 3.73 प्रतिशत, रसायन का 2.87 प्रतिशत और कॉफी का निर्यात 0.79 प्रतिशत बढ़ा। मंत्रालय ने कहा कि सितंबर में कच्चे तेल का आयात 35.92 प्रतिशत घटकर 5.82 अरब डॉलर रह गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कच्चे तेल का आयात 51.14 प्रतिशत घटकर 31.85 अरब डॉलर पर आ गया। आंकडों के अनुसार इस साल सितंबर में गैर–तेल आयात 14.41 प्रतिशत घटकर 24.48 अरब डॉलर रहा। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार पहली छमाही में गैर–तेल आयात 36.12 प्रतिशत घटकर 116.83 अरब डॉलर पर आ गया। सितंबर में सोने के आयात में 52.85 प्रतिशत की गिरावट आई। कोविड–19 महामारी और वैश्विक मांग में नरमी के कारण निर्यात वृद्धि में मार्च महीने से गिरावट जारी थी। निर्यात आंकड़े के बारे में निर्यातकों का शीर्ष संगठन फियो के अध्यक्ष शरद कुमार सर्राफ ने कहा कि 2020–21 में पहली बार मासिक निर्यात में सकारात्मक वृद्धि हुई है। यह पुनरूद्धार का संकेत है। लॉकडाउन पाबंदियों में धीरे–धीरे ढील दिए जाने से कारोबारी धारणा सुधरी है। इसके अलावा दुनिया भर में चीन विरोधी धारणा की वजह से निर्यात में सुधार हुआ है। व्यापार गतिविधियां और आर्थिक धारणा वैश्विक स्तर पर सामान्य होने की दिशा में बढ़ रही हैं। निर्यातकों को दुनिया भर से आर्डर मिलने शुरू हो गए हैं....।

विदेशी मुद्रा भंडार 3.017 अरब डॉलर घटकर 542.021 अरब डॉलर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह मे 3.017 अरब डॉलर घटकर 542.021 अरब डॉलर रह गया। इससे पूर्व के हफ्ते मे देश का विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार इस संबंध मे आंकड़े जारी किए। इससे पहले 18 सितंबर को समाप्त सप्ताह मे देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.378 अरब डॉलर बढ़कर 545.038 अरब डॉलर रहा था। समीक्षावधि मे विदेशी मुद्रा भंडार मे गिरावट की प्रमुख वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियो (एफसीए) मे कमी आना है। यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार का एक अहम अंग होता है। इस दौरान एफसीए 1.523 अरब डॉलर घटकर 499.941 अरब डॉलर रह गया। रिजर्वबैंक के आंकड़े दर्शाते है कि समीक्षाधीन सप्ताह मे देश का कुल स्वर्ण भंडार 1.441 अरब डॉलर कम होकर 35.999 अरब डॉलर रह गया।इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिला विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) एक करोड़ डॉलर घटकर 1.472 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ो के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास जमा देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी 4.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.608 अरब डॉलर रह गया।

श्रमिक संगठनों ने 26 नवंबर को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया

नई दिल्ली। श्रमिक संगठनो ने शुक्रवार को सरकार की नीतियो के खिलाफ 26 नवंबर को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया। दस केंद्रीय श्रमिक संगठनो और उनके सहयोगी संगठनो की घोषणा के अनुसार हड़ताल पर जाने का निर्णय दो अक्टूबर को लिया गया।

PUBLIC NOTICE
To be known to all that Late Smt. Harbans Kaur wife of Late Sardar Jagat Singh, was the owner of property bearing Plot No. D-38, measuring 333.33square yards, situated at Defence Colony, New Delhi, who expired on 02.01 1993 The original Lease Deed, Sanction letter, Sanction Building Plan,'D'Form, Occupancy certificate, Sale related Deed, Mutation letter and other related documents pertaining to above property have been lost. An N.C.R./F.I.R. to this effect has been lodged on 01.10.2020.Any person found in possession of original documents may write/contact with Mr. Harinder Singh at Flat No.1B,Green View Apartments, J3/1043, Ward No.8, Jain Mandir Dada Bari Road, Mehrauli,New Delhi or on Mobile: 9810014373 within 15 days from the date of publication of this notice.

BID NOTICE
Mann Technical Education Society, registered under Societies Registration Act 1860, wishes to dispose off approximately 5 acres of land located in Holumbi Khurd, in North Delhi. Sealed bids are invited from interested buyers for outright purchase of the said land within 7 days of publication of this advertisement. For site visit and inspection of documents, please call 9625951969, or send an email for scheduling appointment to consultant@dps.in. Queries on price will not be entertained and interested parties are expected to bid as per their own assessment and need. All bids should be accompanied by an Earnest Money Deposit of Rs. 100000/- Rupees (Rupees one lac only) issued in the form of a Demand Draft in favour of Mann Technical Education Society, and payable at par in Delhi. The EMD will be refunded in case of unsuccessful bids.
Mann Technical Education Society reserves the right to reject any or all the bids without assigning any reasons thereof.

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुव्वकिल श्रीमति नवनीत कौर जो कि सम्पूर्ण तृतीय तल, छत अधिकार सहित, सम्पत्ति नं. डी–77, खसरा नं. 445 और 456, गाँव, तिहाड़ फतेहनगर, नई दिल्ली श्रीमती सुनिता कौर से खरीद रही है, जिन्होंने विक्रय विलेख दिनांक 18.01.2020 के द्वारा स्वामित्व प्राप्त किया था। उक्त खसरा का खतौनी रिकॉर्ड और स्व. अमरीक सिंह का वारिश प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार को कोई दावा है तो वह व्यक्ति अपना दावा सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ नोटिश प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर पेश कर सकता है। उसके उपरान्त किसी भी प्रकार का कोई दावा मेरे मुव्वकिल पर बाध्यकारी नहीं होगा।
सी.के. झा (अधिवक्ता)
ई–524, कड़कड़डूमा कोर्ट,
दिल्ली–32 मो. 9811295674

ट्रंप को कोरोना संक्रमण की खबर के बाद शेयरों में गिरावट, कच्चा तेल फिसला

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलेनिया ट्रंप को कोविड–19 संक्रमण की खबरों के बाद अमेरिका शेयरों के वायदा कारोबार और एशियाई बाजारों में गिरावट आई। एसएंडपी 500 और डाउ इंडस्ट्रियल्स के वायदा अनुबंध दोनों कुछ समय तक के लिए दो प्रतिशत से अधिक नीचे आ गए। बाद में ए 1.4 प्रतिशत के नुकसान में कारोबार कर रहे थे। इसके अलावा कच्चे तेल के दाम भी तीन प्रतिशत से अधिक फिसल गए। ट्रंप ने ट्वीट कर अपने कोरोना वायरस से संक्रमित होने की जानकारी दी। इससे पहले व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारी होप हिक्स इस वायरस से संक्रमित पाए गए थे। हिक्स इस सप्ताह कई बार राष्ट्रपति के साथ यात्रा कर चुके हैं। एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट तथा हांगकांग के हैंगसेंग शुक्रवार को बंद थे। जापान का निक्की शुरुआती लाभ गंवाकर 0.7 प्रतिशत के नुकसान से 23,029.90 अंक पर आ गया।

भारत ने चीन से आयातित दो उत्पादों के खिलाफ डंपिंग रोधी जांच शुरू की

नई दिल्ली। भारत ने चीन से आयातित हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) ब्लेन्ड्स और डेकोर पेपर के मामले में डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने एचएफसी ब्लेंड्स और डेकोर पेपर की चीन से कथित डंपिंग की जांच शुरू की है। एचएफसी ब्लेंड्स का उपयोग वाणिज्यिक और घरों में लगनेवाले एयर कंडीशनर में होता है जबकि डेकोर पेपर का इस्तेमाल फर्नीचर, फ्लोर आदि पर किया जाता है।

सरकार ने डिस्प्ले पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया, महंगे होंगे मोबाइल फोन

नई दिल्ली। सरकार ने डिस्प्ले के आयात पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, इससे मोबाइल फोन के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ सकते है। इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने शुक्रवार को यह बात कही। डिस्प्ले असेंबली और टच पैनल पर यह शुल्क एक अक्टूबर से लगाए जाने का प्रस्ताव था। वर्ष 2016 में घोषित चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम (पीएमपी) के तहत उद्योग के साथ सहमति में इसे लगाने का प्रस्ताव किया गया था।

सात प्रमुख शहरों में जनवरी–सितंबर में नए घरों की आपूर्ति 60 प्रतिशत घटी: रिपोर्ट

नई दिल्ली। कोविड–19 महामारी की वजह से जनवरी से सितंबर की अवधि में देश के सात प्रमुख शहरों में नई आवासीय संपत्तियों या घरों की आपूर्ति में करीब 60 प्रतिशत की गिरावट आई है। महामारी की वजह से कमजोर मांग के चलते डेवलपर्स को नई परियोजनाओं की पेशकश की रफ्तार धीमी करनी पड़ी, जिससे आपूर्ति में कमी आई।

अमेरिका ने ओसामा के ठिकाने की जानकारी पाक से नहीं की थी साझा

भाषा। नई दिल्ली

अमेरिका ने विश्वास के अभाव और आतंकवादियों से जुड़े मामले में पिछले अनुभवों को ध्यान में रखते हुए ओसामा बिन लादेन के ठिकाने की जानकारी पाकिस्तान से साझा नहीं की थी। पूर्व अमेरिकी रक्षामंत्री एवं सीआईए के पूर्व प्रमुख लियोन पनेटा ने यह कहा है। पनेटा ने वियोन टीवी को दिए साक्षात्कार में कहा कि उन्हें इस बात पर यकीन करने में बहुत मुश्किल हुई कि पाकिस्तान में ऐसा कोई नहीं था, जिसे ओसामा बिन लादेन के एबटाबाद स्थित परिसर में होने की जानकारी नहीं थी। उल्लेखनीय है कि ओसामा बिना लादेन अमेरिका में सबसे वांछित आतंकवादी था और आतंकवादी संगठन अलकायदा का तत्कालीन सरगना था। अमेरिकी नौसना की सील टीम ने दो मई 2011 को एक गुप्त अभियान में उसे एबटाबाद के उसके परिसर में मार गिराया था। पनेटा ने कहा, जब हमें पाकिस्तान में उसके ठिकाने का पता चला, तब वह एबटाबाद में था। अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) के पूर्व प्रमुख पनेटा ने कहा कि जब कार्वाई की गई, तब यह परिसर अन्य परिसरों से तीन गुना बड़ा था, जिसकी चाहरदीवारी एक ओर 18 फुट और दूसरी ओर 12 फुट ऊंची थी और उसके ऊपर कंटीले तार लगे हुए थे। उन्होंने कहा, यह विश्वास करना मुश्किल है कि पाकिस्तान में ऐसा कोई नहीं था, जिसे इस परिसर की जानकारी नहीं थी। पनेटा ने कहा कि एक बार परिसर का पता चलने के बाद यह फैसला लेना था कि इसकी जानकारी पाकिस्तान से साझा की जाए या नहीं और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इस आधार पर फैसला लिया कि जैसे ही पाकिस्तान से आतंकवादी के ठिकाने की सूचना साझा की जाएगी उसे वह लीक कर देगा और अचानक ओसामा बिन लादेन गायब हो जाएगा। उन्होंने कहा, बहुत साफगोई से कहूं तो इस चिंता और विश्वास की कमी वजह से हमने पाकिस्तानियों को ओसामा के ठिकाने की जानकारी साझा नहीं की और हमने उन्हें अपने अभियान की जानकारी नहीं दी क्योंकि हमें डर था कि अगर हम ऐसा करते हैं तो ओसामा को वहां से चले जाने की सलाह दे दी जाती। पनेटा ने कहा, इसलिए हमारा मानना है कि हम ओसामा तक पहुंचने के मिशन में सफल हुए।

अमेरिका जाने की उम्मीद में ग्वाटेमाला सीमा पर पहुंचे होंडुरास के सैकड़ों प्रवासी

कोरिंतो। अमेरिका में दाखिल होने की उम्मीद लिए होंडुरास के सैकड़ों प्रवासियों का पहला जत्था पैदल चलकर बृहस्पतिवार सुबह ग्वाटेमाला सीमा पर पहुंच गया। इनमें से एक एडविन उमर मोलिनो (17) ने बताया कि वह काम ना मिलने की वजह से होंडुरास छोड़ रहे हैं। उन्होंने देश की इस हालत के लिए राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को जिम्मेदार ठहराया। मध्य अमेरिका के प्रवासियों ने सुरक्षा के लिए और कुछ मामलों में सीमा पार कराने के एवज में तस्करों की दी जाने वाली राशि से बचने के लिए हाल के वर्षों में बड़े समूहों में यात्रा करना शुरू किया है।

पाक में मीडिया की निगरानी करने वाली संस्था ने घोषित अपराधियों के भाषण पर रोक लगाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की निगरानी करने वाली संस्था ने भगोड़ों और घोषित अपराधियों के भाषण, साक्षात्कार या संबोधनों के प्रसारण और पुन: प्रसारण पर रोक लगा दी है। यह कदम लंदन में निर्वासन में रह रहे बीमार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा शक्तिशाली पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाते हुए दिए गए तीखे भाषण के बाद उठाया गया है। पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पेमरा) ने यह आदेश 70 वर्षीय शरीफ द्वारा पाकिस्तानी सेना को लगातार निशाना बनाने की घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए दिया है। शरीफ ने सेना पर नवीनतम हमला बृहस्पतिवार को टेलीविजन पर प्रसारित भाषण में किया जिसमें उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रधानमंत्री को सत्ता में लाने के लिए सेना ने 2018 में हुए चुनाव में धांधली की। मीडिया की निगरानी करने वाली संस्था ने शरीफ का साफ तौर पर संदर्भ देते हुए बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा, पेमरा को भगोड़े और घोषित अपराधी के भाषण को प्रसारित करने के लिए कई चैनलों के खिलाफ शिकायत मिली है।

ट्रम्प ने नियमों में बदलाव का विरोध किया, लेकिन बहस में होंगे शामिल

एपी। मॉरिसटाउन (अमेरिका)

अमेरिकी राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रम्प ने डेमोक्रेटिक पार्टी उम्मीदवार जो बाइडेन के साथ बचे दो राष्ट्रपति बहसों का नियम बदलने का विरोध किया है लेकिन उनके प्रचार की जिम्मेदारी निभा रहे लोगों ने कहा कि इसके वावजूद वह बहस में हिस्सा लेंगे।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को क्लीवलैंड में हुई पहली बहस में दोनों प्रत्याशियों के बीच, खासातौर पर ट्रम्प द्वारा की गई टोका-टाकी की वजह से अराजक स्थित उत्पन्न हो गई थी। राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के बीच बहस संचालित करने वाले निकाय कमिशन ऑन प्रेसिडेंशियल डिबेट्स ने बुधवार को कहा था कि उसका इरादा बाकी बची दो बहसों में व्यवस्थासुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त उपाय अपनाने का है।

मंगलवार को क्लीवलैंड में हुई पहली बहस में दोनों प्रत्याशियों के बीच खासातौर पर ट्रम्प द्वारा की गई टोका-टाकी की वजह से अराजक स्थित उत्पन्न हो गई थी

आयोग और ट्रम्प और बाइडेन के प्रचार प्रतिनिधियों ने दोनों उम्मीदवारों के बीच पहली बहस और संभावित बदलावों पर चर्चा करने के लिए बुधवार की सुबह बैठक की। कुछ संभावित बदलाव जिनपर चर्चा हुई, उनमें प्रांरभिक और समापन बयान और खुली चर्चा की अवधि कम करना शामिल है। रिपब्लिकन प्रत्याशी ट्रम्प ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया कि वह किसी भी बदलाव का विरोध करेंगे।

उन्होंने न्यूजर्सी में चुनाव के लिए कोष एकत्र करने के लिए अपने निजी गोल्फ क्लब में अभियान शुरू करने से पहले ट्वीट किया, क्यों मैं बहस आयोग को दूसरी और तीसरी बहस के नियमों को बदलने की अनुमति दूं जब पिछली बार मैंने आसानी से जीत दर्ज की।

पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प के पुन: निर्वाचन अभियान ने संकेत दिया कि ट्रम्प नियमों में बदलाव के बावजूद बाकी बहसों में हिस्सा लेंगे। चुनाव अभियान में संप्रेषण रणनीतिकार जैसन मिलर ने कहा, हम दूसरे और तीसरे बहस के लिए तैयार हैं। उसमें कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। हम बदलाव नहीं चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि अगली बहस 15 अक्टूबर को मियामी में होनी है।

चीन में थीम पार्क में आग लगने से 13 लोगों की मौत

भाषा। बीजिंग

चीन में आठ दिन के राष्ट्रीय अवकाश के पहले दिन एक थीम पार्क में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आपात प्रबंधन मंत्रालय ने बताया कि शांक्सी प्रांत के ताइयुआन शहर के बाहरी इलाके में बने ताईताईशन थीम पार्क में बृहस्पतिवार को बर्फ की लालटेन और बर्फ की मूर्तियों के एक प्रदर्शनी हॉल में आग लग गई। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि अन्य 15 लोग घायल हुए है, जिनकी हालत स्थिर है। इस छुट्टियों के दौरान लाखों लोगों के चीन में यात्रा करने की उम्मीद है, जिससे कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यवस्था के थोड़ा बेहतर होने की संभावना है। मंत्रालय ने बताया कि राज्य परिषद की कार्य सुरक्षा समिति मामले की जांच करेगी।

ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के मुख्यालय में एक मीडिया सम्मेलन में भाग लेते बाएं से, पोलैंड के प्रधानमंत्री माटेउसस मोरवीकी, लिथुआनिया के राष्ट्रपति गीतास नौसेदा, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, एस्टोनिया के प्रधानमंत्री जुरी रैटास और लात्विया के प्रधानमंत्री क्रिस्जानिस करिंस

संक्रमण की चपेट में आए नेताओं की सूची में अब ट्रम्प भी

एपी। जोहानिसबर्ग

कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कोविड-19 की चपेट में आए वैश्विक नेताओं के समूह में शामिल हो गए हैं।ट्रम्प 74 वर्ष के हैं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्याओं का खतरा है। कोरोना वायरस से संक्रमित विश्व के अन्य नेताओं की सूची इस प्रकार है:-

बोरिस जॉनसन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन विश्व के पहले बड़े नेता हैं,जो कोविड-19 से संक्रमित पाए गए थे। जॉनसन को अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद उन्हें अप्रैल में आईसीयू में भी रखा गया था।

अधिकारियों ने बताया कि उन्हें ऑक्सीजन दी गई थी, लेकिन उन्हें वेंटीलेटर की आवश्यकता नहीं थी। जॉनसन ने उनका जीवन बचाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया था।

जेयर बोलसोनारो

ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने उनके संक्रमित होने की जुलाई में घोषणा की थी और इस दौरान मलेरिया के लिए इस्तेमाल की जाने वाली हाइड्रोक्लोरोक्वीन की सार्वजनिक रूप पर प्रशंसा की थी। इस दवा को कोविड-19 के उपचार के तौर पर प्रचारित किया जा रहा था। बोलसोनारो ने स्वयं भी यह दवा ली थी।

जुआन ओरलैंडो हर्नांडेज

होंडुरास के राष्ट्रपति ने जून में घोषणा की थी कि वह और उनकी पत्नी उनके निकट काम करने वाले दो अन्य लोगों के साथ संक्रमित पाए गए है।

अलेजांद्रो गियामाटेई

ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति अलेजांद्रो गियामाटेई ने भी बताया कि वह सितंबर में संक्रमित पाए गए।उन्होंने कहा, मुझमें मामूली लक्षण हैं। अभी तक, मेरे शरीर में दर्द है, जैसा जुकाम में होता है। मुझे बुखार नहीं है और थोड़ी खांसी है।

जीनिन अनेज

बोलिविया की अंतरिम राष्ट्रपति जीनिन अनेज जुलाई में संक्रमित पाई गई थी, लेकिन उन्होंने कहा था कि वह स्वस्थ महसूस कर रही हैं।

लुइस एबिनडर

डोमिनिकन गणराज्य के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लुइस एबिनडर अपनी चुनाव प्रचार मुहिम के दौरान संक्रमित हुए थे। वह जुलाई में देश में चुनाव से पहले कई सप्ताह पृथक-वास में रहे थे।

ईरानी नेता

ईरान में कई शीर्ष अधिकारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। इनमें उपराष्ट्रपति (प्रथम) ईशाक जहांगीरी और उपराष्ट्रपति मासूमेह इब्तेकार शामिल है। कई कैबिनेट मंत्री भी संक्रमित पाए गए हैं।

फ्रांस में रेस्टोरेंट मालिक प्रदर्शन करते हुए

भारत कोविड-19 संकट के बाद

बेटियों के लिए समान दुनिया बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं: स्मृति

- ईरानी ने चौथे महिला वैश्विक सम्मेलन की 25वीं वर्षगांठ पर उच्चस्तरीय बैठक को किया संबोधित
- वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर का भी किया जिक्र

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है कि भारत सरकार ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं और देश महिलाओं एवं बेटियों के लिए कोविड-19 संकट के बाद समान एवं न्यायसंगत दुनिया बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है।

ईरानी ने चौथे महिला वैश्विक सम्मेलन की 25वीं वर्षगांठ पर उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए बृहस्पतिवार को कहा, संख्या के मामले में महिलाएं मानवता का आधा हिस्सा हैं, लेकिन समाज, राजनीति एवं अर्थव्यवस्था के सभी आयामों में उनका प्रभाव है। भारत में, हम हमारे विकास की यात्रा के सभी पहलुओं में लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण की अहमियत को समझते हैं। उन्होंने कहा, कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

इनमें वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर शामिल हैं, जो महिलाओं को एक छत के नीचे चिकित्सकीय, मनोवैज्ञानिक, कानूनी, पुलिस एवं आश्रय सुविधाएं मुहैया कराते हैं। ईरानी ने कहा कि विशेषकर गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और वंचित महिलाओं की वैश्विक महामारी के दौरान देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए राष्ट्रीय पोषण मिशन शुरू किया गया है ताकि भारत को 2022 तक कुपोषण मुक्त किया जा सके।

ईरानी ने महिलाओं और पुरुषों की समानता सुनिश्चित करने के लिए बीजिंग घोषणा पत्र एवं कार्य मंच के पूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, हमने चौथे महिला विश्व सम्मेलन में 25 साल पहले जो हासिल किया था, वह हमारे लिए अब भी प्रेरणास्रोत है और हमारा मार्गदर्शन कर रहा है।

बीजिंग घोषणा पत्र एवं कार्य मंच को 25 साल पहले पारित किया गया था। ईरानी ने कहा, भारत हमारे और हमारी बेटियों के लिए कोविड-19 के बाद न्यायसंगत एवं समान दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भारत समावेशी विकास एवं बड़े सुधारों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जो मिलकर परिवर्तनकारी बदलाव ला रहे हैं। ईरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व में विकास की ओर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय सरकार में महिलाओं के लिए सीटों के आरक्षण ने सुनिश्चित किया है कि 13 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि सामुदायिक स्तर पर लैंगिक आधार पर संवेदनशील सार्वजनिक नीतियां बनाने एवं उनके क्रियान्वयन में नेतृत्व कर रही हैं।

ब्रिटेन में भारतीय मूल के दुकानदार पर प्रतिबंध

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय मूल के किराना दुकान मालिक को गलत आयकर रिटर्न भरने की वजह से छह साल तक किसी भी कंपनी में निदेशक पद धारण करने पर रोक लगा दी गई है। प्रतीक कुमार पटेल ने अयोग्य ठहराने के फैसले को स्वीकार कर लिया गया है, जिसमें अदालती प्रक्रिया नहीं होती है। कंपनी का निदेशक रहते हुए अपनी जिम्मेदारी के प्रति पूरी तरह से अनादर दिखाने पर ब्रिटिश दिवालिया सेवा द्वारा यह कार्वाई की गई। दिवालियापन सेवा के दिवालिया जांच के उप प्रमुख लॉरेंस जुसमैन ने बृहस्पतिवार को कहा, छह साल का प्रतिबंध पटेल की कॉरपोरेट क्षेत्र में कार्य करने की क्षमता को प्रतिबंधित करेगा और यह अन्य निदेशकों के लिए चेतावनी होनी चाहिए जो सोचते हैं कि वे अपनी मर्जी से कुछ भी कर सकते हैं। आर के पटेल ऐंड संस (यूके) लिमिटेड की स्थापना मई 2015 में की गई थी और इसे दक्षिण पूर्व इंग्लैंड के हैम्पशायर शहर के नॉउले में साउथ स्क्वॉयर पर स्थित किराना दुकाना का कारोबारा संभाला था।

छह प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी गरीबी रेखा से नीचे: रिपोर्ट

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका में रह रहे 42 लाख भारतीय-अमेरिकियों में से करीब 6.5 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं और कोविड-19 महामारी की वजह से समुदाय में गरीबी बढ़ने की आशंका है। यह तथ्य हाल में हुए एक शोध में सामने आया है।जॉन हॉपकिंस स्थित पॉल नीत्ज स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज के देवेश कपूर और जश्न बाजवात द्वारा भारतीय-अमेरिकी आबादी में गरीबी विषय पर किए गए शोध के नतीजों को बृहस्पतिवार को इंडियास्पोरा परोपकार सम्मेलन-2020 में जारी किया गया।कपूर ने कहा कि बंगाली और पंजाबी भाषी भारतीय अमेरिकी लोगों में गरीबी अधिक है। उन्होंने कहा कि इनमें से एक तिहाई श्रम बल का हिस्सा नहीं हैं जबकि करीब 20 प्रतिशत लोगों के पास अमेरिकी नागरिकता भी नहीं हैं।इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी ने कहा, इस रिपोर्ट के साथ, हम सबसे अधिक वंचित भारतीय अमेरिकियों की अवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। रंगास्वामी ने कहा, कोविड-19 के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए यह उचित समय है कि आमतौर पर सम्पन्न मानेजाने वाले हमारे समुदाय में मौजूद गरीबी के प्रति जागरूकता पैदा की जाए और इस मुद्दे को उठाया जाए। हमें उम्मीद है कि इस रिपोर्ट से इस विषय की ओर ध्यान आकर्षित होगा और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। कपूर के मुताबिक अध्ययन से भारतीय अमेरिकी समुदाय में दरिद्रता की विस्तृत स्थिति का पता चला है। हालांकि, श्वेत, अश्वेत और हिस्पैनिक अमेरिकी समुदाय के मुकाबले भारतीय अमेरिकियों के गरीबी का सामना करने की संभावना कम है।

86 प्रदर्शनकारियों को हांगकांग पुलिस ने गिरफ्तार किया

हांगकांग। हांगकांग पुलिस ने चीन के राष्ट्रीय दिवस पर अनधिकृत रूप से एकत्र होने के शक में कम से कम 86 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह कदम खरीदारी के लिए मशहूर एक जिले और अन्य इलाकों की सड़कों पर भीड़ के एकत्र होने और लोकतंत्र समर्थक नारे लगाने पर उठाया। पुलिस ने फेसबुक पर जारी बयान में कहा कि गिरफ्तार लोगों में चार जिला काउंसलर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है कि उन्होंने बृहस्पतिवार को भीड़ नहीं लगाने की चेतावनी को बार-बार नजर अंदाज किया। गौरतलब है कि लोगों से प्रदर्शन में शामिल होने की ऑनलाइन अपील की गई थी और हांगकांग के कॉसवे बे शॉपिंग जिले में भीड़ एकत्रित होने लगी। जिन पर हांगकांग की सरकार ने अलगावावादी भावना बढ़ाने वाला करार देकर रोक लगाई है। कॉसवे बे में बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इजरायल में लॉकडाउन के नियमों के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग, विरोध में किया प्रदर्शन

शो 'इंडिया वाली मां' में देखिये मां का एक अनोखा रूप

सोनी एंटरटेन्मेंट टेलिविज़न के नए शो 'इंडिया वाली मां' में दिखाया गया है कि भारतीय मां वास्तव में ममता का ही मूर्त रूप ही होती है। उसका प्यार चिरस्थायी और निरंतर बना रहता है। शो में सुचित्रा त्रिवेदी- काकू, नितेश पांडे- हंसमुख, अक्षय म्हात्रे- रोहन और शीन दास, चिनम्मा बने हैं जबकि वंदना लालवानी इसमें वसुंधरा की भूमिका का निर्वाह कर रही हैं।

'मुझे उनकी वेशभूषा बहुत अच्छी लगी थी और इस भूमिका के लिए ऑडिशन देते समय भी मैं एक कांजीवरम साड़ी और गजरा लगा कर आई थी और इस बात को सभी ने पसंद किया था। हेमा और श्रीदेवी जी की फिल्मों से मैंने उच्चारण सीखा और फिर मैंने अपनी ओर से चरित्र को पूरी जीवंतता से निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

वंदना लालवानी इस शो पर एक कन्नड़ महिला का चरित्र निभा रही हैं लेकिन ये भी सत्य है कि वो एक लंबे कालखंड के बाद किसी शो पर वापसी कर रही हैं। वो चिनम्मा की सौतेली मां बनी हैं। अपने चरित्र के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'जैसे ही मुझे मेरे चरित्र के बारे में पता चला मैं वास्तव में बहुत उत्साहित हो गई थी क्योंकि मुझे कन्नड़ संस्कृति से बहुत लगाव है। यद्यपि मेरे लिए चिनम्मा की सौतेली मां का चरित्र निभाना बड़ी चुनौती थी क्योंकि वो संस्कृति से परिचित भी नहीं थी लेकिन उन्होंने इस भूमिका को पूरी प्रामाणिकता से निभाया है और उनके अभिनय को सभी ने बहुत सराहा है।'

आगे बताते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे उनकी वेशभूषा बहुत अच्छी लगी थी और इस भूमिका के लिए ऑडिशन देते समय भी मैं एक कांजीवरम साड़ी और गजरा लगा कर आई थी और इस बात को सभी ने पसंद किया था। हेमा और श्रीदेवी जी की फिल्मों से मैंने उच्चारण सीखा और फिर मैंने अपनी ओर से चरित्र को पूरी जीवंतता से निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

इसके अलावा वासु एक ऐसा चरित्र है जो शो में हास्य का पुट लेकर आता है। मुझे आशा है कि शो को दर्शकों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।'

'बालवीर रिटर्न्स' में आया नया मोड़

सोनी सब का फंतासी आधारित शो 'बालवीर रिटर्न्स' के आगामी एपिसोड्स में आपको कुछ अप्रत्याशित मोड़ आते दिखाई देंगे और आप इसे देखते ही रह जाएंगे। शिंकाई के नए गिरोह द्वारा लगभग मार दिये जाने के बाद विवान तथा बालवीर विवान के हमलावरों की खोज करते हैं। दर्शकों को इस खोज के दौरान अत्यंत रोचक दृश्य देखने को मिलने वाले हैं क्योंकि बालवीर और उनकी टीम धरती को मिलने वाली चुनौती का पता लगाने के और निकट पहुंच जाते हैं।

विवान को बचाने के क्रम में बालवीर चोटिल हो जाता है और स्टेज पर गिर जाता है। अवसर का लाभ उठाते हुए मिल्सा बालवीर के रक्त से प्लाज़्मा का एक सैंपल लेकर तौबा तौबा के माध्यम से बांबाल भिजवा देती है। बालपरी बालवीर को श्राप दे देती है और उसे पता चलता है कि मिल्सा द्वारा उसके रक्त से प्लाज़्मा का सैंपल लिया गया है तो वो इस रहस्य से परदा उठाती है कि बालवीर के रक्त की एक बूंद भी बहुत शक्तिशाली साबित हो सकती है और यदि ये गलत हाथों में पड़ जाए तो भूचाल आ सकता है। अब इसे रोकने के लिए बालवीर विवान और बालपरी मिल्सा की खोज आरंभ करते हैं। उनकी टीम उसके काफी निकट पहुंचने में सफल हो जाती है। वो अंत में बांबाल की निष्ठावान मिल्सा को पकड़ने में सफल हो जाते हैं।

बालवीर और विवान मिल्सा को प्रताड़ित कर उससे जानने का प्रयास करते हैं कि उनकी टीम में कौन कौन है और धरती पर आने का उनका उद्देश्य क्या है। दूसरी ओर बांबाल को मिल्सा के पकड़े जाने का पता चल जाता है और उसे डर सताने लगता है कि अब उसका रहस्य उजागर हो जाएगा।

तो क्या बालवीर मिल्सा से ये राज उगलवाने में सफल हो जाएगा? बालवीर और विवान का अगला कदम क्या होगा?

बालवीर का रोल कर रहे देव जोशी बताते हैं, 'वीरलोक ने मिल्सा को अंततः पकड़ ही लिया है तो अब बालवीर के अगले कुछ एपिसोड्स में रोचकता और भी बढ़ जाएगी। पूरा सप्ताह तो डांस और धमाल से भरा रहा और अंत आते आते ये रोचक कहानी देखने को मिली।

हमारे दर्शकों को इस शो में आगे और भी रोचक कहानी देखने को मिलने वाली है क्योंकि बालवीर और उसके साथियों ने एक प्रमुख खलनायिका को पकड़ने में सफलता हासिल की है। अनाहिता, सोएब तथा अन्य के नृत्य वाले सीक्वेंस रोचक बन पड़े है। हमारे लिए ये बिलकुल नया अनुभव था और हम इसे बिसरा नहीं सकते। हम यही कहना चाहते हैं कि बालवीर रिटर्न्स, के आगे के अंकों में भी आपको ऐसी ही रोचकतापूर्ण कहानी देखने को मिलती रहेगी।'

श्वेता खंडूरी मिल्सा का रोल कर रही हैं। उन्होंने बताया, 'किसी नकारात्मक भूमिका को निभाना चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन मिल्सा का रोल करने से मैं प्रसन्न हूं। उसका चरित्र कई विशेषताओं से भरा है। वो क्रूर, स्मार्ट तथा त्वरित गति वाली है। आगे के अंकों में मिल्सा को आप शिंकाई के बड़े मिशनों को पूरा करते देखेंगे। दर्शकों के लिए ये देखना रोचक होगा कि वो अपने साथियों की रक्षा किस प्रकार करती है। इसकी शूटिंग के दौरान हमनें बहुत परिश्रम किया है और आशा है कि दर्शक इसका पूरा आनंद ले पाएंगे। आगे हम दर्शकों के लिए और भी आश्चर्यजनक कारनामें करने वाले हैं।'

न्यूज़ीलैंड ने भारतीय यात्रियों से प्रेम, उम्मीद व प्रोत्साहन के संदेश साझा किए

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड पर्यटन ने आज स्टीवन डिक्सन, न्यूजीलैंड पर्यटन के क्षेत्रीय व्यापार के लिए विपणन प्रबंधक, एशिया एवं भारत में न्यूजीलैंड के उच्चायुक्त, माननीय, डेविड पाईन की मौजूदगी में 'न्यूजीलैंड से संदेश' अभियान प्रस्तुत किया। 'न्यूजीलैंड से संदेश' में न्यूजीलैंडवासी अपने अंतर्राष्ट्रीय वेनाउ यानि परिवार के साथ उम्मीद व देखभाल के वीडियो साझा कर रहे हैं, जिनमें वो इस बारे में किवी का अद्वितीय दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहे हैं कि वो किसे ज्यादा जरूरी मानते हैं। इस अभियान में उन स्थानीय लोगों को दिखाया गया है, जो सकारात्मकता व प्रोत्साहन द्वारा मनाकितंगा (मेजबानी) एवं कैतियकितंगा (जमीन के लिए देखभाल) के मूल्यों के समाहित करते हैं। इनमें परिवार, दोस्तों व प्रियजनों की उदारता एवं दयालुता के संपूर्ण संदेश समाहित हैं। इस फिल्म में पूछा गया है, ''यदि आप दुनिया को कोई एक काम करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, तो वह काम क्या होगा?'', न्यूजीलैंडवासियों ने इस प्रश्न के लिए दिल को छूने वाले उत्तर दिए। श्रेय - न्यूजीलैंड पर्यटन जवाब थे, 'एक दूसरे को ध्यान से सुनना', 'धरती पर प्रदूषण न करना', 'सकारात्मक रहना', 'शानदार यादें बनाना' एवं 'अनजान से बात करना और उनसे पूछना वे कैसे हैं' आदि। भारत में यह अभियान चलाने के लिए न्यूजीलैंड पर्यटन ने अपने भारतीय वेनाउ यानि परिवार के साथ साझेदारी करेगा, जिनमें वो प्रभावशाली लोग शामिल हैं, जो न्यूजीलैंड से प्यार करते हैं।

रणधीर कपूर ने खोले स्मृतियों के झरोखे

ज़ी टीवी पर चल रहे गायन पर आधारित लोकप्रिय शो सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स अब दर्शकों के बीच अपना स्थान बनाने में सफल होता जा रहा है और इसका एक प्रमुख कारण उसमें प्रतिभागियों द्वारा दी गई अद्भुत परफार्मेंस।

अमोल पालेकर और अन्नु कपूर के साथ 80 के दशक की फिल्मों को गानों का विषय बनाने के बाद अब रणधीर कपूर को लेकर पुरानी फिल्मों का जादू बरकरार रखने का प्रयास कर रहा है। आगे आने वाले एपिसोड में अब प्रतिभागियों को इन फिल्मों के गानों पर अपनी परफॉर्मेंस देनी होगी। उधर रणधीर कपूर कार्यक्रम में अपनी फिल्मों के कुछ किस्से सुनाएंगे जिससे कार्यक्रम और भी रुचिकर बन सकेगा।

शीर्ष 7 प्रतिभागियों द्वारा अद्भुत प्रदर्शन करने के बाद रनिता और आर्यानंद को फिल्म हिना का गाना 'देर न हो जाए कहीं देर न हो जाए' पर उनके प्रदर्शन के लिए सभी ने सराहना की। दरअसल इसी प्रदर्शन को देखकर रणधीर कपूर को अपने भाई ऋषि कपूर के साथ के कुछ किस्से याद आ गए जिन्हें सुनाकर वो स्वयं भावुक हो गए। इस फिल्म के कई रोचक किस्से सुनाने के बाद उन्होंने एक और रहस्य पर से परदा उठाया कि वास्तव में ये फिल्म राजकपूर के सपनों का प्रोजेक्ट थी। रणधीर कपूर ने आगे बताया, 'हिना वास्तव में राजकपूर की खोज थी और राजकपूर उन्हें लेकर वर्षों से फिल्म बनाने की सोच रहे थे। उनकी दुखद मृत्यु के बाद जब हमनें इस फिल्म को बनाने का निर्णय किया तो हमनें भी हिना को ही इसका केन्द्रीय पात्र बनाए रखा। वास्तव में तो हमने केवल ज़ेबा बख्तियार से मिलने और उन्हें फिल्म में काम करने के लिए मनाने हेतु पाकिस्तान की यात्रा भी की जो उस समय बहुत बड़ी बात थी। फिल्म के लिए कलाकारों का चयन हमारे लिए बड़ी समस्या थी लेकिन हमनें किसी प्रकार ये काम पूरा किया और फिल्म की शूटिंग को प्रारंभ किया।'

इसके अलावा इस गाने के बारे में बताते हुए रणधीर ने कहा, 'हमारे पिता समय के अत्यत पक्के व्यक्ति थे लेकिन ऋषि और मैं स्वयं वैसे नहीं थे। जब हम छोटे थे तो ऋषि सदैव विलंब करता था जब पापा पूछते थे तो वो कहता था, 'मैं देर करता नहीं देर हो जाती है। और इसके बाद तो ये वाक्य हमारा प्रिय वाक्य बन गया था। इस गाने 'देर न हो जाए कहीं देर न हो जाए' में ऋषि की वो लाइन 'मैं देर करता नहीं हो देर हो जाती है' भी शामिल की गई है। ये गाना फिल्म के चरमबिंदु पर गाया गया है। अत: ये हमारे हृदय में विशेष स्थान रखता है।'

अपने जीवन की अन्य स्मृतियों को साझा करते हुए रणधीर कपूर दूसरे जजों, जुरी और प्रतिभागियों को आश्चर्यचकित करते रहेंगे। इसी शो में एक प्रतिभागी तनिष्का ऋषि के गाने 'डफली वाले डफली बजा' पर रोचक प्रस्तुति दी। जबकि एक अन्य प्रतिभागी ज़ैद अली ने उनके गाने 'है अगर दुश्मन' गाकर लोगों को प्रभावित किया। कुल मिलाकर सा रे गा मा पा लिटिल चैंम्स, शो के एपिसोड्स में दर्शकों को कई सुरीले गाने, अभिनेताओं की स्मृतियां और दूसरे आश्चर्य देखने को मिलेंगे।'

गूगल ने महात्मा गांधी से प्रेरित पोस्टकार्ड की ऑनलाइन प्रदर्शनी शुरू की

भाषा। नई दिल्ली

महात्मा गांधी की 151 वीं जयंती पर उनकी शिक्षाओं से प्रेरित होकर, गूगल कला एवं संस्कृति ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन प्रदर्शनी बी द वॉयसेस ऑफ़ चेंज वाया पोस्टकार्ड्स (पोस्टकार्ड के माध्यम से बदलाव की आवाज बनिए) शुरू की। इस आनलाइन प्रदर्शनी का आयोजन कोच्चि स्थित गैर-लाभकारी लेटरफार्म्स के सहयोग से किया गया है। इसका उद्देश्य हाथ से तैयार पोस्टकार्ड पर लिखे या पेंट किए गए संदेशों के माध्यम से लोगों को बदलाव के लिए प्रेरित करना है। इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित पोस्टकार्ड द्वारा आम नागरिकों के परिवर्तनकारी विचारों को चित्रित किया गया है। इन पोस्टकार्ड को लेटरफार्म्स द्वारा राष्ट्रव्यापी चेंज 150 सामुदायिक कला परियोजना के माध्यम से चुना गया है। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय महत्व के विषयों जैसे समानता , शिक्षा , राष्ट्र , शासन , स्वास्थ्य , सामुदायिक कार्वाई , महिला सशक्तीकरण , पर्यावरण , अधिकार और मानवता पर चीजें प्रदर्शित की गई हैं। गूगल कला एवं संस्कृति दो अक्टूबर से अगले नौ सप्ताह प्रत्एक शुक्रवार को एक प्रदर्शनी शुरू करेगी।इस योजना के तहत पहली प्रदर्शनी गांधी जयंती पर बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम द्वारा समानता विषय पर शुरू की जाएगी। लेटरफार्म्स के सह-संस्थापक साजी मैथ्यू ने कहा, पोस्टकार्ड पर हस्तलिखित परिवर्तनकारी विचार भविष्य में हमारे समाज एवं हमारे देश के लिए भारत के लोगों द्वारा अपनी दृष्टि को स्पष्ट करने वाले सामूहिक आवाजों से कम नहीं हैं। यह जाति, पंथ, संस्कृति और आर्थिक स्थिति से परे सामान्य भारतीय से आते हैं।

महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर बुर्ज खलीफा उनके चित्र प्रदर्शित करेगा

भाषा। दुबई

संयुक्त अरब अमीरात का बुर्ज खलीफा महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर उनके चित्र प्रदर्शित करेगा। यह जानकारी सोमवार को मीडिया की खबरों में दी गई। गल्फ न्यूज ने दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास के ट्वीट का हवाला देते हुए खबर दी है कि बुर्ज खलीफा पर गांधी के चित्र उनके संदेशों के साथ शुक्रवार रात करीब सवा आठ बजे प्रदर्शित किए जाएंगे।

दो अक्टूबर को गांधी जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। महात्मा गांधी की अहिंसा की नीति के कारण ही भारत को 1947 में अंग्रेजी हुकूमत से आजादी मिली थी। खबर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के एक अधिकारी के हवाले से बताया गया, वाणिज्य दूतावास के सोशल मीडिया पेज पर बुर्ज खलीफा में आयोजित होने वाले गांधी पर आधारित विशेष शो को दिखाया जाएगा। इसके लिए हम एम्मार प्रोपर्टीज का आभार जताते हैं।

बापू कुटीर में आंगुतकों को 1936 में महात्मा गांधी के भाषण की प्रतियां मिलीं

कोविड-19 महामारी के चलते मार्च के अंतिम सप्ताह से ही बंद इस स्थान को महात्मा गांधी की 151 वीं जयंती के मौके पर आंगुतकों के लिए खोला गया है।

वर्धा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शुक्रवार को यहां बापू कुटीर में आंगुतकों को महात्मा गांधी द्वारा 84 साल पहले दिए गए भाषण की मुद्रित प्रतियां बांटी गईं। बापू कुटीर एक ऐसी छोटी कुटिया है जहां महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महाराष्ट्र के वर्धा के सेवाग्राम में रहते थे। अब यह पर्यटकों का आर्कषण केंद्र बन गया है और इस स्थान पर नियमित रूप से गांधीवादी आते रहते हैं। कोविड-19 महामारी के चलते मार्च के अंतिम सप्ताह से ही बंद इस स्थान को महात्मा गांधी की 151 वीं जयंती के मौके पर आंगुतकों के लिए खोला गया है। हर साल सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठान गांधी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम करता है लेकिन इस बार महामारी के कारण किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है और सादा कार्यक्रम रखा गया है। हालांकि आश्रम प्रबंधन ने शुक्रवार को बापू कुटीर को आंगुतकों के लिए खोलने का निर्णय लिया। आश्रम के सचिव मुकुंद म्हास्के ने कहा, हम बापू कुटीर में एक वक्त में बस पांच व्यक्तियों को इजाजत दे रहे हैं। आंगुतकों को राज्य सरकार के कोविड-19 नियमों का पालन करना होगा। इस साल आश्रम प्रबंधन ने महात्मा गांधी द्वारा सेवाग्राम में पहली बार 30 अप्रैल, 1936 को आने पर दिए गए भाषण की प्रतियां छपवाईं। उन दिनों यह शेगांव नाम से जाना जाता था और बाद में उसका नाम बदलकर सेवाग्राम कर दिया गया।